University Literature Number

विश्वविद्यालय वाङ्मय विशेषांक

त्रै मा सि क

शब्दावली पत्रिका

SHABDAVALI PATRIKA

QUARTERLY JOURNAL OF TERMINOLOGY

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

Commission for Scientific & Technical Terminology, Ministry of Education, Government of India

त्रैमासिक
शब्दावली पत्रिका

सम्पादकीय सलाहकार मण्डल

SHABDAVALI PATRIKA

Quarterly Journal of Terminology

Editorial Advisory Board

त्रैमासिक
शब्दावली पत्रिका
वर्ष : 1 अंक : 2-3

Quarterly Journal of Terminology
Shabdavali Patrika
Vol. 1 No. 2-3

विषय - सूची

21. वाणिज्य
22. शिक्षा
23. समाज-विज्ञान
24. समालोचना

मूल्य		Subscription Rates	
प्रति अंक :	रु० 1.00	Single copy	Re. 1/-
वार्षिक :	रु० 4.00	Yearly	Rs. 4/-

यह पत्रिका वर्ष में चार बार जनवरी-मार्च, अप्रैल-जून, जुलाई-सितम्बर, और अक्तूबर-दिसम्बर में प्रकाशित की जाती है।

The journal is published four times a year in January-March, April-June, July-September, October-December

चन्दा, विज्ञापन और लेखों के सम्बन्ध में सभी प्रकार का पत्र-व्यवहार नीचे लिखे पते पर करें :

All correspondence regarding subscriptions, advertisements and contributions may be addressed to :

अध्यक्ष,
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग शिक्षा मंत्रालय,
भारत सरकार,
7, वेस्ट ब्लाक,
रामकृष्णपुरम,
नई दिल्ली-22।

The Chairman,
Commission for Scientific and Technical Terminology,
Ministry of Education,
Government of India.
West Block VII,
Ramakrishnapuram,
New Delhi-22

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
द्वारा प्रकाशित कुछ पुस्तकें

इंजीनियरी	रु०	Engineering
□ प्राथमिक सूक्ष्मदर्शीय खनिज विज्ञान लेखक—सुधाकर मोतीराम चौधरी	Rs. 6.00	Prathmik Sookshma Darshiya Khanijvigyan (Elementary Mineralogy; Author : Sudhakar Motiram Chowdhry
वैद्युत औद्योगिकी, भाग I लेखक : एच० काटन	7.75	Vaidyuta Audyogiki (Electrical Technology) Part I Author : H. Cotton
आधुनिक सर्वेक्षण, भाग I लेखक : प्रीतम दास बूलचन्द साहनी	6.25	Audhunik Sarvekshan (Modern Surveying) Part I; Author : Pritam Das Boolchand Sawhney;
निर्माण सामग्री लेखक : प्रो० आर० एस० देशपाण्डे	5.50	Nirman Samagri (Materials of Construction); Author : Prof R. S. Deshpande
गणित		**Mathematics**
□ शुद्ध घन ज्यामिति प्रवेशिका लेखक : जी० एस० महाजनी	4.15	Shuddha Ghan Jyamiti Praveshika (Textbook of Pure Solid Geometry) Author : G. S. Mahajani
□ समीकरण सिद्धान्त लेखक : डा० श्रीराम सिन्हा	5.35	Samikaran Siddhant (Theory of Equations); Author : Dr. Shri Ram Sinha
बीजगणित लेखक : डब्ल्यू० एल० फेरर	9.00	Beejganit (Algebra) Author : W. L. Ferrar
भौतिकी		**Physics**
□ अर्धचालक और उनके उपयोग लेखक : ए० एफ० योफी	3.75	Ardhachalak Aur Unke Upyoga (Semi Conductors and Their Uses) Author : A. F. Yoffee
□ अश्रव्य ध्वनियां लेखक : कुदरायावस्तेव	4.80	Ashravya Dhwaniyan (Sound We cannot Hear) Author : Kudrayavastev
□ उल्काएं लेखक : वी० फेडनिस्की	2.60	Ulkayen (Meteors) Author : V. Fednisky

□ **अंकित पुस्तकें प्रबन्धक, प्रकाशन शाखा, भारत सरकार, सिविल लाइन्स दिल्ली-6 से और अन्य पुस्तकें वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, वेस्ट ब्लाक VII, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-22 से प्राप्त की जा सकती हैं।**

अखिल भारतीय शब्दावली

वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में समान शब्दावली अनिवार्य रूप से अपेक्षित ही नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और छात्रों, शिक्षकों तथा व्यावसायिक कार्यकर्त्ताओं के देश के विभिन्न भागों में कार्य करने की दृष्टि से भी आवश्यक है। सितम्बर, 1968 में, नयी दिल्ली में भारतीय भाषाओं के विकास के लिए राज्य-शिक्षा अधिकारियों का सम्मेलन हुआ था, जिसमें इस आवश्यकता पर विशेष रूप से जोर दिया गया था। सम्मेलन में केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री ने यह विचार व्यक्त किया कि छात्र अंग्रेजी नहीं समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक छात्रों को उनकी मातृ-भाषा में पढ़ायेंगे तो कक्षा में छात्र प्रश्न पूछेंगे; शिक्षकों से अपेक्षा की जायेगी कि वे विषय में पूर्णत: दक्ष हों और उन्होंने विषय का गहन अध्ययन किया हो।

इस सम्मेलन का आयोजन वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के स्थायी आयोग ने किया था। इसका उद्देश्य आयोग द्वारा निर्मित शब्दावली का विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुकूलन अथवा अंगीकरण की विधि और साधनों पर विचार करना था। इस आयोग की स्थापना 27 अप्रैल 1960 के राष्ट्रपति-आदेश के अधीन हुई थी। उसमें निदेश था कि शब्दावली-निर्माण में स्पष्टता, संक्षिप्ति और सरलता को मुख्य लक्ष्य रखा जाय; उपयुक्त विषयों में अन्तर्राष्ट्रीय शब्दावली का अनुकूलन अथवा अंगीकरण किया जाए; शब्दावली निर्माण में सभी भारतीय भाषाओं में यथासम्भव शब्दावली की अधिकाधिक समरूपता पर ध्यान दिया जाय, तथा राज्यों और केन्द्र में हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के शब्दावली-निर्माण के प्रयासों के समन्वय की समुचित व्यवस्था की जाए। यह भी निदेश था कि विज्ञान और टेकनोलोजी के क्षेत्र में समस्त भारतीय भाषाओं में यथासम्भव एकरूपता हो और निर्मित शब्दावली अन्तर्राष्ट्रीय अथवा अंग्रेजी शब्दावली के अधिकाधिक निकट हो। आयोग इस क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा किये जाने वाले कार्य का पर्यवेक्षण करे और समस्त भारतीय भाषाओं के लिए प्राधिकृत शब्दावलियाँ प्रकाशित करे। अन्ततः आयोग को वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के क्षेत्र में किये गये कार्यों की समीक्षा और हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में शब्दावली-निर्माण और उनके समन्वय-सम्बन्धी सिद्धान्तों के निर्माण का कार्य सौंपा गया। राज्यों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों का, उन संस्थाओं की सहमति से समन्वय करने का कार्य भी आयोग को सौंपा गया। सम्बद्ध संस्थाओं द्वारा हिन्दी अथवा अन्य भारतीय भाषाओं में प्रयुक्त करने के लिए प्रस्तुत की जाने वाली शब्दावली को स्वीकृत करने का कार्य

भी आयोग को दिया गया। जिन शब्दावलियों को आयोग निर्मित करे अथवा स्वीकृति दे, उनके प्रयोग से, मानक वैज्ञानिक-ग्रंथों तथा वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दकोशों का निर्माण और विदेशी भाषाओं के वैज्ञानिक-ग्रंथों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने का कार्य भी आयोग को सौंपा गया।

आयोग ने अब तक अंग्रेजी के दो लाख शब्दों के हिन्दी पर्याय निश्चित कर लिए हैं। ये पर्याय भौतिकी, रसायन, गणित, कृषि, प्राणि-विज्ञान, विद्युत-इंजीनियरी, संचार-इंजीनियरी, इलेक्ट्रानिकी, भवन-निर्माण-सामग्री, भवन-निर्माण, राजमार्ग-इंजीनियरी, आयुर्विज्ञान, इतिहास, पुरातत्व, राजनीति, दर्शन, मनोविज्ञान, शिक्षा, समाज-विज्ञान, समाज-कार्य, सामाजिक-मनोविज्ञान, प्रशासन आदि के हैं। अन्तिम रूप से निश्चित इस शब्दावली को, भाषा की प्रकृति और व्याकरण के अनुसार आवश्यक परिवर्तन कर के, विभिन्न रूपों में विभिन्न भाषाओं में प्रयोग किया जा सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय शब्दों का अनुवाद, संस्कृत धातुओं पर आश्रित शब्दों का लिप्यन्तरण और शेष शब्दों में भाषा-विशेष की उच्चारण-रीति के अनुसार आवश्यक ध्वन्यात्मक सुधार द्वारा यह प्रक्रिया और अधिक सरल बनाई जा सकती है।

उच्च शिक्षा के लिए हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाना अपरिहार्य कर्त्तव्य है। शिक्षा का मानदंड उन्नत करने के लिए और इन भाषाओं को शिक्षा - माध्यम बनाने की दिशा में जो रचनात्मक काम हो रहे हैं—उनके लिए भी, इसकी अपरिहार्यता है। भारत सरकार ने पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम आरंभ किया है जिससे विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने के लिए आवश्यक साहित्य उपलब्ध कराया जा सके। आदर्श पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम में वर्तमान आवश्यकता की पूर्ति होनी चाहिए जिससे हिन्दी में शिक्षा-माध्यम परिवर्तन के लिए विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के अनुसार स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराई जा सकें और हिन्दी में संदर्भ ग्रन्थों की समृद्धि हो सके। अतः पहली आवश्यकता यह है कि प्रत्येक विषय में आवश्यक पुस्तकों का एक सेट शीघ्र तैयार हो जाए ; दूसरी आवश्यकता है कि प्रत्येक विषय में आवश्यक साहित्य की कमी को पूरा करने के लिए पुस्तकें तैयार और अनूदित कराई जाएं ; और अन्तिम आवश्यकता है कि निश्चित चरणों में संदर्भ ग्रन्थों आदि के निर्माण की सुचालित योजना तैयार की जाए। इतने वृहत् कार्यक्रम का संचालन, समुचित शैक्षिक मूल्यांकन, मार्ग-दर्शन और समन्वय के बिना संभव नहीं है। इस प्रयोजन के लिए जरूरी है कि विश्वविद्यालय और राज्य सरकारें अपना सहयोग प्रदान करें तथा संघ सरकार इस कार्यक्रम के विभिन्न पक्षों को समन्वित करे। पत्रिका के प्रस्तुत विशेषांक में, राष्ट्रीय महत्त्व के इस कार्य से सम्बन्धित सभी व्यक्तियों की सूचना के लिए, पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों को प्रकाश में लाया गया है।

सरकार, अंग्रेजी से भारतीय भाषाओं में माध्यम परिवर्तन के लिए विभिन्न विषयों में ग्रंथों के अभाव को पूरा करना चाहती है। इसकी पूर्ति के लिए विभिन्न विषयों के ग्रंथों का अनुवाद करना होगा और मौलिक ग्रंथों की रचना करनी होगी। क्षेत्रीय भाषाओं के लिए विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों की सहायता से ग्रंथ-निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है। केन्द्रीय सहायता कार्यक्रम के अधीन जिन ग्रंथों का निर्माण होगा उन्हें विश्वविद्यालयों में स्वीकार किया ही जाएगा। इस कार्य में विभिन्न विषयों की शब्दावली की आवश्यकता होगी। ऐसी शब्दावली का उद्देश्य मात्र भाषा में पढ़ाना नहीं होगा। इसका उद्देश्य यह होगा कि छात्र भाषा-विशेष में अध्ययन करने के बाद उस विषय की उच्चतम शिक्षा देश के दूसरे भाग में भी प्राप्त करने में समर्थ हो सकें।

इस संदर्भ में आयोग द्वारा निश्चित शब्दावली सहायक होने के साथ-साथ महत्त्वपूर्ण भी सिद्ध होगी। भारत-सरकार ने राष्ट्रीय पुस्तक-निर्माण योजना के अनुदान का

3 से 5 प्रतिशत भाग आयोग की शब्दावली का अन्य भारतीय भाषाओं में अनुकूलन अथवा अंगीकरण से सम्बन्धित कार्य के लिए निश्चित किया है। भारत सरकार के तत्वावधान में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा जो शब्दावली निर्मित हुई है, वह हिन्दी शब्दावली मात्र नहीं है; यह शब्दावली अखिल भारतीय शब्दावली है। यदि समाज की नवरचना और राष्ट्रीय समृद्धि के लिए शिक्षा को प्रत्यक्ष और सशक्त साधन के रूप में प्रयुक्त करना है तो आयोग द्वारा निर्मित शब्दावली विभिन्न विषयों, अनुसंधान और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान प्रसार का मार्ग प्रशस्त करेगी।

Editorial

Pan Indian Terminology

A common terminology in scientific and technical fields was not only a pre-requisite but also essential for national integration and for mobility of students, teachers and professional workers from the one of part of the country to another. This was emphasised in the conference of state officers incharge of development of Indian languages held in last September at New Delhi. The Union Minister of Education expressed that English was not understood by the students and when the teacher taught through mother tongue of the students, there would be questions in the class and the teacher was expected to master the subject fully and to study the subject in great depth.

The Commission for Scientific and Technical Terminology had convened the conference to discuss ways and means for adopting or adapting the terminology evolved by the Commission in the various Indian languages. The Commission was set up vide Presidential Order of April 27, 1960. It was directed that in preparing terminology clarity, precision and simplicity should be primarily aimed at and international terminology may be adopted or adapted in suitable cases; maximum possible identity should be aimed at in evolving terminology for all Indian languages; and suitable arrangements should be made for coordinating the efforts made at the Centre and the States for evolving terminology in Hindi and other Indian languages. In the field of science and technology there should, as far as possible be, uniformity in all Indian languages and the terminology should approximate closely to English or international terms; the Commission should supervise the work done by various agencies in this field and issue authoritative glossaries for use in all Indian languages. Ultimately, the Commission was entrusted with the work related to review of the work done so far in the field of scientific and technical terminology; formulation of principles relating to coordination and evolution of scientific and technical terminology in Hindi and other Indian languages; coordination of the work done by different agencies in the States in the field of scientific and technical terminology with the consent or at the instance of the State Governments concerned and approve glossaries for use in Hindi and other Indian languages as may be submitted to it by the concerned agencies; and to prepare standard scientific books using the new terminology evolved or approved by it and to prepare scientific and technical dictionaries and translation of scientific books from foreign languages into Indian languages.

The Commission has finalised the equivalents of two lac English terms in Hindi related to Agriculture, Mathematics, Physics, Chemistry, Zoology, Electrical Engineering, Communication Engineering, Electronics and Building Materials, Building Construction. Highway Engineering, Medical Science, History, Archaelogy, Political Science, Philosophy, Psychology, Education, Social Work, Social Psychology, Social Science, Administration etc. Suitable variations of the finalised terminology can be used in different Indian languages with necessary modifications according to the grammar and to suit the genius of the language concerned. The process can be simplified to the extent of translating the international terms, transcribing the terms derived from Sanskrit roots and writing the remaining terms with necessary phonological requirements according to the pronunciation in the language concerned.

The enrichment of Hindi and other Indian languages is essential for higher education and for improvement of standard of education. Constructive steps have to be taken to adopt them as media of instruction for higher education. The Government of India has launched the book production programme for providing essential literature in Hindi and other Indian languages for making them media of instruction at the university level.

An ideal programme of book production must fulfill the immediate requirement of changeover to Hindi and other Indian languages according to the syllabi of the universities for providing necessary books for the degree and postgraduate standards and to strive for enriching and making the Indian languages capable to become a library language. Therefore the first requirement is of swift arrangement for providing a set of necessary titles in each subject ; secondly, to prepare and translate books for filling up the gaps of necessary literature in each subject ; and lastly, a phasewise workable plan for production of reference works etc. The programme of such a magnitude cannot be carried out without proper academic evaluation, guidance and coordination. For this purpose it is essential that universities provide their co-operation, State Governments extend their collaboration and the Union Government coordinate the various aspects of the programme and avoid duplication of any kind. In the present number of this journal various activities connected with the book production programme have been highlighted for the information of all concerned with this task of national importance.

The Government proposes to fill up the gaps of books on different subjects, for a smooth change over from English to Indian languages. It is expected that with this objective in view, a large number of books will be translated and original books will be prepared. The targets of book production for the regional languages are being worked out in collaboration with the subject specialists of the different universities situated in different States. As the books produced under the centrally aided programme will invariably be prescribed in different universities, they will require the terminology of various subjects, not only with a view to teach the subject in a particular language, but also with the objective that after learning a particular subject in a particular language the students may pursue advanced courses of study in other parts of the country.

In this context the scientific and technical terminology finalised by the Standing Commission for Scientific and Technical Terminology will prove helpful, as well as valuable. The Government of India has decided that three to five percent of the grants under the national book production scheme may be used for adoption or adaptation of the scientific and technical terminology of the Commission into other Indian languages. Thus the terminology prepared under the auspicies of the Government of India by the Commission for Scientific and Technical Terminology does not provide terminology in Hindi only, but is the Pan-Indian terminology. If education has to be used as a deliberate and powerful instrument for social regeneration and to increase national prosperity, then the terminology prepared by the Commission can pave the way to the path of expansion of knowledge in different disciplines, advancement of research work and higher education.

National Programme for Education

By

Dr. T. Sen

Union Minister for Education

IN August, 1967, we had placed three main tasks before ourselves. The first was to consider the report of the Education Commission and to formulate a national policy on education. The second was to prepare a fairly long-term plan of educational development in the country based on the national educational policy ; and the third was to start a vigorous implementation of the programme of educational reconstruction, thus decided upon, by revising the old Fourth Plan which was then in its third year.

With regard to the first of these tasks, it may be recalled that the recommendations of the Education Commission, the Tenth Conference of State Education Ministers and the Committee of Members of Parliament on Education (1967) were considered and it was recommended that the Government of India should issue a Resolution on the National Policy on Education on the broad lines of the recommendations of the Central Advisory Board of Education. The Ministry of Education then discussed these proposals further in the Vice-Chancellors Conference held in September 1967, and in both Houses of Parliament. After all this nation-wide debate was over, taking into consideration all the different view points put before it, the Government of India finally issued a Resolution on the National Policy on Education. I believe that this was an essential step well taken and it will provide us with a broad compass to guide our efforts at educational reconstruction.

Long Term Plan

The second task which we had set before ourselves was to prepare a fairly long-term plan of educational development in the country spread over say, the next 15-20 years. Since the centre of gravity in educational planning is now being deliberately shifted to the State level, this effort has obviously to be done separately for each State and Union Territory, and then consolidated suitably for the country as a whole. The matter was taken up with all State Governments and the response has been very good. Steps have also been initiated in a number of States ; and although it has not been possible to make substantial progress due to several reasons, we hope to make better progress in the days ahead ; and with the cooperation of the States which is so generously coming forth, to complete this task before the end of the next year.

We could not make any progress with regard to the third task, namely, revision of the old Fourth Five Year Plan in the light of the recommendations of the Education Commission and to start implementing them, to the extent possible, from 1968-69 itself, this was due almost entirely to two factors beyond our control. The financial situation, both at the Centre and in the States was so difficult that the utmost we could do was to keep the old schemes going ; and even as we were grappling with this problem, the Planning Commission decided to scrap the old Fourth Five Year Plan itself and to direct that a new Fourth Five Year Plan should be prepared from 1969-70. All major programmes of educational development, therefore, had to be postponed to the next year.

Fourth Plan

As regards the most important item namely, the formulation of the Fourth Five Year Plan in Education, Report of the Steering Committee of the Central Planning Group proposed an outlay of Rs. 1300 crores in the public sector. This is only slightly more than the allocation made to education in the old Fourth Plan, namely Rs. 1210 crores. In the new Fourth Plan, however, a much larger allocation of about Rs. 1500-1600 crores will be needed because we have to work on a larger base, develop a more comprehensive programme and allow for a substantial increase in prices that has since taken place. Unfortunately, it was not possible to get this allocation and the actual allocation to education is only Rs. 809 crores.

This seems to be due to three main reasons. The first is that the total amount available for planned development is likely to be much smaller, mainly because the hard polititical decisions required to raise the necessary resources do not seem to be forthcoming. Secondly, higher priorities are being given to programmes of agricultural development, irrigation, power, industry and family planning ; and thirdly every sector in education-Central, Centrally-sponsored and State, seems to be contracting, for some reason or the other, Such a low allocation can only be disastrous to the future of education, especially because it has been estimated that the minimum amount needed for the inevitable expansion alone will be about Rs. 950 crores. Unless, therefore, we take proper steps right from now, it may not be possible to implement the National Policy on Education in a satisfactory manner.

In my opinion, therefore, we must do all we can to maximise the total investment in educational development. The Government of India will have to expand its Central sector. The State Government in their turn, will have to give a high priority to education and make as large allocations to it as possible. These should, under no circumstance, be less than about 10 per cent of the State. In addition, efforts, should also be made to raise the maximum contribution possible from other sources, such as local authorities, voluntary organisations and local communities.

Need to Economise

While I do plead for higher allocations, I must also emphasise another aspect of the problems, namely, the urgent necessity to reduce wastages and to economise costs. In education, we must learn to place a much greater emphasis on the returns, we obtain rather than on the investments we make. Poor as we are, and small as is the investment, we now make in educational development, we all know that there is a good deal of wasteful and ill effective expenditure even in the present system. Our rates of wastage and stagnation are high at all stages, and especially at the primary stage. The unit cost per student is often high because the institution of an uneconomic size or is wrongly located, or because no attempt has been made to try out alternative techniques of development and choose the one which would be most economic and effective.

It would, therefore, be a great thing if we can emphasise these aspects of the problem in the Fourth Five Year Plan and concentrate our efforts on reducing the ineffectiveness and waste which is writ large on every sector of our educational system.

Side by side, we must emphasise yet another aspect of educational development which has been comparatively neglected in the past, namely, the need to stress human effort rather than monetary investment. The programmes, I have in view in this context include : revision of curricula ; adoption of improved methods of teaching and evaluation ; improvement of textbooks ; production of instructional materials of high quality ; improvement of supervision ; and bringing the educational institutions closer to the community through programmes of mutual service and support. Even these programmes will need some investment in financial and physical terms, no doubt. But, this is comparatively limited and what they need most is hard original thinking and sustained and dedicated effort. How to provide these essential inputs and to emphasise these programmes is one of the major problems to be faced in the Fourth Plan.

Key to Success

I feel that the key to the success in this programme is the teacher. In the first three Five Year Plans teachers were not effectively involved in formulating and implementing educational plans. We must now make earnest efforts to do so. Side by side, we must take steps to improve their professional preparation, status and remuneration. I would like to draw attention to the fact that the problem of improving the salaries of school teachers has not yet been satisfactorily solved and that a determined effort will have to be made for this purpose in the Fourth Five Year Plan.

To the same end, we will have to adopt a broad-based and decentralised system of educational planning under which well-coordinated plans would be prepared at the institutional, district, State and national levels, strengthen institutions like the NCERT and the State Institutes of Education which are charged with the responsibility of academic improvement of education, involve selected university departments in improved programme of school education and generally strengthen educational administration.

I may refer to one more point about the Fourth Five Year Plan, namely the need to select some national programmes for intensive implementation. A national programme has been defined in the Government Resolution on the National Policy on Education, as programme of national importance in which coordinated action on the part of the Government of India and the State Governments is called for. Obviously, the national programmes to be implemented will vary from time to time and the State. It will be a responsibility of the Centre and the States to sit together and decide the national programmes to be implemented in each Five Year Plan. We shall have to attempt this exercise for the Fourth Five Year Plan ; and as a basis for consideration we might develop the following six national programmes over the next five year :—

1. Steps for the early fulfilment of the directive of Article 45 of the Constitution, with special emphasis on programmes for reducing wastage and stagnation ;
2. Qualitative improvement of higher education ;
3. Orientation of technical education at all stages to the needs of the economy ;
4. Science Education ;
5. Book Development programmes ; and
6. Schemes for promoting national integration including the National Service Programme.

National Integration

The third important item relates to the programmes of national integration. The National Integration Council has made a number of important recommendations at its Srinagar meeting held in June, 1968.

An important recommendation of the Council is that the entire educational system, from primary to post-graduate stage, should be reoriented to serve the purpose of creating a sense of Indianness, unity and solidarity, to inculcate faith in the basic postulation of Indian democracy and to help the nation to create a modern society. This will need an overhaul of curricula, textbooks and instructional materials at all stages.

The National Integration Council has also recommended that no domicile certificate should be required from any student seeking admission to an educational institution in any part of the country. This is of special significance in regard to admissions to engineering and medical colleges. I consider this to be a very important reform and all State Government must give immediate effect to it. As a simultaneous action on the part of all State Governments is needed, I would like to suggest that we should bring this recommendation into effect with effect from the next academic year which will begin in June, 1969.

The Council has emphasised the need to reduce regional imbalances. In so far as imbalances of educational development at

the State level are concerned, the Government of India has decided to give a special grant-in-aid to all backward States. This will mean, in practice, that 10 per cent of the available Central assistance, will be distributed, on some equitable basis, only among those States whose income per head of population is below the national average. This will not meet all the needs of the situation, but it can certainly be described as a good beginning. The state governments on their part, will have to reduce the imbalances at the district level, the imbalances between urban and rural areas, and the imbalances between different social groups. Appropriate programmes to this end will have to be included in their Fourth Five Year Plan.

Finally, the Council has suggested that we should take steps to promote the exchange of teachers and students and devise schemes under which students in one part of the country can spend their vacations on some useful programmes in other parts. A few concrete schemes for promoting national integration can be included in the Fourth Plan. Such schemes will be assisted by the Government of India although they will be implemented largely through the State Governments and the universities.

शिक्षा का राष्ट्रीय कार्यक्रम

डा० त्रिगुण सेन
केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री

अगस्त 1967 में हमारे समक्ष तीन प्रमुख कार्य थे । शिक्षा आयोग की रिपोर्ट पर विचार कर शिक्षा की राष्ट्रीय नीति पर आश्रित शिक्षा-विकास की एक दीर्घावधि-योजना का निर्माण; और चतुर्थ पंचवर्षीय योजना का संशोधन कर, निश्चित शिक्षा-पुनर्गठन-कार्यक्रम का सशक्त कार्यान्वयन ।

इसी संदर्भ में शिक्षा-आयोग, शिक्षा-राज्य-मंत्रियों के दसवें सम्मेलन, और संसद-सदस्यों की शिक्षा-समिति (1967) की सिफारिशों पर विचार किया गया था और यह सिफारिश की गई कि शिक्षा-मंत्रालय, शिक्षा की केन्द्रीय सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर, शिक्षा की राष्ट्रीय नीति का प्रस्ताव प्रस्तुत करे । शिक्षा-मंत्रालय ने इन प्रस्तावों पर सितम्बर 1967 के कुलपति-सम्मेलन में भी विमर्श किया और संसद के दोनों सदस्यों में इस पर बहस हुई । इसके उपरान्त शिक्षा मंत्रालय ने शिक्षा की राष्ट्रीय नीति का प्रस्ताव उपस्थित किया ।

दीर्घावधि योजना

दूसरा कार्य 15-20 वर्षों की अवधि के लिए शिक्षा-विकास की योजना का निर्माण था । शिक्षा-योजना का केन्द्र-बिन्दु राज्यों में है । इस कारण प्रत्येक राज्य और संघ-शासित क्षेत्र की योजनाओं को सारे देश की उपादेयता की दृष्टि से समेकित करना होगा । इस दिशा में राज्यों की अच्छी प्रतिक्रिया हुई है । राज्यों के सहयोग से यह कार्य आगामी वर्ष में सम्पन्न हो सकता है ।

तीसरे कार्य में प्रगति नहीं हो पाई है । इसके दो कारण हैं, जो हमारे नियन्त्रण के बाहर हैं । देश की आर्थिक अवस्था, केन्द्र और राज्य दोनों स्तर पर इतनी विषम थी कि पुरानी योजनाएं किसी तरह चलाई जाती रहीं । दूसरे, योजना-आयोग ने चतुर्थ योजना को रोक दिया और नई चतुर्थ योजना को 1969-70 से आरम्भ करने का निश्चय किया ।

चतुर्थ योजना

योजना दल की विषय-निर्वाचन-समिति ने अपनी रिपोर्ट में चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत शिक्षा के लिए 1300 करोड़ रुपए की राशि नियत करने का प्रस्ताव किया था । पुरानी चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में यह राशि 1210 करोड़ रुपए थी । नई चतुर्थ योजना में शिक्षा के वृहत्

कार्यक्रमों और आवश्यकताओं को देखते हुए 1500—1600 करोड़ रुपए की धन-राशि की आवश्यकता होगी, लेकिन दुर्भाग्य से शिक्षा के लिए केवल 809 करोड़ रुपए की धन-राशि नियत हो सकी है।

इसके कई कारण हैं। राजनैतिक निश्चयों के कारण वांछित साधनों की उपलब्धि की आशा नहीं है। कृषि, सिंचाई, उद्योग, परिवार-नियोजन आदि को विशेष प्राथमिकता दी गई है। किसी-न-किसी कारण से, केन्द्र, केन्द्र प्रायोजित, तथा राज्य-स्तर के शिक्षा-सेक्टर संकुचित होते गये हैं। इतनी कम राशि नियत करने का शिक्षा के भविष्य पर कुप्रभाव पड़ेगा। क्योंकि शिक्षा के अपरिहार्य विकास के लिए 950 करोड़ रु० की आवश्यकता होगी और इस दिशा में अभी से उचित प्रयास करना होगा अन्यथा शिक्षा-नीति का कार्यान्वियन सन्तोषजनक नहीं पो पायेगा।

भारत-सरकार को अपने केन्द्रीय शिक्षा-सेक्टर का विस्तार करना होगा और राज्यों को शिक्षा-विषय को उच्च प्राथमिकता देनी होगी। राज्यों को कम-से कम-10 प्रतिशत व्यय शिक्षा पर अवश्य करना होगा।

मितव्ययता की आवश्यकता

खर्च कम करने और लागतों में मितव्ययता बरतने की भी बड़ी आवश्यकता है। जो लागत लगाई जाती है उसकी तुलना में उपलब्धि कितनी होती है, इस पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वर्तमान प्रणाली में प्राथमिक स्तर पर बहुत अधिक अपव्यय है; प्रति छात्र इकाई-लागत बहुत अधिक होती है। इसलिए चतुर्थ योजना में यह विषय सर्वाधिक विचारणीय है कि अप्रभविष्णुता किस प्रकार दूर हो और अपव्यय से कैसे बचा जाए।

अतीत में शिक्षा-विकास की एक और समस्या पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया कि आर्थिक विनियोजन की अपेक्षा मानवीय प्रयास पर अधिक बल देना आवश्यक होता है। इस दिशा में, मेरे विचार में, ये कार्यक्रम हो सकते हैं: पाठ्य-क्रम का संशोधन, शिक्षण और मूल्यांकन के लिए विकसित प्रणालियों का अंगीकरण, पाठ्य-पुस्तकों का सुधार, उन्नत शिक्षण-सामग्री का निर्माण, निरीक्षण में सुधार तथा पारस्परिक सेवाओं और सहायताओं द्वारा शिक्षण-संस्थाओं को परस्पर निकट लाने का प्रयास आदि। इसके लिए भी विनियोजन की आवश्यकता पड़ेगी। लेकिन अपेक्षाकृत यह सीमित होगा और आवश्यकता वास्तव में होगी अनवरत और निष्ठापूर्ण प्रयास की।

सफलता का सूत्र

इस कार्यक्रम की सफलता का सारा उत्तरदायित्व शिक्षक पर है। पहली योजनाओं में शिक्षक को शिक्षा-योजनाओं के निर्माण और कार्यान्विति में प्रभावपूर्ण ढंग से सम्मिलित नहीं किया गया। अब हमें यह करना है और उनके कार्य, स्थिति और वेतन में भी सुधार करना है।

हमें इसके लिए शिक्षा-योजना की विशद और विकेन्द्रित प्रणाली अपनानी होगी; संस्थान, जिला, राज्य और राष्ट्र-स्तर पर सुसमन्वित योजना तैयार करनी होगी और केन्द्र और राज्य के संस्थानों में भी स्थिति सुदृढ़ करनी होगी।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में कुछ ऐसे राष्ट्रीय कार्यक्रम चुनने हैं जिन्हें पूरे प्रयत्न के साथ कार्यान्वित किया जा सके। ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर परिवर्तित भी होते रहेंगे और केन्द्र तथा राज्यों को इनके सम्बन्ध में समय-समय पर समन्वित रूप से निर्णय करना पड़ेगा। आगामी पाँच वर्षों के लिए आधार के रूप में इन छः राष्ट्रीय कार्यक्रमों पर विचार हो सकता है:—

1. संविधान की धारा 45 के निदेशों की शीघ्र पूर्ति के लिए प्रयास।
2. उच्च शिक्षा में गुणात्मक उन्नति।
3. मितव्ययता की आवश्यकता के अनुसार प्रत्येक अवस्था में तकनीकी शिक्षा का नवीनीकरण।
4. विज्ञान-शिक्षा।
5. पुस्तकों के विकास के लिए कार्यक्रम।
6. राष्ट्रीय सेवा कार्यक्रम सहित राष्ट्रीय एकता की वृद्धि की योजनाएँ।

(**शेष पृष्ठ 40 पर**)

विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण सम्बन्धी नीति और कार्यक्रम*

प्रो० शेर सिंह
राज्य मंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय

बड़े हर्ष का विषय है कि मध्यप्रदेश सरकार ने विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए एक बोर्ड की स्थापना की है और मुझे उसका उद्घाटन करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। निस्संदेह यह कदम सही दिशा में उठाया गया है, फिर भी शिक्षा के इस संक्रान्ति काल में प्रत्येक कदम बड़ी सावधानी से रखना होगा।

राधाकृष्णन् आयोग से लेकर, जो कि स्वतंत्रता के तुरन्त पश्चात ही विश्वविद्यालय की शिक्षा के संबंध में नियुक्त किया गया था, शिक्षा से संबंधित प्रत्येक आयोग या समिति ने हमारी शिक्षा के माध्यम के रूप में प्रादेशिक भाषाओं को अपनाने की सिफारिश की है। इस सुधार की सिफारिश के पीछे शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने, बुद्धिजीवियों और जन-सामान्य के बीच की खाई को कम करने, ज्ञान का प्रसार करने, और आधुनिकीकरण की प्रक्रिया को तीव्र करने का उद्देश्य रहा है। मेरे विचार से प्रादेशिक भाषाओं को शिक्षा का माध्यम स्वीकार करने के मूल में प्रधान प्रेरणा विभिन्न कमीशनों की सिफारिशें न होकर अधिकांशत: परिस्थितियों की माँग है। विगत 20 वर्षों में हमने देखा कि शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी वास्तव में विच्छिन हो गई है, इसके कई कारण हैं। यद्यपि विश्वविद्यालय की शिक्षा का माध्यम अधिकांशत: अभी अंग्रेजी ही है किन्तु वास्तविक स्थिति कुछ और ही है। देश के कम से कम 35 विश्वविद्यालयों में प्रादेशिक भाषा को माध्यम के रूप में प्रयुक्त करने की अनुमति है। लगभग 15 विश्वविद्यालयों में 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रादेशिक भाषा के माध्यम से पढ़ना स्वीकार किया है। 17 विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर ही प्रादेशिक भाषाओं को माध्यम के रूप में प्रयुक्त करने का विधान है। इस प्रकार वस्तु-स्थिति को देख-परख कर भी शिक्षा आयोग को यह कहना पड़ा कि परिवर्तन की इस अनिर्दिष्ट और तदर्थ गतिविधि को तुरन्त ही रोकना आवश्यक है क्योंकि शिक्षा के हित में यही श्रेयस्कर होगा। जिस प्रकार परिवर्तन हो रहा है उसके पीछे कोई सुनिश्चित योजना नहीं है; आवश्यक साहित्य के निर्माण का कोई प्रयत्न नहीं है तथा उच्च शिक्षा के स्तर को बनाये रखने का कोई कार्यक्रम नहीं है।

---

* मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित 'विश्वविद्यालयीन रचना अकादमी' के उद्घाटन-अवसर पर दिए गए भाषण के कुछ अंश।

विद्यालय की शिक्षा का माध्यम स्वीकार करने के संबंध में बल देते हुए 'शिक्षा की राष्ट्रीय नीति के संकल्प : 1968' में लिखा है···"प्रादेशिक भाषाएं शिक्षा के प्राथमिक स्तरों पर प्रयुक्त हो रही हैं। अब विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा में उनका प्रयोग करने के लिए हमें तत्काल कदम उठाना चाहिए।"

जैसा कि आप जानते ही हैं इस सिफारिश को कार्यान्वित करने के संबंध में सरकार के निर्णय की समाज के विभिन्न वर्गों ने आलोचना की है। यह परिवर्तन अशैक्षिक बताया गया है क्योंकि इस सुधार को गति और शक्ति प्रदान करने के लिए प्रादेशिक भाषाओं में पर्याप्त सामग्री नहीं है। इस परिवर्तन को एक ऐसा उपक्रम बताया गया है जो कि देश की एकता के लिए घातक होगा, क्योंकि इससे देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के बीच भाषाई दीवारें खड़ी हो जाएंगी और एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के आने-जाने में बाधा उत्पन्न हो जायेगी। मुझे लगता है कि यह आलोचना बहुत उपयोगी है क्योंकि इससे हमारा ध्यान उन खतरों की ओर जाता है जिनका सामना हमें एक सुनिश्चित और सुनियोजित योजना के अभाव में करना पड़ जाएगा। इसीलिए आरम्भ में ही मैंने कहा है कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक कदम बड़ी सावधानी से उठाया जाना चाहिए।

हम यह परिवर्तन किस प्रकार लायें ? इस कार्यक्रम के संबंध में हमारा मूल आधारभूत ध्येय उच्च शिक्षा का स्तर उठाने की ओर ध्यान केन्द्रित करना होना चाहिए। यह बात सबसे महत्त्वपूर्ण है। इसी ध्येय को ध्यान में रखकर शिक्षा आयोग ने इस बात पर बल दिया है कि प्रादेशिक भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाते समय परिवर्तन के कार्यक्रम में एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय अथवा एक विषय से दूसरे विषय अथवा एक ही विश्वविद्यालय में एक शिक्षा संस्थान से दूसरे शिक्षा संस्थान में भिन्नता हो सकती है। इस मामले में कसौटी यह होनी चाहिए कि परिवर्तन से प्रत्येक अवस्था में शिक्षा का स्तर समुन्नत हो। इस विवेक में ही प्रस्तुत सुधार की सफलता निहित होगी। इस प्रसंग में शिक्षा आयोग ने और आगे कहा है···"हम सुझाव देते हैं कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और देश के विश्वविद्यालयों के समूह के लिए उपयुक्त, एक साध्य और व्यवहार्य कार्यक्रम बहुत कुशलता से तैयार करना चाहिए।" सरकार ने इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। दूसरी आधारभूत बात, जिस पर इस कार्यक्रम के सिलसिले में विचार करना चाहिए, यह है कि प्रादेशिक भाषाओं को माध्यम के रूप में प्रयुक्त करने के साथ, अंग्रेजी के अध्ययन को भी मजबूत बनाना पड़ेगा। ऐसा करना शैक्षणिक दृष्टि से आवश्यक है। भारत में अंग्रेजी दो उद्देश्यों की साधक रही है : (1) इसने सारे देश में विश्वविद्यालय-स्तर पर सम्पर्क कायम करने का काम किया है, और (2) इसी ने हमारे लिए सभी विद्याओं से संबंधित विश्व के विशाल और निरंतर बढ़ते हुए ज्ञान के द्वार खोले हैं। अतएव जब तक हम अंग्रेजी और प्रादेशिक भाषाओं में घनिष्ट सहयोग स्थापित न करेंगे तब तक उच्च शिक्षा अपने नाम के अनुरुप नहीं हो पाएगी। चिन्ता का विषय यह है कि प्रादेशिक भाषाओं को माध्यम बनाने के प्रयास में अंग्रेजी का अध्ययन क्षीण होता जा रहा है या उसे समाप्त किया जा रहा है। यह हमें और पीछे नहीं तो अठारहवीं शताब्दी तक धकेल देगा। इस प्रसंग में राष्ट्रीय एकता परिषद् की एक सिफारिश आपके सामने दुहराना चाहता हूँ :

"परिषद् अनिवार्य विषय के रूप में अंग्रेजी के महत्व पर बल देती है, चाहे वह माध्यम परिवर्तन के दौरान की स्थिति हो अथवा वह भविष्य में परिवर्तन क्रिया पूरी हो जाने के बाद की स्थिति हो। परिवर्तन की अवस्था में अंग्रेजी विश्वविद्यालय के लोगों तथा विश्वविद्यालयों के बीच प्रोफेसरों के विनिमय अथवा विद्यार्थियों के एक से दूसरे विश्वविद्यालय में जाने में सहायक होगी और साथ ही सभी समय वह एक महान अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की भाषा के रूप में बाहरी दुनिया से हमारा सम्बन्ध बनाये रखेगी। इसके अतिरिक्त इस अपरिहार्य साधन से और आगे अध्ययन करने में तथा प्रादेशिक भाषाओं के विकास में सहायता मिलेगी। परिषद् को आशा है कि जहाँ एक ओर अंग्रेजी सभी समय अन्तर्राष्ट्रीय सम्पर्क का

साधन बनेगी वहाँ एक अन्तर्देशीय सम्पर्क सूत्र के रूप में क्रमशः, उसका स्थान, विकसित होती हुई हिन्दी ग्रहण कर लेगी।"

तीसरी महत्वपूर्ण आवश्यकता सभी भारतीय भाषाओं में उपयुक्त साहित्य के प्रकाशन का एक विशाल कार्यक्रम तैयार करने की है। यह कार्य तो प्रथमतः विश्वविद्यालयों का ही है और इसके लिए केन्द्र साधन उपलब्ध करायेगा। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत आज मैं यहाँ प्रादेशिक भाषा में विश्वविद्यालय-स्तर की पुस्तकें तैयार करने के लिए स्थापित स्वायत्त बोर्ड का उद्घाटन करने के लिए उपस्थित हूँ। यहाँ हमें इस बात को भली-भाँति ध्यान में रखना चाहिए कि आप चाहे कितनी ही मात्रा में प्रादेशिक भाषाओं में साहित्य का निर्माण कर लें, वह हमारे विद्यार्थियों को विश्व के सतत वर्तमान ज्ञानपुंज से निरन्तर परिचित रखने में अभी असमर्थ रहेगा। इसलिए यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों में निर्धारित की गई प्रादेशिक पुस्तकों की हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित पुस्तकों से यथा आवश्यक प्रतिपूर्ति की जाए, और आवश्यक हो तो फ्रेंच, जर्मन, जापानी और स्पेनिश आदि दूसरी भाषाओं की पुस्तकों से भी लाभ उठाया जाए। इस पूरक पाठ्यसामग्री से उच्च स्तर बनाये रखने में सहायता मिलेगी।

भारत सरकार ने सभी भारतीय भाषाओं में विश्वविद्यालय-स्तर पर साहित्य-निर्माण और प्रकाशन के लिये प्रत्येक राज्य को एक-एक करोड़ रूपये का अनुदान देना स्वीकार किया है। इसके लिये यह शर्त रखी गई है कि सम्बन्धित राज्य इस काम के लिये 25 प्रतिशत अंशदान स्वयं करें। इस प्रकार पाँचों हिन्दी राज्यों को साहित्य-निर्माण के कार्यक्रम के लिये लगभग छः करोड़ पैंसठ लाख रूपये उपलब्ध होंगे।

इस धनराशि का समुचित उपयोग हो सके, अनावश्यक पुनरावृत्ति को रोका जा सके और इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली विभिन्न संस्थाओं के कामों में समन्वय बना रहे, इस विचार को ध्यान में रखकर 1-2 फरवरी सन् 1968 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में हिन्दी भाषी राज्यों के शिक्षा सचिवों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का एक सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन द्वारा सामान्य रूप से यह स्वीकार किया गया कि स्नातक-स्तर के लिये 1973 तक आयुर्विज्ञान, इन्जीनियरी तथा कृषि सहित सभी संकायों में हिन्दी को शिक्षा का माध्यम बना दिया जाना चाहिये।

साहित्य-निर्माण के काम में समन्वय करने और अनावश्यक पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कुलपति-सम्मेलन ने एक स्थायी समिति का गठन किया जिसमें सभी सम्बन्धित विश्वविद्यालयों, राज्य सरकारों और केन्द्रीय सरकार के प्रतिनिधि शामिल हैं। स्थायी समिति ने साहित्य-निर्माण से सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण निश्चय लिये हैं और उनको क्रियान्वित किया जा रहा है। स्थायी समिति ने अनुवाद और मौलिक लेखन के लिये 25 विषय-नामिकायें गठित की हैं जिनमें पाँचों हिन्दी राज्यों के विषय-विशेषज्ञ शामिल हैं। इन विषय-नामिकाओं ने न केवल विश्वविद्यालय-स्तरीय उपलब्ध प्रकाशित साहित्य का सर्वेक्षण किया है, वरन् इस बात को ध्यान में रखते हुए कि माध्यम-परिवर्तन 1973 तक लागू होना है, अनुवाद और मौलिक लेखन के लिये हजारों पुस्तक-शीर्षकों का प्राथमिकता की दृष्टि से चयन किया है। इन पुस्तक शीर्षकों को सभी राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों के विभागाध्यक्षों के पास उनकी सम्मति और सुझाव प्राप्त करने के लिये भेज दिया गया है। विषय-नामिकाओं के अध्यक्षों की एक बैठक फरवरी में हो रही है, जिसमें प्राप्त सुझावों पर विचार किया जायेगा और इस बात का प्रयत्न किया जायगा कि पाँचों हिन्दी राज्यों के विश्वविद्यालयों और सम्बन्धित संस्थाओं में इस काम को इस प्रकार बाँटने का आयोजन हो कि कम-से-कम समय में अधिक-से-अधिक साहित्य का निर्माण हो सके। आशा की जाती है कि अभी हाल में को होने वाले हिन्दी राज्यों के शिक्षा सचिवों और कुलपतियों के सम्मेलन में इस काम को अन्तिम रूप दिया जा सकेगा।

स्थायी समिति ने समन्वय करने की दृष्टि से 'विश्वविद्यालय वाङ्मय' नाम से एक त्रैमासिक पत्रिका का

प्रकाशन आरम्भ किया है। इसके प्रथम अंक का प्रकाशन-उद्घाटन फरवरी में हो रहा है। इस अंक में न केवल पुस्तक-निर्माण सम्बन्धी अब तक की प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है, वरन् इसमें उन हजारों विषय-शीर्षकों की सूची भी प्रकाशित की गई है जिनका निषय-नामिकाओं ने प्राथमिकता की दृष्टि से अनुवाद और मौलिक लेखन के लिये चयन किया है। यह निश्चय किया गया है कि यह सूचना अहिन्दी भाषी राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों को भी उनके लाभ और मार्गदर्शन के लिये उपलब्ध करा दी जाए।

इस काम को आरम्भ करने के लिये भारत-सरकार ने इस वर्ष हिन्दी भाषी राज्यों को उनकी माँग के अनुसार राजस्थान और बिहार सरकार को पाँच-पाँच लाख रूपया, हरियाणा और उत्तरप्रदेश को दो-दो लाख रूपया और मध्यप्रदेश को एक लाख रूपया दिया है। आशा है अनुवाद और मौलिक लेखन के लिये पुस्तक-शीर्षकों के पाँचों राज्यों में बँट जाने के बाद साहित्य-निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ सकेगा। अनुदित पुस्तकों के अनुवाद अधिकार प्राप्त करने का काम केन्द्रीय-सरकार के माध्यम से करने का निश्चय किया गया है। ऐसा होने पर अनुवाद अधिकार जहाँ शीघ्र प्राप्त होंगे, वहां पुनरावृत्ति के दोषों से भी बचा जा सकेगा।

उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य भाषायी व्यवधानों के पार जाना भी है। वर्तमान कार्यक्रम को लेकर अपने मार्ग पर आगे बढ़ते हुए इस महत्वपूर्ण उद्देश्य को निरन्तर सामने रखना है और वह उद्देश्य है हमारे देश की राष्ट्रीय एकता। शिक्षा का सच्चा उद्देश्य एकता को पुष्ट करना है, राष्ट्रीय तादात्म्य की भावना का बोध कराना है ताकि हम सदा एक होकर खड़े हों। अतएव प्रादेशिक भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने के साथ-ही-साथ उच्च विद्याभ्यास के ऐसे संस्थानों की स्थापना भी आवश्यक है जो भाषा की दीवारों से परे उठ कर राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करें। इस प्रकार के अनेक संस्थान अभी भी मौजूद हैं और सरकार की नीति इनकी संख्या बढ़ाने और इन्हें परिपुष्ट करने की है। इन संस्थाओं में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी और हिन्दी भाषायें होंगी। इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि उनमें प्रवेश पाने के सिलसिले में किसी भी भाषा-क्षेत्र के विद्यार्थियों को कठिनाई का अनुभव न हो।

मैंने यहाँ उच्च-शिक्षा के माध्यम-परिवर्तन से संबंधित कुछ मुख्य-मुख्य कार्यक्रमों की ही चर्चा की है। मेरा विश्वास है कि उन्हें आपके साथ-ही-साथ सारे शैक्षिक समुदाय का समर्थन प्राप्त है। मैं कामना करता हूँ कि आपके यत्न यशस्वी हों।

विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण कार्यक्रमों की झांकी

[भारतीय भाषाओं में पुस्तक-निर्माण के लिए भारत सरकार ने विश्वविद्यालयीन साहित्य-निर्माण कार्यक्रम को 18 करोड़ रुपये का अनुदान मंजूर किया है। इस योजना के अधीन भारत सरकार ने इस वर्ष 1 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इसमें से अब तक 25 लाख रुपया विभिन्न राज्य सरकारों को अनुदान के रूप में दिया जा चुका है :—आन्ध्र प्रदेश को 10 लाख रुपये, राजस्थान और बिहार राज्य को क्रमश: 5-5 लाख रुपये, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को क्रमश: 2-2 लाख रुपये तथा मध्य-प्रदेश को एक लाख रुपये का अनुदान दिया जा चुका है। इन राज्य सरकारों ने पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन कार्यक्रम को संगठित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं और अनुवाद तथा मौलिक लेखन के लिए आवश्यक योजनाएं बना ली गई हैं। पाठकों की जानकारी के लिए इस शीर्षक के अन्तर्गत विभिन्न राज्यों में विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन कार्यक्रमों की रूपरेखा, प्रगति, और भावी कार्यक्रम की झांकी प्रस्तुत की जाया करेगी। इस अंक में प्रस्तुत है बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों की पुस्तक-निर्माण की संक्षिप्त रूपरेखा—सं०]

बिहार पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन योजना

शिक्षा आयोग (1964-66) की सिफारिश थी कि **'विश्वविद्यालयों में शिक्षा और परीक्षाओं का माध्यम अंग्रेजी के स्थान पर भारतीय भाषाएँ हों।'** राज्यों के शिक्षा मन्त्रियों के सम्मेलन (अप्रैल, 1967) में यह सिफारिश स्वीकार कर ली गई और निश्चय किया गया कि इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्य-पुस्तकें तैयार की जाएँ। इसी राष्ट्रीय नीति का अनुसरण करते हुए तथा उक्त निश्चय को क्रियान्वित करने की दृष्टि से बिहार राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, शिक्षाविदों, अध्यापकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं अन्य विषय-विशेषज्ञों ने उपलब्ध उच्चस्तरीय पाठ्य-पुस्तकों का हिन्दी में अनुवाद एवं मौलिक ग्रन्थों की रचना

के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया एवं निर्णय किया कि इस कार्य में राज्य सरकार और विश्वविद्यालयों के बीच समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से यह काम 'बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग' को सौंप दिया जाए। राज्य-विश्वविद्यालय आयोग ने एक योजना तैयार की और राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा अन्तिम रूप में वह स्वीकार कर ली गई। इस योजना को आरम्भ करने के लिए भारत सरकार से पांच लाख रुपये का अनुदान भी मिल चुका है।

विश्वविद्यालय स्तर पर संगठन और व्यवस्था

राज्य में पाँच विश्वविद्यालय हैं तथा अध्ययन की जिन शाखाओं में अनुवाद कार्य किया जाना है वे इस प्रकार हैं :

(क)	मानविकी	में	30	पाठ्यक्रम	हैं
(ख)	विज्ञान	में	24	,,	,,
(ग)	वाणिज्य	में	30	,,	,,
(घ)	आयुर्विज्ञान	में	42	,,	,,
(ङ)	इन्जीनियरी	में	75	,,	,,
(च)	विधि	में	39	,,	,,
(छ)	कृषि	में	33	,,	,,
(ज)	पशुचिकित्सा-विज्ञान	में	36	,,	,,
	कुल संख्या		309		

यह देखते हुए कि 309 विषयों में अनुवाद कार्य किया जाना है यह एक विशाल उपक्रम है।

पाठ्य-पुस्तकों का अनुवाद

प्रत्येक विषय के लिए अलग-अलग एकक होंगे और उसमें एक रीडर तथा 2 से 4 तक प्राध्यापक होंगे। ये सभी व्यक्ति कालेजों व विश्वविद्यालयों से डेपूटेशन पर लिये जायेंगे। ये व्यक्ति विषय-विशेषज्ञ होने के साथ-साथ हिन्दी ज्ञाता भी होंगे। इस योजना के अन्तर्गत किये गए अनुवादों के पुनरीक्षण के लिए विश्वविद्यालय के हिन्दी विशेषज्ञों का एक अलग पूल होगा। इन सभी प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय से मिलने वाले वेतन के अलावा अनुवाद के लिए प्रति 300 शब्द 3.50 रुपए तथा पुनरीक्षण के लिए प्रति 300 शब्द 2-00 रुपए के हिसाब से अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा।

राज्य विश्वविद्यालय आयोग प्रत्येक एकक को अनुवाद के लिए एक-एक विषय देगा। इसके बाद सम्बन्धित एकक अपने विषय की पुस्तकों की एक सूची तैयार करके आयोग के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेगा। आयोग विषय नामिकाओं द्वारा पुस्तकों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करेगा और तत्पश्चात सम्बन्धित एकक को उनका अनुवाद करने के लिए प्राधिकृत करेगा। इन अनुवादों को प्रकाशन के लिए देने से पहले राज्य का विश्वविद्यालय आयोग इनका अन्तिम रूप से पुनरीक्षण करेगा।

मौलिक लेखन

इस योजना के अन्तर्गत, हिन्दी में अनुवाद के साथ-साथ, उच्चस्तरीय मौलिक पुस्तकें तैयार करने का काम भी राज्य के विश्वविद्यालय आयोग द्वारा शुरु किया जायेगा। बिहार सरकार ने श्रेष्ठ ग्रन्थों की रचना को ध्यान में रखकर लेखकों को 15 प्रतिशत रायल्टी देने का निश्चय किया है। आयोग विभिन्न विषयों की पुस्तकें तैयार कराने का काम विभिन्न विश्वविद्यालयों के अधिकारी विद्वान प्राध्यापकों द्वारा करायेगा।

प्रथम वर्ष का कार्यक्रम

इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए पहले वर्ष के अन्दर 50 अनुवाद एकक और हिन्दी-विशेषज्ञों का एक अलग पूल खोलने का निश्चय किया गया है। आयोग इसकी व्यवस्था शीघ्र कर रहा है। ज्यों-ज्यों इस योजना का कार्यक्षेत्र बढ़ता जायेगा, त्यों-त्यों आगामी वर्षों में अनुवाद एककों की वृद्धि की जाती रहेगी और यह क्रम अगले पांच वर्ष तक चलेगा।

राजस्थान पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन योजना

राजस्थान सरकार ने विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तकों के निर्माण और प्रकाशन के लिए एक विशेष संगठन बनाने का निश्चय किया है जिसका नाम 'राजस्थान ज्ञान-विज्ञान

हिन्दी रचना संस्थान' रखा गया है। यह एक स्वायत्त संस्था के रूप में काम करेगा तथा राज्य के तीनों विश्वविद्यालयों (बी. आई. एस. टी.) और महाविद्यालयों का सक्रिय सहयोग भी प्राप्त करेगा। इसके प्रबन्ध के लिए एक प्रबंधक-मंडल की योजना बनाई गई है जो राजस्थान सरकार के मार्ग-दर्शन में काम करेगा। इस संस्थान को आवश्यक वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार प्राप्त होंगे ताकि दैनिक कार्यों में इनके कारण कोई रुकावट न पड़ने पाए। राज्य के शिक्षा मंत्री इसके अध्यक्ष होंगे तथा कुलपति, राज्य के विशिष्ट शिक्षाविद और वित्त एवं शिक्षा मंत्रालय के पदाधिकारियों सहित इसके 17 सदस्य होंगे। संस्थान का वास्तविक प्रबंध एक कुलपति की देख-रेख में एक कार्यसमिति करेगी। समिति के सदस्य विभिन्न विषयों की 5 क्षेत्रवार विशेषज्ञ समितियों के संयोजक होंगे। संस्थान का कार्यालय जयपुर में रखने का प्रस्ताव है। प्रोफेसर के वेतनमान में एक सुयोग्य शिक्षाविद कार्यालय का प्रधान होगा और प्रशासन की देखरेख भी वही करेगा। पहले कुछ कर्मचारियों की नियुक्ति करके काम प्रारभ किया जाएगा और बाद में यथास्थिति प्रति-नियुक्ति द्वारा कर्मचारियों को नियुक्त किया जाएगा। इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाएगा कि कार्यालय का व्यय यथासंभव संस्थान के कुल बजट के 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

संस्थान पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन प्रकार की पुस्तकें तैयार कराएगा—

(1) मौलिक ग्रंथ निर्माण
(2) मानक ग्रंथों का अनुवाद
(3) संदर्भ ग्रंथों एवं विश्वकोशों का निर्माण

हिन्दी में उच्चतर मौलिक पुस्तकें लिखवाने के लिए सभी तरीके काम में लाए जाएँगे।

इसके लिए पूर्ण-कालिक लेखकों की नियुक्ति की जायेगी।

विद्यालयों और महाविद्यालयों के अध्यापकों को पारिश्रमिक देकर पुस्तकें लिखाई जायेंगी, और—

उत्तम रचनाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित करके मौलिक पुस्तक लेखन को प्रोत्साहन दिया जायेगा।

लगभग 500 पृष्ठ की 450 पुस्तकें प्रकाशित करने का प्रस्ताव है। इन पुस्तकों के अतिरिक्त हिन्दी में शोध-पत्रिकाओं तथा कुछ मानक-ग्रन्थों के अनुवाद प्रकाशित करने का भी विचार है। सोचा जा रहा है कि इन रचनाओं और पत्रिकाओं को विश्वविद्यालय प्रेसों द्वारा ही मुद्रित कराया जाए। अतएव इन प्रेसों की कार्यक्षमता बढ़ाने के हेतु पुस्तक-निर्माण के लिए नियत राशि में से ही कुछ राशि दी जा सकती है। प्रकाशन कार्य या तो संस्था करेगी अथवा आवश्यकतानुसार निजी प्रकाशकों द्वारा करायेगी।

संक्षेप में, संस्थान द्वारा पुस्तक-निर्माण एवं प्रकाशन कार्यक्रम की मोटी रूपरेखा इस प्रकार है—

(1) **स्नातक स्तर की रचनाएं**—स्नातक स्तरीय पुस्तक-निर्माण के बारे में योजना है कि हर विषय में लगभग 6 मानक पाठ्य-पुस्तकें एक वर्ष के अन्दर प्रकाशित कर दी जाएं। इसके साथ ही विभिन्न विषयों में विद्वान लेखकों द्वारा इसी स्तर के उत्कृष्ट मौलिक ग्रंथों की रचनाएं भी कराई जाएँ। इन रचनाओं को निजी प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित कराना सुविधाजनक होगा।

(2) **स्नातकोत्तर स्तर की रचनाएं**—इस स्तर की पुस्तकों के लिए अपेक्षाकृत अधिक प्रोत्साहन अपेक्षित होगा। अतः विचार है कि वांछित कोटि के हिन्दी ज्ञाता एवं विषय-विशेषज्ञों के अभाव में पहले मूलतः अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, रूसी, जापानी तथा हिंदीतर भारतीय भाषाओं की उत्कृष्ट पुस्तकों के अनुवाद तैयार कराए जाएं। कापी-राइट की दृष्टि से प्रथमतः पुस्तकालय-भाषाओं में से अधिकांश अनुवाद कराने लाभकर होंगे।

(3) **संदर्भ-ग्रंथ एवं विश्वकोश**—इस प्रकार की रचनाओं के लिए दीर्घकालीन योजाएं बनानी होंगी। इस संबंध में विचार-विमर्श चल रहा है।

(4) **अनुसंधान-कार्य**—ज्ञान-विज्ञान की सतत प्रगति के वर्तमान युग में पुस्तकालय भाषाओं (जैसे अंग्रेजी, रूसी) की शोध पत्रिकाओं का अनुवाद प्रकाशित करना अत्यन्त उपयोगी और महत्वपूर्ण काम है। फिर भी हिन्दी में शोध पत्रिकाएं प्रकाशित करते हुए उच्च कोटि के मौलिक शोध लेखों को

प्राथमिकता दी जाएगी। इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि शोध लेखों का प्रकाशन अनिवार्य रूप से एकाधिक भारतीय भाषा में किया जाए। इसके अलावा राजस्थान सरकार का यह भी विचार है कि हिन्दी में कुछ शोध-पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारंभ किया जाए और उसमें प्रकाशित शोध लेखों का सारांश भी अन्य भारतीय भाषाओं तथा कुछ पुस्तकालय भाषाओं में साथ-साथ दे दिया जाए।

डाक्टरेट की उपाधि के लिए जो शोध-प्रबन्ध प्रस्तुत होंगे यदि वे अंग्रेजी भाषा में हैं, तो उनका सारांश हिन्दी भाषा में भी होना चाहिए—राजस्थान विश्व-विद्यालय ने हाल में ही ऐसा निर्णय लिया है। अतः ऐसे प्रत्येक शोध-प्रबंध का सारांश आवश्यक रूप से हिन्दी में सुलभ होगा।

निःसन्देह मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की अपेक्षा विज्ञान तथा तकनीकी विषयों में हिन्दी पुस्तकों के निर्माण का कार्य धीमी गति से होगा, क्योंकि इन विषयों के विशेषज्ञों में हिन्दी-ज्ञाताओं का सर्वथा अभाव है। किन्तु शुद्ध तकनीकी विषयों के हिन्दी ज्ञाता विशेषज्ञ जहां कहीं भी सुलभ होंगे उनका पूर्ण सहयोग प्राप्त किया जायेगा तथा प्रकाशकों को भी इस दिशा में प्रोत्साहन दिया जायेगा।

राजस्थान सरकार अनुवाद कराते समय इस बात का सतत ध्यान रखेगी कि किसी पुस्तक का दुहरा अनुवाद न हो और इसके लिए हिन्दीभाषी राज्यों से बराबर सम्पर्क रखा जायेगा।

आशा है पुस्तक-निर्माण के इस राष्ट्रीय महायज्ञ में राजस्थान सरकार का योगदान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण और राष्ट्र की शिक्षा नीति के लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक होगा।

मध्य प्रदेश पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन योजना

विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों के निर्माण और प्रकाशन के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने एक स्वायत्त संस्था "विश्वविद्यालयीन रचना अकादमी" की स्थापना की है। इसका विधिवत उद्घाटन अभी हाल में भारत सरकार के शिक्षामन्त्रालय में राज्य मन्त्री प्रो० शेरसिंह द्वारा 22 जनवरी 1969 को भोपाल में किया गया। उनका उद्घाटन भाषण इसी अंक के पृष्ठ 12 पर दिया गया है। इस अवसर पर शब्दावली आयोग द्वारा आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्य मन्त्री और शिक्षा-मन्त्री श्री गोविन्द नारायणसिंह ने किया। अकादमी में एक प्रबन्धक मंडल की व्यवस्था की गई है जिसके अध्यक्ष राज्य के शिक्षा मंत्री होंगे। उनके अतिरिक्त इसमें शिक्षा सचिव, वित्त सचिव, राज्यों के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कालेजों के शिक्षा-निदेशक तथा 5 शिक्षाविद् और एक भाषाविद् होंगे। काम को सुचारु रूप से चलाने के लिए एक कार्यसमिति का गठन किया गया है जिसका अध्यक्ष अनिवार्य रूप से मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालय का एक कुलपति होगा और इस समिति का अध्यक्ष पद प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुल-पतियों द्वारा बारी-बारी से ग्रहण किया जाएगा।

कार्य समिति में कार्य समिति के सदस्य, अकादमी के निदेशक और 5 विषय-विशेषज्ञ हैं। ग्रन्थ-निर्माण के लिए अकादमी में निम्न विशिष्ठ एककों की योजना बनाई गई है :

(1) मानविकी (2)सामाजिक विज्ञान (3) मूलभूत विज्ञान (4) व्यावहारिक विज्ञान (5) आयुर्विज्ञान (6) संदर्भ-सूची रचना आदि।

प्रत्येक एकक के दो उपविभाग होंगे। एक मौलिक लेखन और दूसरा अनुवाद।

मानविकी में ग्रन्थ निर्माण का काम एक पुस्तक के लिए एक विशिष्ठ विशेषज्ञ को सौंपा जाएगा और इस बात का प्रयत्न किया जाएगा कि वह ही पूरी पुस्तक लिखे। लेखक को रायल्टी के साथ-साथ एक मुश्त पारि-श्रमिक देने की व्यवस्था भी है।

मानविकी की ऐसी पुस्तकें जो हिन्दी को छोड़कर अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध हैं और जो अपने विषय में शास्त्रीय मानी जाती है, को लिखने का काम लेखकों के मंडलों द्वारा करवाया जाएगा जिसमें एक विषय का विशेषज्ञ होगा, दूसरा भाषाविद् होगा और तीसरा अंग्रेजी

विषय का जानकार। तकनीकी पुस्तकों को लिखने का काम भी एक लेखक को सौंपा जाएगा। वह चाहे तो पुस्तक-निर्माण के काम में अन्य व्यक्ति से भी सहायता ले सकता है। मूलभूत विज्ञान की पुस्तक को विषय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों से लिखवाया जाएगा। वैज्ञानिक और तकनीकी पुस्तकें लिखवाने का काम लेखक मंडल द्वारा किया जाएगा जिसमें अलग-अलग अध्याय अलग-अलग लेखकों द्वारा लिखे जाएँगे। इस प्रकार की पुस्तकों को लिखने के लिए अलग-अलग अध्यायों के लेखकों को पारिश्रमिक दिया जाएगा, रायल्टी नहीं।

इसके अतिरिक्त अकादमी विशिष्ट विषयों पर उच्च-स्तर की पाण्डुलिपियाँ प्राप्त करने के लिए प्रतियोगिता का मार्ग अपनायेगी और सर्वोच्च पाण्डुलिपि को पारिश्रमिक देकर प्रकाशित करेगी।

इस प्रकार लिखी हुई पाण्डुलिपियों के पुनरीक्षण के लिए एक पुनरीक्षक समिति बनाने का आयोजन किया गया है जो पाण्डुलिपियों को भाषा और विषय की दृष्टि से पुनरीक्षित करेगी और इसके बाद पाण्डुलिपि का पुनरीक्षण एक अखिल भारतीय विशेषज्ञ मंडल द्वारा करवाया जाएगा जिससे उसमें और अधिक सुधार हो सके। जहाँ तक पुस्तकों के प्रकाशन और वितरण का सम्बन्ध है अकादमी ने निश्चय किया है कि यथासंभव इन पाण्डुलिपियों का प्रकाशन प्राइवेट प्रकाशकों द्वारा करवाया जाए। इस काम के लिए प्रकाशन जगत के ख्याति प्राप्त और उच्च स्तर के प्रकाशकों का चयन कोटेशन माँग कर किया जाएगा और जिनको अकादमी के प्रकाशक भी मनोनीत कर दिया जाएगा। अकादमी प्रकाशकों को पाण्डुलिपि देकर उसका मुद्रण करेगी और उसका खर्चा वहन करेगी अथवा पाण्डुलिपि की रायल्टी लेकर प्रकाशन के लिए अकादमी उसे प्रकाशक को सौंप देगी। इस रायल्टी में 15 प्रतिशत लेखक की रायल्टी भी शामिल है। अकादमी ने प्रति वर्ष पुस्तकों के निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की व्यवस्था की है।

विभिन्न विषयों में पुस्तकें लिखने की योजना अकादमी ने बनाई है। प्रस्तावित पुस्तकों की विषयवार सूची नीचे दी गई है :

विषयवार पुस्तक-सूची

क. मानविकी और सामाजिक-विज्ञान :

विषय	संख्या
दर्शन	6
इतिहास	12
अर्थ-शास्त्र	15
राजनीति विज्ञान	15
सांख्यिकी	6
लोक-प्रशासन	15
वाणिज्य	20
समाज विज्ञान	10
भूगोल	16

ख. विज्ञान :

विषय	संख्या
गणित	12
भौतिकी	24
रसायन	26
भूविज्ञान	10
वनस्पति विज्ञान	15

ग. व्यावहारिक विज्ञान :

विषय	संख्या
आयुर्विज्ञान	4
भेषज विज्ञान	4
पशुचिकित्सा-विज्ञान	4

विश्वविद्यालयों में साहित्य-निर्माण की प्रगति

[हिन्दी भाषी राज्यों के विश्वविद्यालय उच्च-स्तरीय पुस्तकों के निर्माण और प्रकाशन में बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। इस खंड के अन्तर्गत 'वाङ्मय' के पाठकों की जानकारी के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा पुस्तक-निर्माण सम्बन्धी काम का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाया करेगा। इस अंक में कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तर प्रदेश एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा पुस्तक-निर्माण सम्बन्धी अब तक उठाए गये कदमों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत है—सं०]

कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तर प्रदेश की पुस्तक-निर्माण योजना

भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश राज्य सरकार, द्वारा यह निर्णय लेने के पश्चात कि विश्वविद्यालयों में शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाएँ होनी चाहिए, कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तर प्रदेश ने यह निश्चय किया है कि यहां पर शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी से हिन्दी में 1971 तक बदल जाना चाहिए।

शिक्षा-माध्यम के परिवर्तन के लिए यह आवश्यक होगा कि हिन्दी में तथा सम्बद्ध प्रादेशिक भाषाओं में विभिन्न तकनीकी विषयों पर पाठ्य पुस्तकों का निर्माण, अनुवाद और प्रकाशन किया जाए। कार्यक्रम के तीन मुख्य अंग ये हैं :

1. मानक पाठ्य-पुस्तकों का निर्माण,
2. मानक पाठ्य-पुस्तकों का भारतीय भाषाओं की प्रवृत्ति के अनुसार अनुवाद और अनुकूलन, और
3. हिन्दी में मौलिक पुस्तक-लेखन।

कार्यक्रम को शीघ्रतापूर्वक क्रियान्वित करने में मुख्य कठिनाइयां हैं : (क) तकनीकी विषय-विशेषज्ञों का अभाव जिन्हें उन दोनों भाषाओं का पर्याप्त ज्ञान हो जिसमें तथा जिससे पुस्तक का अनुवाद किया जाना है, (ख) पूर्ण-कालिक अनुसंधान या अध्यापन-स्टाफ को अनुवाद कार्य करने के लिए समय का अभाव, (ग) वस्तुगत सुविधाओं, यथा संदर्भ पुस्तकें, आशुलिपिक अथवा डिक्टाफोन, टंकक आदि का अभाव, और (घ) संगठन का अभाव।

उपरोक्त कार्यक्रम को तेजी से क्रियान्वित करने के लिए

यहाँ एक स्वयंपूर्ण 'अनुवाद और प्रकाशन निदेशालय' स्थापित किया गया है जिसके कर्मचारियों की सूची आगे तालिका में दी गयी है।

इस विश्वविद्यालय ने कृषि के विभिन्न विषयों में निम्न पुस्तकें लिखने की योजना बनाई है :

1. कृषि ···38
2. पशु चिकित्सा ···15
3. मूलभूत विज्ञान और मानविकी की पुस्तकें जिनका कृषि में उपयोग होता है ···12

विश्वविद्यालय ने यह भी निश्चय किया है कि आरंभ में कृषि और पशु-चिकित्सा के सम्बन्ध में अनुवाद और लेखन का काम विश्वविद्यालय ही करे। इस विश्वविद्यालय का सुझाव है कि कृषि के अन्य विषयों के लिए इसी प्रकार के केन्द्र अन्य विश्वविद्यालयों में स्थापित किए जाएँ। प्रथम वर्ष में इस कार्यक्रम के लिए 24 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है।

अनुवाद और प्रकाशन निदेशालय के प्रस्तावित कर्मचारियों की सूची निम्न प्रकार है :

पद	पद संख्या	वेतनमान
निदेशक	1	1100-1600 रु० और साथ में 250 रु० मासिक विशेष वेतन
सह निदेशक	2	750-1250 रु०
अनुवादक (प्रवर वेतनमान)	10	400-950 रु०
अनुवादक (अवर वेतनमान)	10	300-550 रु०
वरिष्ठ लेखा-लिपिक	1	200-400 रु०
हिन्दी आशु-लिपिक	13	160-320 रु०
हिन्दी टंकक	10	120-220 रु०
डाक-वाहक	2	60-80 रु०

इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित उच्चस्तरीय पुस्तकें

(क) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग से अनुवाद के लिए विश्वविद्यालय के तदर्थ अनुवाद ब्यूरो को निम्नांकित पुस्तकें प्राप्त हुई, जो तैयार हो चुकी हैं :

	पुस्तक	लेखक	अनुवादक
1.	Principles of Electricity	Page & Adam	Dr. H.C. Khare
2.	Historical Geography of Ancient India	Dr. B. C. Law	Shri R. K. Dwivedi
3.	A Treatise of Differential Equations	A. R. Forsyth	Shri R. C. Gupta
4.	An Introduction to Remannian Geometry and Tensor Calculus	Weatherburn	Dr. R. S. Misra
5.	Theory of Legislation	J. Bentham	Sri B. N. Mani

(ख) **शिक्षा विभाग :**

निम्नांकित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और स्नातक-पूर्व कक्षाओं के लिए उनकी सिफारिश की गई है :

1. भारतीय शिक्षा सिद्धान्त ··· डा० एम० बी० अडवाल
2. महान पाश्चात्य शिक्षा-शास्त्री ··· डा० एस० के पाल
3. भारतीय शिक्षा दार्शनिक ··· डा० के० डी० सेठ

4. शिक्षा के सिद्धान्त और आधार ... श्री एल० एन० गुप्त
5. महान भारतीय शिक्षा शास्त्री ... ,,
5. महान पाश्चात्य शिक्षा-शास्त्री ... ,,
7. शिक्षा-शास्त्री ... ,,

(ग) दर्शन विभाग :

इस विभाग के प्राध्यापकों ने अपने व्यक्तिगत परिश्रम से निम्नलिखित विषयों पर स्नातक-स्तर की पुस्तकें प्रकाशित की हैं :

1. पाश्चात्य दर्शन
2. नीति शास्त्र
3. भारतीय दर्शन
4. दर्शन की सामान्य पुस्तकें

(घ) संस्कृत विभाग :

इस विभाग के तत्वावधान में नीचे दिए हुए ग्रन्थों के हिन्दी अनुवाद/मौलिक ग्रंथ प्रकाशित किए जा चुके हैं :

अनूदित पुस्तकें

	पुस्तक	लेखक	अनुवादक
1.	History of the Dharmashastra	P.V. Kane	Arjun Chaube
2.	History of Sanskrit Literature	A.B. Keith	Mangal Deo Shastri
3.	Sanskrit Drama	—do—	Dr. Udai Bhan Singh
4.	History of Indian Literature Vol. 1	M. Winternitz	L. Rai
5.	History of Sanskrit Literature	A.A. Macdonell	Charu Chandra Shastri
6.	Vedic Religion and Mythology	A.B. Keith	Dr. Surya Kanta
7.	Vedic Mythology	A.A. Macdonell	—do—
8.	Vedic Index	Macdonell and Keith	Ramkumar Rai
9.	Sanskrit Language	T. Burron	Dr. B.S. Vyas
10.	Original Sanskrit Texts	J. Muir	R. K. Rai
11.	A Concise History of Sanskrit Literature	G.N. Shastri	—do—
12.	Indian Philosophy	Radhakrishnan	Dr. H.C. Joshi
13.	Grammar of Prakrits	Pischel	Dr. I.C. Shastri
14.	History of Sanskrit Poetics	P.V. Kane	Dr. Bhatt and Chaudhury
15.	Indian Philosophy	Hiriyanna	Dr. Ram Kumar
16.	Indian Wisdom	M. Williams	Dr. Ram Kumar
17.	A New History of Sanskrit Literature	Krishna Chaitanya	V. K. Rai
18.	Comparative Philology	Dr. P.D. Guna	Dr. B. N. Tiwari
19.	Higher Sanskrit Grammar	Kale	Dr. K. D. Dwivedi
20.	Linguistic Survey	George Grierson	Dr. U.N. Tiwari
21.	Guide to Sanskrit Composition	Apte	R.K. Shukla

मौलिक रचनाएँ

1. भारतीय दर्शन ... कृष्ण चैतन्य
2. सामान्य भाषा-विज्ञान ... डा० बाबूराम सक्सेना
3. अर्थ-विज्ञान ... डा० बाबूराम सक्सेना
4. सांख्य-दर्शन की ऐतिहासिक परम्परा ... डा० ए० पी० मिश्र

5. भारतीय साहित्य शास्त्र ... डा० जी० डी० देशपांडे
6. भारतीय साहित्य शास्त्र ... प्रो० बलदेव उपाध्याय
7. संस्कृत आलोचना ... प्रो० बलदेव उपाध्याय
8. आयुर्वेद का इतिहास ... अत्रिदेव विद्यालंकार
9. पालि साहित्य का इतिहास ... भरत सिंह उपाध्याय
10. प्राकृत साहित्य का इतिहास ... डा० जे० सी० जैन
11. व्याकरण शास्त्र का इतिहास ... युधिष्ठिर मीमांसक
12. बुद्धदर्शन मीमांसा ... प्रो० बलदेव उपाध्याय
13. बुद्धदर्शन तथा अन्य भारतीय दर्शन ... डा० पी० सिंह
14. रस सिद्धान्त ... डा० नगेन्द्र
15. ध्वनि सिद्धान्त ... डा० बी० एस० व्यास
16. संस्कृत सुकवि शिक्षा ... प्रो० बलदेव उपाध्याय
17. पालि महा व्याकरण ... भिक्षु जगदीश कश्यप
18. सांख्य-दर्शन का इतिहास ... उदयवीर शास्त्री
19. सांख्य-योग धारणा का जीर्णोद्धार ... एच० एस० जोशी
20. योग वाशिष्ठ और उसके सिद्धान्त ... बी० एल० अत्रे
21. चार्वाक् दर्शन की समीक्षा ... डा० एस० एन० पाठक
22. पुराण विमर्श ... प्रो० बलदेव उपाध्याय
23. अर्थविज्ञान और व्याकरण दर्शन ... डा० के० डी० द्विवेदी
24. भारतीय दर्शनशास्त्र ... डा० देवराज
25. भारतीय संस्कृति में जैनधर्म का योगदान ... डा० एच० एल० जैन
26. भारतीय संस्कृति का विकास ... डा० एम० डी० शास्त्री
27. भाषा तत्व और वाक्यपदीय ... डा० एस० के० वर्मा
28. संस्कृत के संदेश काव्य ... डा० आर० के० आचार्य
29. संस्कृत नीति कथा का उद्गम और विकास ... डा० पी० एन० कवेथकर
30. आचार्य दंडी ... डा० जे० एस० त्रिपाठी
31. रस सिद्धान्त और सौंदर्य-शास्त्र ... निर्मल जैन
32. संस्कृत साहित्य का इतिहास ... वी० गैरोला
33. वैदिक योगसूत्र ... एच० एस० जोशी
34. वैदिक साहित्य और संस्कृति ... प्रो० बलदेव उपाध्याय
35. श्री शंकराचार्य ... प्रो० बलदेव उपाध्याय
36. संस्कृत के गीतिकाव्य का विकास ... पी० एन० शास्त्री
37. भारतीय संस्कृति और साधना ... म० गोपीनाथ कविराज

(च) प्राचीन इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग :

यह विभाग प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हिन्दी में अध्यापन और उच्च कोटि का अनुसंधान कार्य कर रहा है। जिन शाखाओं में विभाग ने विशेष कार्य किया है वे इस प्रकार हैं —प्रागितिहास,

मूल इतिहास (proto history), पुरातन लिपि, सिक्काशास्त्र, वास्तुकला, शिल्पकला, मूर्तिकला, चित्रकला, बृहत्तर भारत, प्राचीन राजनीतिक सिद्धांत और संस्थाएँ, धर्म और दर्शन, प्राचीन भारत का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, प्राचीन जगत की प्रमुख संस्कृतियाँ आदि।

इस विभाग के कार्यकर्त्ता सदस्यों में उपर्युक्त शाखाओं के ऐसे विशेषज्ञ विद्वान उपलब्ध हैं जो हिन्दी भाषा में मानक ग्रंथों के निर्माण के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत अभीष्ट प्रायोजनाओं का कार्य अपने हाथ में ले सकते हैं।

विभाग के सदस्यों के कुछ उपयोगी हिन्दी प्रकाशन नीचे दिए जा रहे हैं :—

1. बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास	गोविन्द चन्द पांडे (इस समय राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में इतिहास और भारतीय संस्कृति के प्रोफेसर हैं)
2. प्राचीन भारत में नगर तथा नगर-जीवन	डा० उदयनारायण राय
3. हमारे पुराने नगर	डा० उदयनारायण राय
4. विश्व सभ्यता का इतिहास (323 ई० पू० से 476 ई० तक)	(उक्तकालीन विस्तृत विवरण दिया गया है)
5. भारतीय संस्कृति	डा० बी० एन० एस० यादव तथा डा० लल्लनजी गोपाल
6. पौराणिक धर्म एवं समाज	डा० एस० एन० राय
7. प्राचीन भारतीय भूगोल	डा० बी० सी० लॉ की प्रसिद्ध पुस्तक Ancient Indian Geography का यह हिन्दी अनुवाद श्री आर० के० द्विवेदी ने किया है

पिछले कुछ वर्षों में इस विभाग के निम्नलिखित विद्वानों ने हिन्दी भाषा में लिखे अपने शोध-प्रबन्धों पर इस विश्वविद्यालय की डी० फिल० उपाधि प्राप्त की :

1. डा० रणजीत सिंह	(शोध-प्रबंध : धर्म की हिन्दू अवधारणा)
2. डा० (कु०) गीता देवी	(शोध-प्रबंध : उत्तरी भारत में शिक्षा पद्धति-600 ई० से 1200 ई० तक)
3. डा० राजछत्र मिश्र	(शोध-प्रबंध : अथर्ववेदकालीन संस्कृति)

विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम के लिए नीति-निर्देश

[विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन के लिए भारत सरकार ने सभी राज्यों के मार्ग-दर्शन के लिए टिप्पणी के रूप में नीति-निर्देशक सुझाव तैयार किये हैं। यह मार्ग निर्देशक टिप्पणी केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार मण्डल ने 11 अक्तूबर 1968 को अपनी 34वीं बैठक में स्वीकार कर ली है। इस टिप्पणी में यह सूचित किया गया है कि अनुदान का 10-12% भारतीय भाषाओं के माध्यम से अध्यापन के लिए अध्यापकों के प्रशिक्षण पर व्यय किया जाना चाहिए और इस राशि का 3 से 5% तक भारतीय भाषाओं में शब्दावली के अनुकूलनार्थ रखा जाना चाहिए। इस मार्ग-निर्देशक नोट में पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन के बारे में विशद रूप से चर्चा की गई है और विभिन्न राज्य सरकारें पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन के कार्यक्रमों को बनाने में आधारभूत सामग्री के रूप में इस टिप्पणी की सहायता ले रही हैं। मार्ग-निर्देशक टिप्पणी में शिक्षा-माध्यम को भारतीय भाषाओं में परिवर्तित करने के लिए जो कार्यक्रम सामने रखे गए हैं उनमें से मुख्य हैं: पुस्तक-निर्माण, शिक्षक-अभिविन्यास तथा शब्दावली को अन्तिम रूप देना। पाठकों के लाभ के लिए इस टिप्पणी की सूचना संक्षेप में यहाँ प्रस्तुत की जा रही है—सं०]

माध्यम-परिवर्तन के लिए सभी भारतीय भाषाओं में विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों का निर्माण और प्रकाशन करने के लिए 18 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इस काम के लिए भारत सरकार प्रत्येक राज्य सरकार को एक-एक करोड़ रुपये का अनुदान दे रही है। अनुदान देने की शर्त यह है कि पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन कार्यक्रम के लिए राज्य सरकारें 25% अंशदान करें और 75% अनुदान भारत सरकार दे। अनुदान प्राप्त करने के लिए भारत सरकार को अब तक राज्य सरकारों से जो प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं वे केवल पुस्तकों के अनुवाद एवं ग्रन्थ-रचना के सम्बन्ध में ही हैं। इन प्रस्तावों में शब्दावली अनुकूलन अथवा शिक्षकों के अभिविन्यास के लिए कोई

व्यवस्था नहीं सुझाई गई है। नीति-निर्देशक टिप्पणी में यह सुझाव दिया गया है कि इस कार्यक्रम के अधीन होने वाले व्यय का 85 प्रतिशत पुस्तक-निर्माण एवं अनुवाद कार्य के लिए रखा जाए, 10 से 12 प्रतिशत तक अध्यापकों के प्रशिक्षण एवं अभिविन्यास के लिए तथा 3 से 5 प्रतिशत तक भारतीय भाषाओं में शब्दावली अनुकूलन के लिए रखा जाए। जहां तक हिन्दी-भाषी राज्यों का सम्बन्ध है उन्हें शब्दावली के लिए कुछ भी खर्च नहीं करना है क्योंकि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा निर्मित शब्दावली को वे उसी रूप में ग्रहण कर सकते हैं। इस प्रकार हिन्दीभाषा-भाषी राज्यों में उपलब्ध निधियों में से लगभग 85 प्रतिशत राशि हिन्दी में मानक ग्रन्थों के निर्माण, अनुवाद और प्रकाशन कार्य में और शेष 15 प्रतिशत राशि अध्यापकों के प्रशिक्षण और अभिविन्यास सम्बन्धी योजना पर व्यय की जा सकती है।

इस टिप्पणी में यह सुझाव दिया गया है कि अपनी पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन योजनाओं में जिन राज्यों ने शब्दावली को अन्तिम रूप देने तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं अभिविन्यास के लिए व्यवस्था नहीं की है वे अपनी योजनाओं को इस दिशा में उचित रूप में संशोधित कर लेंगे तथा जो राज्य अभी योजनाएं तैयार कर रहे हैं वे भी इन दोनों प्रयोजनों के लिए उपयुक्त व्यवस्था करेंगे।

कार्यक्रम के क्रियान्वयन की व्यवस्था

यद्यपि वर्तमान योजना मुख्य रूप से विश्वविद्यालयों एवं उच्चतर शिक्षा के संस्थानों द्वारा ही क्रियान्वित की जाएगी, तथापि यह निर्णय किया गया है कि कार्यक्रम के अधीन दी जाने वाली सहायता राज्य सरकारों के माध्यम से ही दी जाएगी। इसलिए अपने क्षेत्राधिकार के विश्वविद्यालयों एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले संस्थानों के बीच निधियों के वितरण की प्रक्रिया राज्य सरकारों द्वारा ही निर्धारित की जाएगी।

प्रत्येक राज्य सरकार इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था करेगी। यह निर्णय राज्य सरकारों को ही करना है कि ऐसी व्यवस्था का भार किसी राज्य संगठन के हाथ में दिया जाए अथवा किसी स्वशासी निकाय को सौंपा जाए? केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय की इच्छा है कि इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन की व्यवस्था किसी गैर-सरकारी स्वशासी संगठन के हाथ में हो; क्योंकि विश्वविद्यालयों के साथ, समन्वयन का कार्य गैर-सरकारी स्वशासी संगठन ही अच्छी प्रकार कर सकते हैं।

इस प्रकार के संगठन को आवश्यकतानुसार अधिक से अधिक सलाहकार समूहों और समितियों (इसमें विषय नामिकाएं भी सम्मिलित हैं) की सलाह से काम करना चाहिए।

राज्य सरकारों द्वारा स्थापित ऐसे संगठनों के लिए आवश्यकतानुसार कर्मचारी-वर्ग की व्यवस्था भी करनी होगी। चूंकि वर्तमान कार्यक्रम अस्थायी है और भारत सरकार द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं में विश्वविद्यालय-स्तरीय साहित्य के अभाव की पूर्ति के लिए यह संचालित किया जा रहा है इसलिए यह आवश्यक है कि कर्मचारी वर्ग में कम से कम किन्तु सक्षम व्यक्ति रखे जाएं। इस संगठन की कार्य-प्रणाली भी व्यावहारिक होनी चाहिए। विभिन्न राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों की जांच करने के बाद, केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय का यह विचार बना है कि इस प्रकार के संगठन का प्रशासन-व्यय किसी भी दशा में योजना के अधीन होने वाले कुल व्यय के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

विषयवार एकक एवं उनके पृथक्-पृथक् कार्य

महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि अनुवाद और चुनी हुई पुस्तकों के लेखन का कार्य कौन करेगा? कुछ राज्य सरकारों ने विषय एककों (प्रत्येक एकक में दो लेक्चरर, एक रीडर और एक भाषाविद्) की स्थापना का सुझाव दिया है। केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय इस कार्य प्रणाली को न तो व्यावहारिक मानता है और न ही इसे मितव्ययी समझता है। प्रथम तो, हमारे विश्वविद्यालयों में सक्षम अध्यापकों की पहले से ही कमी है और इस प्रकार

बहुसंख्यक अध्यापकों को अपने सामान्य कर्तव्य से विलग करने से शिक्षा के स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । दूसरे, यह कार्य अस्थायी किस्म का होने के कारण इस के लिए विशिष्ट सेलों व एककों में बहुत-सी नियुक्तियों की व्यवस्था करने से निहित स्वार्थ एवं अन्य प्रशासकीय समस्याएं उत्पन्न हो जाएंगी । इस सम्बन्ध में शिक्षा मन्त्रालय का सुविचारित मत यह है कि अनुवाद और लेखन-कार्य के लिए पारिश्रमिक की अनुमोदित दरों के आधार पर चुने हुए विश्वविद्यालयों के अध्यापकों की वैयक्तिक अथवा सामूहिक सेवाएं प्राप्त की जाएं । इस प्रकार के पारिश्रमिक की दरें उन-उन राज्यों अथवा विश्वविद्यालयों में लागू वर्तमान दरों के समतुल्य होनी चाहिए । स्वाभाविक रूप से ये दरें भिन्न-भिन्न राज्यों में भिन्न-भिन्न होंगी । मन्त्रालय यह भी समझता है कि ऐसी स्थिति में जहां कार्य कठिन हो, और उसके निष्पादन में विशिष्ट अनुभव की अपेक्षा हो, पारिश्रमिक की दरों को आकर्षक बनाने की आवश्यता होगी । ऐसे मामलो में लेखकों और अनुवादकों को उदारता के साथ अच्छा पारिश्रमिक देने की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए । जहां आवश्यक हो, इस कार्य के लिए चुने हुए अध्यापकों को छुट्टी आदि की सुविधाएं भी दी जानी चाहिए ।

राज्य संस्था के सम्बन्ध में उपर्युक्त चर्चा मुख्य रूप से अनुवाद और विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण को दृष्टि में रख कर की गई है । किन्तु मन्त्रालय का विश्वास है कि जहां स्वतन्त्र अथवा अधिक उपयुक्त संगठन पहले से विद्यमान न हों, वहां राज्य की भाषा में मानक शब्दावली को अन्तिम रूप देने तथा हिन्दी-माध्यम द्वारा पढ़ाने के लिए अध्यापकों के प्रशिक्षण और अभिविन्यास का कार्य भी इसी संगठन को सौंपना हितकर होगा ।

राज्य भाषा संस्थान

कुछ राज्य सरकारों ने यह विचार व्यक्त किया है कि वे विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण का कार्य अपने भाषा-संस्थानों को देना चाहते हैं । जहाँ व्यवस्था पूर्ण सन्तोषजनक हो, वहाँ इस प्रस्ताव के विरुद्ध शिक्षा-मंत्रालय को निश्चित ही कोई आपत्ति नहीं होगी । किन्तु यह स्मरणीय है कि राज्य भाषा संस्थानों की योजना, राज्य का अपना क्षेत्रीय कार्यक्रम है, अत: केन्द्र से उसे केवल 40 प्रतिशत सहायता ही मिल सकती है । इसके विपरीत, वर्तमान योजना केन्द्र-संचालित कार्यक्रम के अन्तर्गत है, अत: इसको 75 प्रतिशत सहायता दी जा सकती है । यदि वर्तमान कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का उत्तरदायित्व राज्य भाषा संस्थान को सौंपा जाएगा तो वर्तमान कार्यक्रम के लिए सारा हिसाब-किताब अलग रखना आवश्यक होगा ।

पुस्तकों का मुद्रण, प्रकाशन और विक्रय

प्रत्येक राज्य संगठन चुनी हुई पुस्तकों को सरकारी या निजी प्रेसों में छपाकर प्रकाशित करेगा । ऐसे प्रेसों का चुनाव उनकी इस प्रकार के कार्य करने की क्षमता एवं दरों की तुलनात्मकता के आधार पर किया जाना चाहिए । जहाँ इस प्रकार का कार्य करने वाली कोई सहकारी संस्था हो (उदाहरणार्थ, मैसूर राज्य में इस प्रकार की एक संस्था मौजूद है), वहाँ यह कार्य उसके द्वारा करवाया जा सकता है ।

किसी पुस्तक के प्रत्येक संस्करण की कितनी प्रतियां छपाई जायें इसका निश्चय कम से कम आगामी 4-5 वर्षों की माँग को ध्यान में रख कर किया जाना चाहिए । जहाँ तक किसी हिन्दी-भाषी राज्य का संबंध है उसे अन्य हिन्दी-भाषी राज्यों की माँग को दृष्टि में रखते हुए ही इस संख्या का फैसला करना होगा । इसका अर्थ है कि कुछ स्थितियों में न्यूनतम मुद्रणादेश संख्या 10,000 या उससे भी अधिक हो सकती है । ऐसी प्रत्येक पुस्तक के शीर्षक के नीचे वर्तमान योजना का नाम स्पष्ट रूप से उल्लिखित होना चाहिए । इन पुस्तकों का मूल्य भी, 'न-लाभ न-हानि' अथवा अल्प-लाभ के आधार पर, उचित रखा जाना चाहिए ।

जहाँ तक संभव हो, राज्य सरकारों और इस प्रयोजन के लिए राज्यों द्वारा स्थापित इन संगठनों को पुस्तकों के

विक्रय और वितरण का कार्य सीधे अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। अतीत में इस प्रकार की व्यवस्था प्रायः असफल रही है। पुस्तकों के विक्रय और वितरण का कार्य यदि निजी प्रकाशकों को उचित शर्तों पर दे दिया जाए तो यह अधिक मितव्ययी और प्रभावशाली होगा। किन्तु जहाँ समुन्नत सरकारी अथवा अर्ध-सरकारी विक्रय-एजेंसियां मौजूद हों और संतोषजनक रीति से कार्य कर रही हों तो उन्हें यह काम सौंपा जा सकता है।

आवर्तक निधि की स्थापना

इस सम्पूर्ण कार्यक्रम की सफलता के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण शर्त यह है कि सम्बद्ध विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम के अधीन निर्मित पुस्तकों को अपने पाठ्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इससे इन पुस्तकों की बिक्री सुनिश्चित हो जाएगी। ऐसी स्थिति में 'न-लाभ न-हानि' के आधार पर यदि इन पुस्तकों का मूल्य रखा जाए तो भी, सम्पूर्ण व्यय-राशि न सही, उसका एक अच्छा-खासा अंश कालान्तर में वसूल होने की आशा की जा सकती है। अगर 10 प्रतिशत तक का अल्पलाभ उपार्जित करना स्वीकार किया जाए तो भी वर्ष-प्रति-वर्ष यह प्राप्ति थोड़ी-थोड़ी करके बढ़ती रहेगी। इस दृष्टि से प्रत्येक राज्य सरकार एक आवर्तक निधि की स्थापना करें ताकि वर्तमान की ही नहीं अपितु भावी आवश्यकताओं की पूर्ति भी इस प्रारंभिक निवेश से ही हो सके। इस प्रसंग में आन्ध्र प्रदेश का उल्लेख किया जा सकता है जिसने इस प्रकार की आवर्तक निधि की स्थापना कर ली है।

पुस्तक-निर्माण कार्यक्रमों का समन्वयन

इस निवेश से उत्तमोत्तम परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न राज्यों के कार्यक्रमों में तालमेल लाना आवश्यक होगा। इस उत्तरदायित्व को मुख्य रूप से शिक्षा मंत्रालय स्वयं वहन करेगा।

शिक्षा मंत्रालय समय-समय पर विभिन्न राज्यों में हुई प्रगति की सूचना को एकत्र करके सभी के मार्ग-दर्शन के लिए प्रस्तुत किया करेगा।

जहाँ तक हिन्दी भाषी राज्यों का प्रश्न है अलग से एक समन्वय समिति इस काम के लिए बना दी गई है। इसमें हिन्दी भाषी राज्यों के शिक्षा विभागों और विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग इस समिति के सचिवालय के रूप में काम कर रहा है। हिन्दी भाषी राज्यों और उनमें स्थित विश्वविद्यालयों को यह सलाह दी जाती है कि वे समन्वय समिति से बराबर सम्पर्क रखें।

केन्द्र से वर्तमान योजना के अन्तर्गत सहायता और अनुदान मांगते समय राज्यों के प्रस्तावों में निम्नलिखित सूचना होनी आवश्यक है :

(1) योजना को क्रियान्वित करने के लिए प्रस्तावित संगठन के बारे में विस्तृत जानकारी।

(2) प्रशासनीय कर्मचारियों की विस्तृत जानकारी (इस बारे में पूरी सावधानी बरती जाए कि प्रशासन पर कुल खर्च का 5 प्रतिशत से अधिक खर्च न हो)।

(3) लेखकों, अनुवादकों और पुनरीक्षकों के पारिश्रमिक की दरें।

(4) मौलिक रूप से लिखी जाने वाली अथवा अनूदित होने वाली पुस्तकों के निर्माण की विस्तृत जानकारी और उनके अनुमान।

(5) सम्बन्धित भाषा में वैज्ञानिक, तकनीकी तथा दूसरे विषय की मानक शब्दावली को अन्तिम रूप से तैयार करने के लिए उठाए गए आवश्यक कदमों की विस्तृत जानकारी और अनुमान (शब्दावली को अंतिम रूप से तैयार करने का समय 9-12 महीने से अधिक नहीं होना चाहिए, नहीं तो साहित्य-निर्माण का पूरा काम रुक जाएगा)।

(6) अध्यापकों के प्रशिक्षण और अभिविन्यास के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी और अनुमान।

(7) स्वीकृत पुस्तकों के प्रकाशन, विक्रय और वितरण से संबंधित विस्तृत जानकारी।

(8) आवर्त्तक निधि के लिए उठाये गये कदम।

(9) कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित पुस्तकों को विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्वीकृति/मान्यता प्राप्त करने के लिये उठाये गये आवश्यक कदम ।

(10) किसी राज्य सरकार द्वारा अन्य कोई प्रस्ताव जिसके बारे में केन्द्रीय सरकार से मार्ग-दर्शन प्राप्त करना है ।*

---

* नीति-निर्देश टिप्पणी की विस्तृत जानकारी के लिए संलग्न परिशिष्ट 'क' देखें ।

Guidelines for the formulation of State Programmes for the production of University level books in different Indian Languages

(This is a note prepared by the Ministry of Education for providing guidelines, under the centrally sponsored scheme "Production of literature in Indian languages as media of instruction at university stage" in the Fourth Five Year Plan).

THE Education Commission (1964-66) recommended that the Indian languages should be adopted as media of education at the university stage. This recommendation was successively approved by the State Education Minister's Conference (April, 1967), Members of Parliament Committee on Education (July, 1967) and Vice-Chancellors' Conference (September, 1967). The National Policy on Education (1968) also emphasises the need for adopting Indian languages as the media of education at the university stage. To quote from the Resolution: "The regional languages are already in use as media of education at the primary and secondary stages. Urgent steps should now be taken to adopt them as media of education at the university stage."

2. In order to implement the policy decision to change from English to the Indian languages as the media of education at the university stage, the Government of India have decided to assist the State Governments to the extent of one crore of rupees each during the five year period beginning from 1968-69. Under this scheme, assistance will be given to the State Governments on the basis of 75 per cent of approved expenditure, the remaining 25 per cent being the responsibility of the State Governments. It will thus be open to a State Government to incur a total expenditure of Rs. 1.33 crores—1 crore to be contributed by the Centre and 33 lakhs by the State Government—for this purpose during the five year period in question.

Effective Implementation of the Programme

3. The effective implementation of the programme to change-over to Indian languages will depend principally upon the following four conditions:

(a) A sufficient number of standard books and other reference literature must be available in the Indian languages as early as possible. The programme should cover not only translation of standard works but also original writing of books. In fact the emphasis should be on original writing.

(b) The production of standard books and other reference literature will, in turn, depend upon the finalisation of standard terminology in different languages in scientific, technical and other subjects. A review of the present position of terminology in different languages was made at a recent meeting of the State Language Officers (see Annexure 'B' on page 36). It transpired that many states have not so far taken concretesteps to adopt/adapt the terminology evolved by the Commission for Scientific and Technical Terminology. This should be done immediately so that writers and translators do not find it difficult to complete their assignments for want of standard terminology.

(c) To ensure effective use of books and literature to be produced under the scheme, it is necessary that the concerned universities prescribe them for approved courses at the undergraduate and post-graduate levels.

(d) Since the success of the entire programme for effecting the proposed change-over to the Indian languages will depend on the support and cooperation of the teachers, it is necessary to make adequate arrangements for their training and orientation for this purpose.

Expenditure on Book Production, Teachers' Orientation and Finalisation of Terminology

4. So far, the proposals received from

the State Governments have only been in terms of translation or original writing of books. No provision has been suggested either for the finalisation of terminology or for the training and orientation of teachers. It is suggested that of the total expenditure to be incurred under this programme, some 85% may be set apart for translation and production of books ; 10 to 12 per cent for the training and orientation of teachers ; and 3 to 5 per cent for the finalisation of terminology in the language concerned. In the case of Hindi-speaking States, no expenditure need be incurred on terminology, for they can readily adopt the terms evolved by the Commission for Scientific and Technical Terminology. In their cases, therefore, some 85 per cent of the funds might go into the production and translation of standard books in Hindi and the remaining 15 per cent or so into the training and orientation of teachers.

5. It is hoped that states which have not so far provided for the finalisation of terminology, training and orientation of teachers will revise their proposals suitably. The other states which have yet to formulate their proposals may wish to make suitable provision for these two purposes.

Machinery for implementing the Programme

6. Although the main implementing agencies of the present scheme will be the universities and other institutions of higher learning, it has been decided that assistance under the programme will be channelled through the State Governments. It will be for the State Governments to lay down suitable procedures for making funds available to the universities and other participating institutions within their jurisdiction.

7. Each State Government will have to set up a suitable machinery for implementing the scheme. Whether the required machinery should be a Government organisation or an autonomous body is a matter primarily for each State Government to decide. Ministry's own preference is for non-government autonomous organisations. A non-government organisation will, among other things, be more suitable for coordinating work with the universities which are autonomous organisations.

8. As an example of the kind of organisation to be considered, mention may be made of the autonomous organisation called "Rajasthan Gyan Vigyan Hindi Rachana Sansthan" set up by the Government of Rajasthan. The organisation has a Board of Management of 17 members of which the State Education Minister is the Chairman. There is a 5 member executive committee to attend to the day to day work of the organisation. For the technical guidance of the organisation, the State Government has proposed five specialist committees. (The details of the scheme are given on page 35 at Annexure A.)

9. Another example of an autonomous organisation is provided by the Maharashtra Government which has established the Maharashtra Universities' Book Production Board to consist of the following :—

1. Vice-Chancellor, Bombay
2. Vice-Chancellor, Nagpur
3. Vice-Chancellor, SNDT
4. Vice-Chancellor, Poona
5. Vice-Chancellor, Marathwada
6. Vice-Chancellor, Shivaji (Kolhapur)
7. Vice-Chancellor, Krishi Vidyapeeth (Bombay)
8. A representative of the Department of Education, Maharashtra State.
9. A representative of the Ministry of Education, Government of India.

10. The organisation should have available to it the advice of as many advisory groups or committees including subject penels as may be found necessary.

11. The organisation to be set up by a State Government will have to be given necessary administrative staff. Since the present programme is of a temporary nature and is being sponsored by the Central Government only to fill the existing gaps in the university level literature in different languages, it is necessary that the staff to be appointed should be *competent* and *minimum*. The approach here has to be functional. A good example of this approach is provided by the proposal of the Maharashtra Government. To quote from a communication from that Government : "The office of the Bureau should have the necessary administrative staff comprising of one office Superintendent in the grade of

Rs. 300-20-500 and one accounts Clerk, one Senior Clerk, and one Typist-clerk.

Suitable provision will also have to be made for contingent expenditure and for travelling and other allowances of the administrative staff.

12. On a careful examination of the proposals received from the different States so far the Ministry is of the view that expenditure on administration should in no case exceed 5 per cent of the total expenditure under the scheme.

Separate Subject cells or individual job assignments

13. An important question is : Who will translate or write the selected books ? Some State Governments have suggested the establishment of subject cells, each cell to consist of, say, two Lecturers, one Reader and a Linguist. The Ministry does not consider this approach to be functional or economical. In the first place, our universities and institutions are already short of competent teachers and to displace a large body of teachers from their normal teaching responsibilities will adversely affect instructional standards. Secondly, since this work is of a temporary nature, to create a large number of positions in special cells or units for the purpose, may create vested interests and other administrative problems later. Ministry's considered view is that it would be far better to farm out translation and writing assignments individually or jointly to selected university teachers on the basis of approved rates of remuneration. These rates in each State should be in conformity with the prevailing rates of that State or of its universities. Naturally the rates will vary from State to State. However, the Ministry does foresee the need to make the prevailing rates more attractive in those cases where the assignment is extremely difficult and may require the services of teachers or scholars with special experience. In such cases it should be possible to remunerate the authors or translators on a more liberal basis. Also where necessary, leave or any other special facilities required by the selected teachers should be granted to them.

14. The foregoing discussion of this State machinery is principally from the point of translation and production of university level original books. But the Ministry believes that where independent or more suitable organisations are not already in existence, the responsibilities for the finalisation of standard terminology in the language of the State and for the training and orientation of teachers to teach in the language of the State could also be entrusted to this machinery.

State Language Institutes

15. Some State Governments have suggested that they would prefer to entrust the production of university level books to their Language Institutes. Where this is considered to be the most satisfactory arrangement, the Ministry would surely have no objection to such a proposal. However, it should be recalled that the scheme of State Institutes of Languages is in the State Sector and is eligible only for 40 per cent assistance from the Centre. The present scheme, however, is in the centrally sponsored sector and is eligible for 75 per cent assistance. In case the responsibilities for implementing the present programme are entrusted to the State Language Institute, it will be necessary to maintain separate accounts for the present programme.

Publication and Sales of Books

16. Each State machinery will publish selected books by assigning the job to Government or private presses. Presses should be selected for their suitability for the job and for the competitiveness of their rates. Preference in job assignment may be given to a cooperative society where such an organisation exists, as in Mysore.

17. For each edition of a book, the number of copies should be determined after taking into consideration the demand for at least a period of 4-5 years. A Hindi State will have to be guided by the requirements of the other Hindi States in addition to those of its own. This means that in some cases the minimum print order may be 10,000 or more. Under the title of each book there should be a clear inscription of the name of the present scheme under which it is brought out. The books should be reasonably priced on a no-profit-no-loss basis or with a marginal profit only.

18. As far as possible, the State Governments or the organisations to be set up for the purpose are advised not to undertake the responsibility of sales and distribution of books directly. Such arrangements have rarely succeeded in the past. It would be far more economical and effective to associate private publishers on suitable terms with the sales and distribution of books. However, where well-developed Government or semi-government sales agencies are already in existence and are functioning satisfactorily, these could certainly be associated.

Creation of a Revolving Fund

19. One of the conditions mentioned above for the success of the entire programme is that the concerned universities will take steps to prescribe the books produced under this programme. This will guarantee sales. Even if the books are priced on a no-profit-no-loss basis, a good part of it, if not the entire expenditure, can be expected to be recovered in due course. If a little profit of say 10% is allowed, the receipt should increase little from year to year. Each Government should, therefore, take steps to create a revolving fund out of the receipt so that not only their current but future needs as well can be met out of the initial investment. Mention might be made of the Andhra State Government which has already decided to create a revolving fund as proposed.

Coordination of the book production programmes of different states

20. In order to get the best results from this investment, it will be necessary to coordinate the programmes of the different states. This responsibility will be primarily borne by the Ministry of Education.

The Ministry will collect information of the progress of the programme in different States from time to time and make it available for their guidance.

21. In so far as the Hindi States are concerned, a separate coordination committee has already been set up for the purpose. It includes representatives of universities and State Education Departments from these States. The Commission for Scientific and Technical Terminology is functioning as the Secretariat of this Committee. The Hindi States and their universities will do well to be in touch with the work of the coordination committee in the Commission.

Summary

22. Briefly the proposals of a State Government for assistance from the Centre under the present scheme should inter-alia give the following information :

(*i*) Nature and details of the machinery proposed to be set up for implementing the scheme.

(*ii*) Details of the administrative staff (care being taken to limit expenditure on administration to a maximum of 5 per cent of the total expenditure).

(*iii*) Rates of remuneration to be given to authors, translators and vettors.

(*iv*) Details and estimates of books and other literature to be produced or translated.

(*v*) Details and estimates of measures necessary to finalise a standard terminology in scientific, technical and other subjects in the language concerned. (The finalisation of a terminology should not extend beyond a period of 9 months to a year, otherwise the entire programme of book production may get held up).

(*vi*) Details of estimates of suitably phased programmes of training and orientation of teachers to teach in the language of the State.

(*vii*) Nature of arrangements for publishing the approved books and for their sales and distribution.

(*viii*) Steps proposed for creating Revolving Fund.

(*ix*) Steps contemplated to ensure that the books produced under the programme will be actually prescribed by the concerned universities.

(*x*) Indication of any further assistance/guidance that a State Government might wish to seek from the Centre.

Annexure 'A'

Some details of the Autonomous Organisation set up by the Rajasthan Government for the production of University level books

Name of the Organisation.

The State level organisation for producing technical literature in Hindi may be named as "Rajasthan Gyan Vigyan Hindi Rachna Sansthan".

Area of Operation

The proposed unit would work in active collaboration with the other States and the Central Government which are involved in producing literature in Hindi. Within the State it will work as an autonomous organisation and enlist cooperation of the three universities in the State, the B.I.S.T. and the Colleges imparting higher education.

Board of Management.

It is suggested that an autonomous Board be set up with all financial and executive powers under the general guidance of the State Government. The Board will consist of the following :—

1. State Education Minister......Chairman
2. Vice-Chancellor, University of Rajasthan. Jaipur.
3. Vice-Chancellor, University of Udaipur, Udaipur.
4. Vice-Chancellor, University of Jodhpur, Jodhpur.
5. Financial Commissioner.
6. Education Secretary.
7. Bhasha Sachiva, Director Bhasha Vibhag,
8. Director of Education.
9. Additional Director of Education.
10. Director, B.I.S.T.
11. Director of Technical Education.
12. Deans of Agriculture, Medical & Veterinary Sciences.
13. Five experts belonging to different areas ·
14. A publisher to be nominated by the State Govt. Two eminent persons to be nominated by the Govt. interested in the work.
15. Representative of the Ministry of Education.
16. The Chairman, Board of Secondary Education, Rajasthan.
17. Secretary of the Sansthan.

The Board would meet at least once a year to lay down policies, to approve the budget and to assess the progress of work from time to time.

Executive Committee.

An Executive Committee consisting of the following may be appointed to look after the actual management of the Sansthan :

1. One of the Vice-Chancellors-Chairman.
2. Finance Secretary to the State Govt.
3. Education Secretary to the State Govt.
4. Five experts belonging to different areas or groups of subjects.
5. Secretary of the Sansthan.

It may be desirable to appoint one of the five expert members as Working Chairman who would preside over the meetings of the Executive Committee in the absence of the Chairman (One of the Vice-Chancellors) and also be available for guidance to the Secretary of the Sansthan as and when needed.

Areawise Specialist Committee

Five committees may be set up to deal with different areas or groups of subjects viz. General Works, Humanities, Social Sciences, Natural Sciences and Applied Sciences. On these committees there will be experts in each of the subjects. The conveners of these Committees would be members of the Executive Committee as also of the Board of Management.

Annexure 'B'

Minutes of the Conference of the State Officers, Incharge of Development of Indian Languages held in New Delhi on 9th September, 1968

A meeting of the State Officers, incharge of Development of Indian Languages was held at New Delhi under the Chairmanship of Dr. B.R. Saksena, Chairman, Commission for Scientific and Technical Terminology. Union Education Minister, Dr. Triguna Sen also graced the Conference by his presence for some time. The following were present :—

1. Andhra—Dr. P.S.R. Apparao, Officer Incharge, Telugu Development.
2. Assam—Dr. B.K. Tamuli, General Secretary, Assam Science Society.
3. Gujarat—Dr. I. J. Patel, Vice Chancellor, Sardar Patel University.
4. Maharashtra—Dr. W. N. Pandit, Director of Languages.
5. Orissa—Shri B. Das, Director of Public Instruction.
6. Punjab—S. Tara Singh & S. Pritam Singh, Assistant Directors, Languages.
7. Tamilnad—Shri M. R. Perumal Mudaliar, Director of Tamil Development.
8. West Bengal—Shri G.C. Malik, Deputy Secretary, Education.

Ministry of Education

1. Dr. P.D. Shukla, Joint Educational Advisor (Languages).
2. Shri Veda Prakash, Dy. Educational Advisor (Languages).

C.H.D.

1. Prof. A. Chandrahasan, Director.

C.S.T.T.

1. Dr. S. Balasubramaniam, Member.
2. Dr. S.N. Prasad, Principal Production Officer.
3. Prof. G.J. Somayaji, Principal Research Officer (L-1).
4. Dr. R. Prasad, Principal Research Officer (Medicine)
5. Dr. O.P. Sharma, Principal Publication Officer.
6. Shri R.N. Dwivedi, Principal Research Officer (L-2).

Opening the discussion, Dr. B.R. Saksena referred to the Government's decision to change-over from English to Indian languages as media of education at the university stage as a momentous national decision. But he pointed out that this switch-over could not be possible until suitable scientific and technical terminology was available in the different languages.

He commended the glossaries published by the Commission for Scientific and Technical Terminology as a basis for finalising the scientific and technical terminology in different Indian languages. The Commission's terminology was available for adoption/adaptation in different languages according to their special idiom and genius. He traced the history of the evolution of terminology in this country and stressed the pan-Indian nature of the terminology evolved by the Commission. Particular attention was drawn to the following principles followed by the Commission in its terminological work :

(i) so far as scientific terms were concerned 'International terms' were adopted in their current English form ;

(ii) conceptual terms were generally translated and the equivalents so evolved were either based on Sanskrit or were those common to a number of Indian languages.

The Commission also made every attempt to —

(*a*) appoint a good number of the members of the Commission and the staff from non-Hindi speaking regions ;

(*b*) have all-India representation on the Commission's subject Expert Advisory Committees ;

(*c*) hold all-India seminars for finalising the terminology and to the coopt professors and experts from various regions in these seminars ;

(*d*) organise a larger number of such seminars in the non-Hindi speaking regions so that a larger number of local experts from non-Hindi areas could be conveniently coopted in these seminars; and

(*e*) adopt a regional term already prevelent for a particular concept in one or more regional languages, where no such term was available in Hindi/Sanskrit and to avoid a fresh coinage in such cases.

Participating in the discussion, Union Education Minister, Dr. Triguna Sen said that the Government of India was keen that all the Indian languages were developed as early as possible so that all types of books including books for children could be brought out in them. He emphasized that the adopting of Indian languages as media of education at the university level would require much hard work on the part of teachers.

Dr. P.D. Shukla, Joint Educational Advisor, Union Ministry of Education referred to the decision of the Government of India to provide financial support to the states towards the production of university level books in different subjects during the fourth plan. He clarified that this assistance would be available to the States on a 75%-25% basis. He also made a mention of the scheme of State Institutes of Languages and pointed out that the scheme was now in the State sector but that Central assistance to the extent of 40% was available for the purpose.

The agenda items were then taken up for discussion.

Item No. 3

Adoption/Adaptation of Terminology prepared by the C.S.T.T. in the various Indian languages—problems in specific languages and their solution.

A general discussion on the subject was held in which State representatives detailed the position in their respective states.

Shri I.J. Patel stated that in Gujarat, the Gujarat Vidyapeeth was working in the field of terminology for high school textbooks and the Gujarat University was dealing with the collegiate terminology. Some glossaries have also been brought out. He informed the Conference that the Government of Gujarat had appointed a Board which would review the work done so far and take up further work in the field of terminology. He assured the Conference that the scientific and technical terminology evolved by the Commission will be favourably considered as far as possible for adoption/adaptation in Gujarati.

Shri G.C. Malik Dy. Secretary, Education Department of West Bengal stated that the State Government has recently appointed a Committee under the Chairmanship of Dr. S.N. Bose, National Professor, for finalising scientific, technical and other terminology in Bengali. Mr. Malik agreed to furnish further report regarding the work, time-schedule and procedure of this Committee.

Sardar Tara Singh of the Department of Languages, Punjab, stated that his department has brought out more than a dozen glossaries in Punjabi using the glossaries of the Commission as a base. He said that in accordance with the genius of the Punjabi language a slightly greater percentage of words of Arabic and Persian origin has been accepted. 50 to 60% of the words in their terminology are Sanskrit based. He hoped that the terminological work in Punjabi language is likely to be finished within a year and a half. He further informed the Conference that the State Department of Languages has published 235 books so far. The university level books in Punjabi are being produced by the Punjabi University.

Shri B. Dass, D.P.I., Orissa informed the Conference that his Government has taken a decision to introduce Oriya upto pre-university level by 1970. He also referred to the decision

of his Government to establish an Institute of Oriya Language which would take up the work of terminology and book production. He said that since Oriya language was derived from Sanskrit, there would be no difficulty in accepting Sanskrit-based terminology in Oriya with marginal variations.

Dr. W.N. Pandit, Director of Languages, Maharashtra informed the Conference that his Directorate which was established in 1960 has already produced a glossary of administrative terms. He hoped that if money was found they would be able to finish the work of terminology within no time. He assured the Conference that the terminology produced by the Commission would be the basis for Marathi terminology. He further informed the Conference that there was a Board in Maharashtra in which every university of the State was represented. This Board would supervise the work of the book production, while the terminology will be supplied by the Language Directorate.

Dr. P.S.R. Apparao, Officer Incharge of the Telugu Development of the Andhra Pradesh Government stated that his Government had decided to introduce Telugu as medium of instruction upto PUC/Intermediate by July, 1969. He also assured that the terminological work of the Commission would be fully consulted and taken into account in evolving Telugu terminology. He hoped that the work of the Telugu Academy which has already been set up, will come into full swing in a month or two. The Academy will function as the State Language Institute and would be a link between the universities and the Government.

Shri B.K. Tamuli, General Secretary, Assam Science Society invited attention to the Assamiya-Shastriya-Paribhasha—a glossary prepared with assistance from the State Government.

With regard to the production of university level books in Assamese, he said that one Committee was functioning at the Gauhati university and another at Dibrugarh University with respective Vice-Chancellors as Chairman. A State Committee with the Education Minister as Chairman has also been constituted recently to coordinate the work. He thought that the Commission's glossaries would serve as a useful basis for evolving Assamese terminology.

Shri M.R. Perumal Mudaliar, Director of Tamil Development stated that the problem is most urgent in Madras since the State has already switched over to Tamil as the medium of instruction at the university stage. There are very few Tamil books available for the pre-university level. He mentioned that there is the likelihood of the Madras Government establishing a Commission for Scientific and Technical Terminology in Tamil.

He also referred to the work already done by the Tamil Academy which has produced a Tamil Encyclopaedia and evolved some 19,000 terms. The College Tamil Committee in Madras has evolved 10,000 terms and produced some 35 books. The Bureau of Tamil Publications established in 1962, has been engaged in the production of books for the colleges. This Bureau has to-date produced some 160 books. However, these books have not been selling as there was no change in the medium. The decision of the State Government to change-over to Tamil upto the B.A./B.Sc. level within the next five years makes the situation most favourable, Commenting on the question of Tamil Terminology, he drew attention to the fact that since Tamil has been the medium of education upto secondary level for a long period, the basic terms were already available. He felt that they would not like to waste time in compiling a new terminology and would take many words directly from international usage and from the terminology prepared by the Commission. He was afraid that Tamil could not have many Sanskrit terms, though the position with regard to other South Indian languages was different. He also called attention to the interest now being shown in his State on reforming the Tamil Script as it does not have symbols to denote certain sounds.

Prof. A. Chandrahasan informed the Conference that in Malaylam 60 to 70% words are in Tatsama Sanskrit form and as such there should be no difficulty in adopting/adapting Commission's terminology in Malayalam. He informed the Conference that a Language Institute is already functioning in Kerala.

Summing by the discussion on this item Shri Veda Prakasha, Deputy Educational Adviser, Ministry of Education, drew attention to the urgent need of finalising the work pertaining to terminology in the various Indian languages. Unless this work was completed soon, the progress of the programme of book production would suffer.

Item No. 4

Evolving an acceptable procedure by which adoption/adaptation of terminology could be expedited.

Shri Veda Prakasha suggested that each state should name the organisation which would undertake the work of adoption/ adaptation of terminology and indicate the time by which the work would be finished. If for this purpose, the State needed any financial assistance the Ministry would be willing to consider the matter further, after receiving concrete proposal in this behalf.

Item No. 5

Assessment of literature in various subjects already available in Indian languages and to identify the gaps so that efforts may be concentrated on removing these gaps.

The State Representatives were requested to undertake this work in consultation with various universities in their respective States. The Conference was of the view that in the interest of mobility on the part of teachers and students and that of higher research, throughout the country, it is necessary that as far as possible the terminology to be adopted in the Indian languages, particularly for science and technology should be uniform. For this purpose, the terminology evolved by the C.S.T.T. could serve as a basis for adoption/ adaptation.

The Conference ended with a vote of thanks to the Chair.

शिक्षा का राष्ट्रीय कार्यक्रम

(पृष्ठ 11 का शेष)

राष्ट्रीय एकता

राष्ट्रीय एकता तीसरा महत्वपूर्ण कार्य है। राष्ट्रीय एकता-सम्मेलन ने श्रीनगर-सम्मेलन में जून, 1968 में इसके लिए अनेक महत्वपूर्ण सिफारिशें रखी हैं। एक महत्वपूर्ण सिफारिश यह है कि प्राथमिक स्तर से स्नातकोत्तर स्तर तक की समस्त शिक्षा प्रणाली का इस प्रकार पुनर्नवीनीकरण किया जाए कि इससे छात्रों में भारतीयता, एकता और अखंडता की भावना उत्पन्न हो। भारतीय गणतन्त्र के आधारभूत सिद्धान्तों में निष्ठा जागे और राष्ट्र को अभिनव समाज गढ़ने में सहायता मिले। राष्ट्रीय एकता समिति ने एक और महत्वपूर्ण सिफारिश की है कि देश के किसी भी भाग में, किसी भी संस्था में, प्रवेश के लिए छात्र से आवास-प्रमाणपत्र की माँग नहीं की जाए। यह बहुत महत्वपूर्ण सुधार है और समस्त राज्य-सरकारों को इसे लागू कर देना चाहिए। जून, 1969 के आगामी शिक्षा-सत्र से इसे कार्यान्वित किया जा सकता है।

समिति ने क्षेत्रीय विषमता को कम करने पर बल दिया है। जहाँ तक राज्य-स्तर पर शैक्षणिक-विकास की विषमताओं का प्रश्न है, भारत सरकार ने समस्त पिछड़े राज्यों को विशेष सहायता-अनुदान देने का निश्चय किया है। व्यवहार रूप में, केन्द्रीय सहायता का 10 प्रतिशत भाग समान आधार निश्चित कर ऐसे राज्यों में बाँट दिया जाएगा जिनकी प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम होगी। इससे सारी आवश्यकता तो पूरी नहीं होगी मगर इसे शुभ आरम्भ माना जा सकता है। राज्य-सरकारों को भी जिला-स्तर पर की विषमता और शहरी और ग्राम्य क्षेत्रों तथा विभिन्न सामाजिक-समूहों की विषमता दूर करनी होगी। ऐसा समुचित कार्यक्रम चतुर्थ योजना में सम्मिलित किया जाएगा।

समिति ने यह भी सुझाव दिया है कि शिक्षकों और छात्रों के पारस्परिक विनिमय को बढ़ावा दिया जाए और ऐसी योजनाएँ बनाई जाएँ जिससे देश के एक भाग के छात्र दूसरे भाग में किसी लाभदायक कार्यक्रम में अपना अवकाश का समय बितायें। भारत-सरकार ऐसी योजनाओं में सहायता देगी, लेकिन मुख्यतः ऐसी योजनाओं को लागू करना राज्य-सरकारों और विश्वविद्यालयों के ऊपर ही निर्भर है।

कुलपति-सम्मेलन और उसकी स्थायी समिति

11-13 सितम्बर 1967 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में देश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें उच्च शिक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं की उपयोगिता के प्रश्न पर विचार किया गया और इस धारणा पर बल दिया गया कि उच्च शिक्षा तथा राष्ट्रीय संस्कृति की उन्नति के लिए सभी भारतीय भाषाओं और साहित्यों का शक्तिशाली विकास अत्यावश्यक है। यह सम्मेलन शिक्षा-माध्यम में परिवर्तन के संबंध में शिक्षा आयोग की सिफारिश से पूरी तरह सहमत था। इसने स्वीकार किया कि शिक्षा-माध्यम का सुनियोजित परिवर्तन उच्च शिक्षा के सुधार तथा हमारी अपनी भूमि में इसकी जड़ों को मजबूत बनाने की ओर बहुत बड़ा कदम होगा। इसने अनुरोध किया कि यह कार्यक्रम सुनियोजित तथा सुसंबद्ध रूप में कार्यान्वित किया जाना चाहिए।

भारत सरकार ने हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के लिए विश्वविद्यालय स्तर के पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता देने के निश्चय की उससे कुछ समय पूर्व ही घोषणा की थी। भारत सरकार ने प्रत्येक राज्य को इस कार्य के लिए 1 करोड़ रुपये की धन-राशि इस शर्त पर देना स्वीकार किया कि वह राज्य भी इस राशि में 25 प्रतिशत अंशदान अपने साधनों से करेगा।

इस प्रकार प्रत्येक राज्य के पास विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन के लिए 1 करोड़ 33 लाख रुपए की राशि हो जाएगी जिसे 5 वर्षों में खर्च किया जाना है और जिसकी सहायता से ऐसा साहित्य प्रकाशित हो जाना चाहिए जिसकी विश्वविद्यालयों के विभिन्न विषयों में तुरन्त अनिवार्य आवश्यकता है। पांचों हिन्दी राज्यों की

इस संदर्भ में विशेष स्थिति है। पांचों राज्यों को मिलाकर यह अनुदान 6 करोड़ 65 लाख रुपये के लगभग होता है।

इस उद्देश्य को मूर्त रूप देने के लिए हिन्दी भाषी राज्यों के लगभग 35 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और शिक्षा सचिवों का एक सम्मेलन 1-2 फरवरी, 1968 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इस बात पर विचार करना था कि माध्यम-परिवर्तन को शीघ्र से शीघ्र क्रियान्वित करने के लिए क्या कदम उठाये जाने चाहिए।

6.65 करोड़ रु० का उपयोग समन्वित रूप से हो सके और इन राज्यों का पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन कार्य पुनरावृत्ति और दोहरेपन के दोषों से बच सके, इसके लिए कुलपति सम्मेलन ने यह निश्चय किया कि समन्वय के लिए एक स्थायी समिति बनाई जानी चाहिए जो हिन्दी भाषी विभिन्न राज्यों में स्थित विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में हो रहे और होने वाले पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन योजनाओं में न केवल समन्वय स्थापित करे, वरन् इस कार्य को उचित दिशा प्रदान करने के लिए इन प्रदेशों तथा भारत के अन्य प्रदेशों के विद्वानों, विषय-विशेषज्ञों और इन क्षेत्रों के अनुभवी लोगों का मार्ग-दर्शन प्राप्त करे। कुलपतियों और शिक्षा सचिवों के इस सम्मेलन ने स्थायी समिति के संगठन के प्रस्ताव को तुरन्त स्वीकार कर लिया। स्थायी समिति का गठन इस प्रकार किया गया ताकि इसमें न केवल प्रत्येक हिन्दी भाषी राज्यों के विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व हो, वरन् विषय के विशेषज्ञ भी उसमें आ सकें। इस दृष्टि से स्थायी समिति में दो वर्ष की प्रथम अवधि के लिए निम्न सात कुलपति रखे गए :

(1) प्रो० ए० सी० जोशी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, अध्यक्ष, स्थायी समिति।

(2) डा० बिश्वेश्वर प्रसाद, भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।

(3) डा० आर० सी० मेहहोत्रा (प्रो० एम० वी० माथुर के स्थान पर जो पहले राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति थे) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

(4) डा० डी० पी० वर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र।

(5) प्रो० के० एल० जोशी, इन्दौर विश्वविद्यालय, इन्दौर।

(6) श्री डी० पी० सिंह, उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तर प्रदेश।

(7) डा० अब्दुल अलीम, अलीगढ़ विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

स्थायी समिति में राज्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए वहाँ के शिक्षा-सचिव पदेन नियुक्त किये गये।

भारत सरकार ने पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन के लिए स्वायत्त संस्थाएं बनाने पर जोर दिया है और इन सभी राज्यों में इस काम के लिए स्वायत्त संस्थाएं या तो बन गई हैं या बन रही हैं। इन स्वायत्त संस्थाओं के अध्यक्ष भी स्थायी समिति के सदस्य हैं। इनके अतिरिक्त शिक्षा-मंत्रालय, भारत सरकार के एक प्रतिनिधि, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष, राजभाषा विधायी आयोग के अध्यक्ष या उनके प्रतिनिधि तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रतिनिधि स्थायी समिति के सदस्य हैं। इस प्रकार समिति में कुल 21 सदस्य हैं।

कुलपति सम्मेलन ने विभिन्न विषयों में पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन के लिए 10 कार्यकारी दल उसी समय नियुक्त किये और इन सभी दलों का लगभग एक मत से यह निर्णय था कि पुस्तक-निर्माण और अनुवाद का कार्य हाथ में लेने से पहले यह जान लेना उचित है कि विभिन्न विषयों में जो साहित्य उपलब्ध है उसमें से कौन-सा ऐसा है जिससे फिलहाल काम चलाया जा सकता है, किन-किन विषयों की किन-किन शाखाओं में ऐसे कौन-कौन से क्षेत्र हैं जिनमें हिन्दी माध्यम के द्वारा पढ़ाने के लिए कोई भी साहित्य उपलब्ध नहीं है और ऐसा साहित्य अनुवाद एवं मौलिक लेखन द्वारा किस प्रकार यथासंभव उपलब्ध कराया जा सकता है। इस काम के लिए स्थायी समिति ने अपनी पहली बैठक में, जो 24-25 मई, 1968 को नई दिल्ली में हुई थी, यह निश्चय किया कि विषय

विशेषज्ञों की नामिकाएं गठित की जानी चाहिए और इस बारे में उनका मार्गदर्शन और परामर्श प्राप्त करना चाहिए। इसके फलस्वरूप स्थायी समिति की दूसरी बैठक से पहले 28-29 अक्तूबर, 1968 को पटना में एक बैठक हुई जिसमें स्थायी समिति के कुलपतियों की समिति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और शब्दावली आयोग के अध्यक्ष की सहायता से 25 विषय-नामिकाओं का गठन किया और स्थायी समिति ने 30 अक्तूबर, 1968 को पटना में हुई अपनी बैठक में उन्हें स्वीकृति प्रदान की। इन विषय-नामिकाओं को गठित करते समय यह बात ध्यान में रखी गई कि जहाँ तक सम्भव हो प्रत्येक विषय-नामिका में प्रत्येक हिन्दी प्रदेश का एक-एक उच्च कोटि का विषय-विशेषज्ञ आ जाए। यदि संभव हो तो इस विषय में उच्च कोटि के भारतीय विशेषज्ञ, भले ही वे अ-हिन्दी प्रदेश से प्राप्त हों, ले लिये जाएं। इस प्रकार प्रत्येक विषय-नामिका में 7 सदस्य रखे गये (जिन में एक अध्यक्ष भी शामिल है) इन विषय-नामिकाओं की बैठक 26 नवम्बर, 1968 से 13 जनवरी, 1969 तक नई दिल्ली में हुई और उनकी सिफारिश 'विश्वविद्यालय वाङ्मय' के इसी अंक में प्रकाशित की गई हैं। स्थायी समिति के अध्यक्ष ने यह निश्चय किया है कि विषय-नामिकाओं के अध्यक्षों की एक बैठक तुरन्त ही बुला ली जाए जिसमें विभिन्न विषयों में अनुवाद और मौलिक लेखन के लिए सिफारिश की गई पुस्तकों का एक बार फिर पुनर्विलोकन कर लिया जाए। इसके साथ ही यदि यह सूचना भी उपलब्ध हो जाए कि हिन्दी भाषी राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विभिन्न विषयों में कौन-कौन से अनुभवी लेखक और अनुवादक उपलब्ध हैं तो राज्यों के शिक्षा सचिवों, स्वायत्त संस्थाओं के अध्यक्षों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा विषय-नामिकाओं के अध्यक्षों की सहायता से अनुवाद और मौलिक लेखन के काम का भी श्री गणेश हो जाए। आशा है कि स्थायी समिति की तीसरी बैठक और कुलपति-सम्मेलन के दूसरे अधिवेशन में जो अभी हाल में जयपुर में होने जा रहा है, इस काम को भी अन्तिम रूप दिया जा सकेगा।

स्थायी समिति : प्रथम बैठक की संक्षिप्त कार्यवाही

हिन्दी में विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण के कुलपति-सम्मेलन की स्थायी समिति की पहली बैठक 24 और 25 मई, 1968 को शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली में हुई और इसकी अध्यक्षता स्थायी समिति के अध्यक्ष प्रो० ए० सी० जोशी ने की। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रो० शेर सिंह और स्थायी समिति के निम्नांकित सदस्यों ने बैठक में भाग लिया :

1. डा० ए० अलीम, कुलपति, अलीगढ़ विश्वविद्यालय।
2. डा० के० एल० जोशी, कुलपति, इन्दौर विश्वविद्यालय।
3. डा० बी० प्रसाद, कुलपति, भागलपुर विश्वविद्यालय।
4. प्रो० एम० वी० माथुर, कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय।
5. डा० डी० पी० वर्मा, कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय।
6. श्री आर० के० तलवार, शिक्षा सचिव, उत्तर प्रदेश।
7. श्री एम० आलम, शिक्षा सचिव, बिहार।
8. श्री जगदीश चन्द्र, उप सचिव, शिक्षा विभाग, हरियाणा।
9. श्री बी० पी० सेठ, उप सचिव, शिक्षा विभाग, म० प्र०।
10. श्री टी० बी मुकर्जी, सचिव, बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग, पटना।
11. श्री जी० पी० पांडे, संयुक्त सचिव, शिक्षा मंत्रालय।
12. डा० बाबूराम सक्सेना, अध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, शिक्षा मंत्रालय।
13. डा० टी० एन० हजेला, शिक्षा अधिकारी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली।

आमंत्रित किये गये विशिष्ट अतिथियों के रूप में निम्नलिखित व्यक्तियों ने भाग लिया —

1. श्री वेद प्रकाश, उप शिक्षा सलाहकार, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार।
2. डा० बालसुब्रह्मयण्म, सदस्य, वै० त० श० आयोग

3. डा० एच० एच० पवार, सहा० शिक्षा सलाहकार शिक्षा मंत्रालय ।
4. डा० ओम् प्रकाश शर्मा, प्रधान प्रकाशन अधिकारी, वै० त० श० आयोग ।
5. डा० वी० के० सोन, डीन पशु-चिकित्सा संकाय, उ० प्र० कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर ।
6. श्री राजेन्द्र वर्मा, संयुक्त निदेशक, शिक्षा-कालेज, म०प्र० ।

विषय क्रम 1 : कार्य-सूची

स्थायी समिति ने निम्नलिखित कार्य-सूची अपनाने का संकल्प किया—

1. कार्य-सूची की स्वीकृति ।
2. अध्यक्ष द्वारा पृष्ठभूमि का परिचय ।
3. राज्य शिक्षा मंत्री, भारत सरकार, प्रो० शेरसिंह का प्रारम्भिक वक्तव्य ।
4. राज्य प्रतिनिधियों की रिपोर्ट ।
5. स्थायी समिति के सचिवालय का गठन और निधि की व्यवस्था ।
6. विभिन्न कार्यकारी दलों की सिफारिशों की समीक्षा ।
7. विषय-नामिकाओं के गठन पर विचार-विनिमय ।
8. मानक ग्रन्थों के अनुवाद की बिहार की योजना पर विचार ।
9. उ०प्र० कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर का नोट ।
10. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर विचार ।

विषय क्रम 2 : अध्यक्ष द्वारा पृष्ठभूमि का परिचय

अध्यक्ष महोदय ने स्थायी समिति के सदस्यों को अब तक की पृष्ठभूमि बताते हुये कहा कि 1 व 2 फरवरी, 1968 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हुए ग्रन्थ-निर्माण संबंधी कुलपति सम्मेलन से आशाप्रद भविष्य का सहज ही अनुमान किया जा सकता है । उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में प्रो० शेरसिंह, केन्द्रीय राज्य शिक्षामंत्री के अलावा हिन्दी भाषी राज्यों के सचिवों, शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के निदेशक तथा शिक्षा मंत्रालय के अन्य अधिकारियों एवं 25 विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया था । सम्मेलन के 10 कार्यकारी दलों के निर्णयों को स्थायी समिति की रिपोर्ट में शामिल कर लिया गया है । सम्मेलन की कार्यवाही शब्दावली पत्रिका के परिशिष्ट—विशेषांक के प्रकाशन में डा० ओम प्रकाश शर्मा, प्र० प्र० अ० के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने सम्मेलन में रुचि लेने के लिए संयुक्त सचिव श्री जी० पी० पांडे और प्रो० शेरसिंह के प्रति आभार व्यक्त किया ।

अध्यक्ष ने बताया कि स्थायी समिति के सामने सबसे महत्त्वपूर्ण काम सम्मेलन के लिए प्रशासन-तंत्र स्थापित करना और उसके लिए निधि की व्यवस्था करना है ।

विषय क्रम 3 : प्रो० शेरसिंह का प्रारम्भिक वक्तव्य

प्रो० शेरसिंह ने फरवरी 1968 को हुए कुलपति सम्मेलन के कार्य पर प्रकाश डालते हुये उच्च स्तरीय पुस्तक-निर्माण के लिए तेजी से काम करने की प्रेरणा दी ।

विषय क्रम 4 : सरकारी प्रतिनिधियों के विचार

इसके पश्चात् अध्यक्ष ने राज्यों के प्रतिनिधियों से इस क्षेत्र में हुई प्रगति से अवगत कराने की प्रार्थना की ।

मध्य प्रदेश के शिक्षा विभागीय उपसचिव ने बताया कि उनके यहाँ एक पाठ्य-पुस्तक निगम स्थापित करके पुस्तक-निर्माण संबंधी प्रारंभिक काम का श्रीगणेश कर दिया गया है । उन्होंने कहा कि निधि के अभाव में इस कार्यक्रम को क्रियान्वित नहीं किया जा सकता । उन्होंने आशा व्यक्त की कि निधि की व्यवस्था केन्द्रीय सरकार द्वारा शीघ्र की जाएगी ।

शिक्षा सचिव, उत्तर प्रदेश ने कहा कि उ० प्र० सरकार विश्वविद्यालय पाठ्यपुस्तक-निर्माण ब्यूरो की स्थापना संबंधी प्रारंभिक कार्य पूरा कर चुकी है तथा निधि उपलब्ध होते ही इसका पंजीकरण करा लिया जायेगा । उन्होंने केन्द्रीय सरकार से तुरंत अनुदान देने की मांग की । शिक्षा सचिव, बिहार ने भी ऐसा ही विचार व्यक्त किया और कहा कि निधि के अभाव में इस योजना को अब तक कार्य रूप नहीं दिया जा सका है । उप शिक्षा सचिव, हरियाणा का भी यही विचार था ।

इस चर्चा के दौरान शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव

ने बताया कि भारत सरकार ने प्रत्येक राज्य को एक-एक करोड़ रुपये देने का निश्चय कर लिया है। किन्तु राज्यों से इस दिशा में कोई ठोस योजना प्राप्त न होने के कारण यह अनुदान अभी नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय का सुझाव है कि राज्य अपना काम यह मानकर प्रारम्भ कर दें कि जो कुछ खर्च आयेगा, केन्द्रीय सरकार उसे देगी।

राज्यों के शिक्षा सचिवों ने बताया कि राज्यों को यह स्थिति मान्य नहीं है।

विचार-विनिमय करने के बाद स्थायी समिति भी इस निष्कर्ष पर पहुँची कि निधि के बिना काम प्रारम्भ करना सम्भव नहीं होगा। अतः उसने निम्न संकल्प स्वीकार किया :

"स्थायी समिति को यह ज्ञात हुआ है कि हालांकि राज्य सरकारों ने हिन्दी पुस्तकों और उच्च शिक्षा के अन्य साहित्य के प्रकाशन सम्बन्धी प्रारम्भिक कदम उठाये हैं किन्तु केन्द्रीय सरकार द्वारा घोषित अनुदान प्राप्त न होने के कारण अब तक काम शुरू नहीं किया जा सका है। इसलिए समिति सिफारिश करती है कि राज्यों को प्रकाशन कार्यक्रम के लिए उपयुक्त अभिकरणों की स्थापना के हेतु तथा विश्वविद्यालयों द्वारा काम प्रारम्भ कराने के लिए समुचित कुछ अनुदान प्रदान करने के लिए उपयुक्त तदर्थ अनुदान (Adhoc grant on account) दिया जाये।"

विषय क्रम 5 : सचिवालय का गठन और निधि की व्यवस्था

यह निर्णय किया गया कि कुलपति सम्मेलन विश्वविद्यालयों और राज्य निकायों के बीच समन्वय का काम करे और इसके लिए सम्मेलन की स्थायी समिति द्वारा एक त्रैमासिक पत्रिका प्रकाशित की जाए। इस पत्रिका में विभिन्न विश्वविद्यालयों व राज्यों में हो रहे हिन्दी पुस्तक-निर्माण सम्बन्धी काम की सूचना, पुस्तक-समीक्षा, स्थायी समिति के क्रिया-कलाप, विभिन्न विषय-नामिकाओं और कुलपति-सम्मेलन की बैठकों की कार्यवाही आदि प्रकाशित हों। हिन्दी की उच्च शिक्षा की पुस्तकों के निर्माण और प्रकाशन में सहायक अन्य साधन सामग्री पर भी प्रकाश डाला जाए। इस पत्रिका के माध्यम से विषय-विशेषज्ञ अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्ध हिन्दी की पुस्तकों की समीक्षा कर सकेंगे।

यह निश्चय किया गया कि स्थायी समिति का दूसरा मुख्य कार्य विभिन्न विषयों में समीक्षा-पत्रिकाएं प्रकाशित करना भी होगा। समिति यह काम विश्वविद्यालयों के विषय-विशेषज्ञों द्वारा करायेगी। इन पत्रिकाओं का सम्पादन अवैतनिक सम्पादक करेंगे। सम्पादकों की सहायतार्थ एक सलाहकार बोर्ड बनाया जायेगा। पत्रिकाओं के संकलन, मुद्रण और अनुवाद के काम के लिए कुछ कर्मचारियों को नियुक्त किया जायेगा। जिन संदर्भ पुस्तकों के निर्माण में राज्य और उनके अन्तर्गत विश्वविद्यालय अरुचि प्रगट करेंगे, उनके निर्माण का उत्तरदायित्व भी सम्मेलन ही वहन करेगा।

विषय-क्रम 6: कार्यकारी दलों की रिपोर्टों की समीक्षा

सम्मेलन के निर्णयों को क्रियान्वित करने वाले कार्यकारी दलों की रिपोर्ट सामान्य सहमति से ज्यों की त्यों स्वीकार कर ली गई। किन्तु पुस्तक-निर्माण से पांडुलिपि-स्तर तक के कार्यकारी दल की रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया गया क्योंकि उसमें पूर्वोक्त लक्ष्यों से असहमति व्यक्त की गई थी।

लेखकों के लिए पारिश्रमिक के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। शिक्षा मन्त्रालय के संयुक्त सचिव ने सुझाव दिया कि बिहार राज्य की पुस्तक-निर्माण योजना को अन्य राज्यों के मार्गदर्शन हेतु भेजा जाये। अध्यक्ष ने कहा कि लेखकों को इस ओर प्रेरित करने के लिए उन्हें आवश्यक सुविधाएं दी जानी चाहिएं। अलीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि उस्मानिया विश्वविद्यालय में 1930 में अनुवाद के लिए दस रु० प्रति पृष्ठ निश्चित किया गया था। किन्तु फिर भी प्रोफेसरों ने स्वयं अनुवाद न करके प्राध्यापकों द्वारा आंशिक पारिश्रमिक पर अनुवाद करवाया। अतः यह प्रश्न सर्वथा विचारणीय

है। उन्होंने सुझाव दिया कि लेखकों को 15 प्रतिशत रायल्टी दी जानी चाहिये।

अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि अगले 10 वर्षों में लेखकों को आवश्यकतानुसार शैक्षणिक मान्यता, एक मुश्त भुगतान, रायल्टी तथा पुस्तक लेखन संबंधी अग्रिम सहायता आदि विविध रूप में प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए।

पांडुलिपि-पश्चीय स्तर (post mss stage) के बाद की पुस्तक-निर्माण संबंधी क्रिया-विधि के कार्य-दल की रिपोर्ट को प्रायः सभी ने स्वीकार कर लिया। यह विचार व्यक्त किया गया कि प्राइवेट प्रकाशकों का सहयोग ग्रहण किया जाए।

वै. त. श. आयोग के अध्यक्ष ने विचार व्यक्त किया कि इस काम के लिए सभी संभव प्रसाधनों का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने पुस्तकों का मूल्य कम रखने पर बल दिया और कहा कि विक्रय का काम प्रकाशक-समुदाय द्वारा अधिक अच्छी तरह किया जा सकता है।

मानविकी और सामाजिक विज्ञान के कार्यकारी दल की रिपोर्ट के बारे में समिति सामान्यतः सहमत थी और निर्णय किया गया कि कार्यकारी दलों की सिफारिशों से सभी सम्बद्ध व्यक्तियों को अवगत करा दिया जाये।

समिति ने विज्ञान तथा गणित के कार्यकारी दल की रिपोर्ट को भी स्वीकृति दे दी। रिपोर्ट के मद 14 के बारे में समिति का विचार था कि ग्रीष्मकालीन संस्थान द्वारा अध्यापकों को हिन्दी में पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए जिसकी व्यवस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा की जाये।

कृषि, इंजीनियरी और आयुर्विज्ञान के कार्यकारी दलों की रिपोर्ट के सम्बन्ध में कुछ सदस्यों द्वारा यह विचार व्यक्त किया गया कि इन विषयों को अभी हिन्दी में पढ़ाना कठिन है। अध्यक्ष महोदय ने बताया कि समिति का गठन माध्यम बदलने के लिए हिन्दी में पुस्तकों का निर्माण करने में समन्वय बनाये रखने के लिए किया गया है और इसका काम है कि 1973 तक हिन्दी में पुस्तकें उपलब्ध हो जाएँ। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ने बताया कि आयोग में एक इंजीनियरी एकक है। इंजीनियरी की पुस्तकों का अनुवाद हो रहा है और कुछ पुस्तकों का प्रकाशन भी हो चुका है।

वाणिज्य और व्यवसाय प्रबन्ध के कार्यकारी दल की रिपोर्ट ज्यों की त्यों स्वीकार कर ली गई। विधि के कार्यकारी दल की रिपोर्ट पर विचार-विनिमय के दौरान अध्यक्ष ने बताया कि विधि मंत्रालय भी विधि साहित्य को हिन्दी में तैयार करना चाहता है।

विषय क्रम 7 : विषय-नामिकाओं का गठन और उनके उत्तरदायित्व

अध्यक्ष ने कहा कि विषय-नामिकाओं के कार्य का ब्यौरा मद सं० 5 में दिया गया है। इस पर सहमति प्रकट की गई कि विषय-नामिकाओं को अन्तिम रूप स्थायी समिति के सात कुलपति की समिति वै० त० श० आयोग के अध्यक्ष की सलाह से दे।

विषय क्रम 8 : मानक ग्रन्थों के अनुवाद की बिहार सरकार की योजना

बिहार योजना का सभी ने स्वागत किया। फिर भी कुछ फेर बदल करने के सुझाव दिये गये। मौलिक लेखन पर भी बल दिया गया।

समिति के सभी सदस्यों ने वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष का यह सुझाव स्वीकार कर लिया कि आयोग द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को विश्वविद्यालयों में मान्यता दी जाए।

विषय क्रम 9 : उ० प्र० कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर का नोट

यह अनुभव किया गया कि सभी कृषि विद्यालयों को हिन्दी पुस्तक-निर्माण में सहयोग देना चाहिए।

स्थायी समिति : दूसरी बैठक की संक्षिप्त कार्यवाही

हिन्दी में विश्वविद्यालय स्तर के ग्रन्थ-निर्माण के लिए कुलपति सम्मेलन की स्थायी समिति की दूसरी बैठक 30 अक्तूबर, 1968 को न्यू लाइब्रेरी बिल्डिंग, पटना विश्वविद्यालय, पटना में स्थायी समिति के अध्यक्ष प्रो० ए० सी० जोशी की अध्यक्षता में हुई। श्री भागवत झा आजाद, राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा स्थायी समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने इसमें भाग लिया :

1. प्रो० ए० सी० जोशी —अध्यक्ष
   कुलपति,
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
2. डा० बिश्वेश्वर प्रसाद,
   कुलपति,
   भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर।
3. डा० आर० सी० मेहरोत्रा,
   कुलपति,
   राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. डा० बाबूराम सक्सेना,
   अध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली।
5. श्री आर० एन० शर्मा,
   अध्यक्ष, विधायी राजभाषा आयोग,
   विधि मंत्रालय, नई दिल्ली।
6. श्री वेद प्रकाश,
   उप-शिक्षा सलाहकार,
   शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली।
7. श्री वाई० डी० शर्मा,
   शिक्षा अधिकारी,
   विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,
   नई दिल्ली।
8. श्री एम० आलम,
   शिक्षा सचिव, बिहार।
9. श्री बी० एल० आहूजा,
   शिक्षा सचिव, हरियाणा, चंडीगढ़।
10. डा० राजेन्द्र वर्मा,
   कालेज-शिक्षा संयुक्त निदेशक,
   मध्यप्रदेश सरकार, भोपाल।
11. श्री टी० बी० मुकर्जी,
   सचिव, बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग, पटना।

निम्नलिखित विशिष्ट आमंत्रित व्यक्ति इस बैठक में उपस्थित थे—

1. डा० एस० बालसुब्रह्मण्यम्,
   सदस्य, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली
   आयोग, नई दिल्ली ।
2. डा० रामधारी सिंह 'दिनकर',
   भारत सरकार, के हिन्दी सलाहकार, गृह मंत्रालय,
   नई दिल्ली ।
3. डा० के० के० दत्त,
   कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, पटना ।
4. श्री एम० एल० कपूर,
   सहायक शिक्षा सलाहकार,
   शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली ।
5. डा० डी० एन० शर्मा,
   अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, पटना विश्वविद्यालय ।
6. डा० आर० पी० राय,
   अध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग,
   पटना विश्वविद्यालय, पटना ।
7. डा० सुरेश केशव,
   अध्यक्ष, प्राणि-विज्ञान विभाग,
   पटना विश्वविद्यालय, पटना ।
8. डा० वी० श्रीवास्तव,
   भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर ।
9. डा० जी० आचार्य,
   प्रिंसिपल, पी० डब्ल्यू० मेडीकल कालेज,
   पटना ।
10. डा० एस० एन० प्रसाद,
    प्रधान ग्रन्थ-निर्माण अधिकारी,
    वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,
    नई दिल्ली ।
11. श्री एस० के० वर्मा,
    और
12. श्री जे० सी० वर्मा,
    वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी,
    वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,
    नई दिल्ली ।
13. डा० ओमप्रकाश शर्मा,
    सचिव, स्थायी समिति,
    वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
    नई दिल्ली ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा पृष्ठभूमि का परिचय

अध्यक्ष महोदय ने, स्थायी समिति की 24 और 25 मई, 1968 को हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णयों के संदर्भ में सदस्यों का ध्यान, हिन्दी में विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तकों के निर्माण के लिए हिन्दी भाषी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की 13 जुलाई, 1968 को नई दिल्ली में हुई बैठक की ओर आकर्षित किया । इस बैठक में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में एक और दो फरवरी, 1968 को कुलपति-सम्मेलन की विभिन्न सिफ़ारिशों पर विचार किया गया । बैठक का एक निर्णय यह था कि समिति का सचिवालय दिल्ली में होना चाहिए । यह भी निर्णय लिया गया कि स्थायी समिति के सचिवालय की सेवा-व्यवस्था के लिए आवश्यक धन का प्रवन्ध केन्द्र द्वारा किया जाए । शिक्षा मंत्रालय ने यह निर्णय लिया कि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ही स्थायी समिति के सचिवालय का कार्य करे और डा० ओमप्रकाश शर्मा, प्रधान प्रकाशन अधिकारी को स्थायी समिति का सचिव नियुक्त किया गया । तदनुसार आयोग ने 3 सितम्बर, 1968 से यह कार्य आरम्भ कर दिया है ।

अध्यक्ष महोदय ने स्थायी समिति के सदस्य प्रो० एम० वी० माथुर द्वारा कुलपति सम्मेलन और स्थायी समिति के लिए की गई अमूल्य सेवाओं की चर्चा की । उन्होंने सूचना दी कि कुलपति-सम्मेलन में लिए गए इस निर्णय के अनुसार कि स्थायी समिति में हुए रिक्त स्थान अध्यक्ष महोदय द्वारा भरे जा सकते हैं, उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के वर्तमान कुलपति श्री आर० सी० मेहरोत्रा को प्रो० एम० वी० माथुर के स्थान पर नियुक्त किया है । उन्होंने श्री मेहरोत्रा का सदस्यों से परिचय कराया और स्थायी समिति के सदस्य के रूप में उनका स्वागत किया ।

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री भागवत झा आजाद का उद्घाटन-भाषण

अध्यक्ष महोदय ने श्री भागवत झा आजाद, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री, का स्वागत करते हुए कहा कि श्री आजाद पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम में अत्यधिक दिलचस्पी ले रहे हैं। उन्होंने श्री आजाद से अनुरोध किया कि वे समिति को इस बारे में अपने विचारों से अवगत करायें।

शिक्षा राज्य-मंत्री श्री भागवत झा आजाद ने अपने उद्घाटन-भाषण में इस बात पर बल दिया कि इस काम को तेजी से पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने यह इच्छा व्यक्त की कि पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम से सम्बन्धित कार्य और समन्वय कार्य शीघ्रता से पूरे किए जाएं। उन्होंने स्थायी समिति को यह आश्वासन दिया कि काम के सभी सोपानों पर धनाभाव को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। (श्री आजाद का भाषण परिशिष्ट-1 में दिया गया है)

कार्य-सूची की स्वीकृति

स्थायी समिति ने निम्न कार्य-सूची स्वीकार करने का संकल्प किया :

कार्य-सूची

1. केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री श्री भागवत झा आजाद का प्रारम्भिक वक्तव्य।
2. दूसरी बैठक की कार्य-सूची की स्वीकृति।
3. स्थायी समिति की दिनांक 24 और 25 मई, 1968 को नई दिल्ली में हुई पहली बैठक की कार्यवाही की स्वीकृति।
4. हिन्दी में विश्वविद्यालय स्तर के ग्रन्थों के निर्माण के लिए राज्य शिक्षा-मंत्रियों की, 13 जुलाई, 1968 को नई दिल्ली में हुई बैठक की कार्यवाही स्थायी समिति के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत।
5. स्थायी समिति की 24-25 मई, 1968 को हुई पहली बैठक के संकल्पों को कार्यान्वित करने की दिशा में अब तक की प्रगति की रिपोर्ट।
6. ग्रन्थ-निर्माण कार्यक्रम में हुई प्रगति के संबंध में राज्य सरकारों की रिपोर्ट।
7. कुलपति-समिति द्वारा गठित विभिन्न विषय-नामिकाओं और विषयवार शोध पत्रिकाओं के लिए अवैतनिक प्रधान सम्पादक और सम्पादकीय सलाहकार मंडल आदि स्वीकृति के लिए प्रस्तुत।
8. (क) केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्यों को अनुदान देकर पुस्तक-निर्माण योजना के संदर्भ में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अधीन, हिन्दी भाषी राज्यों में ग्रन्थ-निर्माण के लिए पूर्णकालिक एककों और अनुवाद एजेंसियों की स्थिति पर विचार।
   (ख) दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थापित ग्रन्थ-निर्माण के पूर्णकालिक एकक की विशेष समस्या पर विचार।
9. कुलपति सम्मेलन की अगली बैठक के लिए स्थान और समय निश्चित करने पर विचार।
10. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर विचार।

विषय क्रम 3 : स्थायी समिति की 24 और 25 मई, 1968 को नई दिल्ली में हुई प्रथम बैठक की कार्यवाही की पुष्टि

प्रथम बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

विषय क्रम 4 : हिन्दी में विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तकों के निर्माण के लिए राज्यों के शिक्षा-मंत्रियों की 13 जुलाई, 68 को हुई बैठक की कार्यवाही सूचनार्थ प्रस्तुत

यह संकल्प किया गया कि कार्यवाही (परिशिष्ट-2) रिकार्ड कर ली जाए। अध्यक्ष ने यह आशा व्यक्त की है कि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग को इस स्थायी समिति का सचिवालय बना दिये जाने से अनेक समस्याएं—विशेषतया स्थायी समिति के लिए स्टाफ़ भरती करने की समस्या—हल हो गई है। आयोग के विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तकों के निर्माण, अनुवाद और प्रकाशन के अनुभव का लाभ भी स्थायी समिति को उपलब्ध हो सकेगा।

विषय क्रम 5 : स्थायी समिति की प्रथम बैठक (24-25 मई, 1968) के निर्णयों को क्रियान्वित करने की दिशा में हुई प्रगति की रिपोर्ट

अध्यक्ष ने स्थायी समिति की प्रथम बैठक में लिए गये विभिन्न निर्णयों के संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट स्थायी समिति के समक्ष रखते हुए यह कहा कि शिक्षा मन्त्रालय ने पहले से ही राजस्थान और बिहार सरकार के लिए तदर्थ अनुदानों की अनुमति दे दी है। उन्होंने अन्य हिन्दी भाषी राज्यों के प्रतिनिधियों से यह अनुरोध किया कि वे अपने प्रस्तावों को शीघ्र भेजें ताकि उन्हें भी आवश्यक तदर्थ अनुदान दिए जा सकें। इस संबंध में उन्होंने चौथी पंचवर्षीय योजना में विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा-माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं में साहित्य-निर्माण के संबंध में मार्गदर्शन के लिए शिक्षा-मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत योजना की ओर संकेत किया जो केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है।

अध्यक्ष महोदय ने इस योजना की मोटे रूप से सदस्यों को जानकारी दी। स्थायी समिति ने सामान्यतया, इस योजना में दी गई सिफारिशों का अनुमोदन किया।

अध्यक्ष महोदय ने बताया कि स्थायी समिति की ओर से प्रकाशित त्रैमासिक के लिए 'विश्वविद्यालय वांङ्मय' शीर्षक सुझाया गया है। स्थायी समिति ने इसके शीर्षक तथा उद्देश्यों का भी अनुमोदन किया।

स्थायी समिति का मत था कि 'विश्वविद्यालय वाङ्मय' का प्रथम अंक जनवरी, 1969 में प्रकाशित हो जाना चाहिए और इसके लिए राज्य-सरकार और विश्व-विद्यालयों के प्रतिनिधियों से आवश्यक सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

अध्यक्ष महोदय ने बताया कि जिन संदर्भ ग्रंथों का प्रकाशन राज्य-सरकार और विश्वविद्यालय नहीं करना चाहते, उनको स्थायी समिति द्वारा प्रकाशित किया जा सकता है। यह भी निर्णय लिया गया कि चूंकि वैज्ञानिक तथातकनीकी शब्दावली आयोग को इस क्षेत्र में काफी अनुभव है और वह स्थायी समिति के सचिवालय के रूप में भी कार्य कर रहा है, इसलिए संदर्भ पुस्तकों के निर्माण, अनुवाद तथा प्रकाशन का काम स्थायी समिति के लिए आयोग द्वारा ही किया जाए।

विधि-साहित्य के निर्माण के प्रश्न पर विस्तृत चर्चा हुई। भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार डा० रामधारी सिंह दिनकर ने समिति को बताया कि छः माह पूर्व हिन्दी सलाहकार समिति ने विधि मंत्रालय को एक नोट भेजा है जिसमें उनसे विधि साहित्य के निर्माण का अनुरोध किया गया है। श्री भागवत झा आजाद ने सुझाव दिया कि विधि मंत्रालय से इस बारे में सम्पर्क स्थापित किया जाए और यदि वह इस काम को न करना चाहे तो केन्द्र के पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व-विद्यालयों और राज्य सरकारों से यह काम कराया जाए।

अध्यक्ष महोदय ने बताया कि विधि की विषय-नामिका को बनाते समय भी इस बात का ध्यान रखा गया था। उन्होंने बताया कि चूँकि विधि की विषय-नामिका के अध्यक्ष विधायी राज-भाषा आयोग के अध्यक्ष हैं, अतः उनसे विधि मंत्रालय से सम्पर्क स्थापित करने का अनुरोध किया जा सकता है। श्री राजनाथ शर्मा, अध्यक्ष, विधायी राज-भाषा आयोग ने बताया कि इस पर विषय-नामिका की पहली बैठक में विचार कर लिया जायेगा। स्थायी समिति ने इस विचार को अनुमोदित कर दिया।

स्थायी समिति ने यह भी निश्चय किया कि इस संदर्भ में विषय-नामिका के अध्यक्ष विधि की विषय-नामिका का जैसा उपयोग करना चाहें कर लें।

अध्यक्ष ने सदस्यों का ध्यान शिक्षकों के अभिविन्यास की ओर आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भी लिखा गया है। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षकों को हिन्दी में पढ़ाने हेतु सक्षम बनाने के लिए ग्रीष्मकालीन संस्थानों की व्यवस्था की जाए। शिक्षा-मंत्रालय के नीति-निर्देशक सुझावों में इस बात की सिफारिश की गई है कि अनुदान का 12 प्रतिशत अंश (15 प्रतिशत हिन्दी भाषी राज्यों के लिए) शिक्षकों के अभिविन्यास के लिए निर्दिष्ट किया जा

सकता है। अध्यक्ष महोदय ने आशा प्रगट की कि अगले ग्रीष्म से प्रत्येक विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन संस्थानों की व्यवस्था का काम शुरू किया जा सकता है।

विषय क्रम 6 : पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम की प्रगति संबंधी राज्य सरकारों का प्रतिवेदन

बिहार राज्य में पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम में हुई प्रगति के बारे में बिहार के शिक्षा सचिव श्री एम० आलम ने स्थायी समिति को बताया कि हिन्दी में पुस्तक-निर्माण के क्षेत्र में बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग ने काफी प्रगति की है। स्थायी समिति के सदस्यों को इस बारे में एक नोट पहले ही दिया जा चुका है।

इसके बाद समिति ने बिहार-योजना के अन्तर्गत मानक-ग्रंथों के अनुवाद वाली उपयोजना पर चर्चा की। चर्चा में इस बात का उल्लेख किया गया कि जहाँ तक हो सके अनुवाद का काम अध्यापकों से मानदेय/रायल्टी के आधार पर कराया जाए (इसके लिए पूर्णकालिक एककों का गठन अपवादस्वरूप ही किया जाए)। आमतौर पर विचार यह था कि अध्यापकों को पूर्णकालिक आधार पर काम देकर विश्वविद्यालयों में विभिन्न विषयों के अन्तर्गत विशेषज्ञों की सेवाओं से हाथ धोना पड़ेगा और फलस्वरूप अध्यापन-स्तर नीचे गिर जाएगा। यह भी अनुभव किया गया कि इस व्यवस्था से अतिव्ययिता बढ़ेगी।

भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डा० बिश्वेश्वर प्रसाद ने स्थायी समिति से निवेदन किया कि कम से कम बिहार में विश्वविद्यालयों को मौलिक लेखन का कार्य शुरु करने की अनुमति मिल जानी चाहिए। स्थायी समिति ने बिहार सरकार से प्रार्थना की कि वह राज्य के सभी विश्वविद्यालयों से मौलिक पुस्तकों के लिखने का कार्यक्रम आरम्भ करने के लिये आवश्यक आदेश दे दे। यह भी निश्चय हुआ कि विषय-नामिकाओं द्वारा अनुवाद-योग्य पुस्तकों का अंतिम रूप से चयन करने के बाद ही अनुवाद कार्य शुरू किया जाए।

हरियाणा सरकार के शिक्षा सचिव श्री आहूजा ने सूचित किया कि उनके राज्य में हिन्दी में पुस्तक-निर्माण के सम्बन्ध में प्रारम्भिक कार्य हाथ में ले लिया गया है। विस्तृत योजना अंतिम रूप देकर केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय को भेजी जा चुकी है ताकि तदर्थ अनुदान शीघ्र प्राप्त हो सके।

मध्य प्रदेश सरकार के कालेज-शिक्षा के संयुक्त निदेशक डाक्टर वर्मा ने स्थायी समिति को बताया कि उनके यहाँ विश्वविद्यालय-स्तरीय साहित्य के निर्माण के सम्बन्ध में काफी काम हो चुका है और सदस्यों को इस बारे में एक नोट वितरित किया जा चुका है। वै० त० श० आयोग के अध्यक्ष डा० बाबूराम सक्सेना ने संकेत किया कि उक्त नोट में उल्लिखित कार्य वह है जो शब्दावली आयोग ने मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों को दे रखा है।

डा० वर्मा ने स्थायी समिति को सूचना दी कि तदर्थ अनुदान प्राप्त करने के लिए शिक्षा-मन्त्रालय को प्रस्तुत की जाने वाली योजना को अन्तिम रूप दिया जा चुका है और वह राज्य सरकार के वित्त मन्त्रालय को स्वीकारार्थ भेजी जा चुकी है। जैसे ही वित्त मन्त्रालय इसे अनुमोदन प्रदान कर देगा, वह शिक्षा मन्त्रालय को भेज दी जाएगी।

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के कार्यवाहक कुलपति डा० आर० सी० मेहरोत्रा ने सूचना दी कि यद्यपि राजस्थान सरकार का शिक्षा विभाग इस बैठक में अपना कोई प्रतिनिधि नहीं भेज सका है, तो भी राजस्थान सरकार ने उन्हें यह सूचित करने का अधिकार दिया है कि पुस्तक-निर्माण हेतु एक स्वायत्त संस्था की स्थापना के सम्बन्ध में आवश्यक कार्य पूरा हो चुका है तथा मौलिक लेखन के लिए आवश्यक कदम उठाये जा चुके हैं।

इस बैठक में उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग का कोई प्रतिनिधि उपस्थित न हो सका। वहाँ से यह सूचना प्राप्त हुई कि राज्य सरकार ने हिन्दी में विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण के हेतु एक स्वायत्त निगम के गठन का प्रस्ताव शिक्षा-मन्त्रालय को भेज दिया है। जैसे ही भारत सरकार इस प्रस्ताव को अन्तिम मंजूरी प्रदान कर देगी, निगम की स्थापना कर दी जाएगी।

डा० आर० सी० मेहरोत्रा ने सुझाव दिया कि जो भी राज्य सरकारें पुस्तक-निर्माण का वास्तविक कार्य पहले प्रारम्भ कर दें और अनुदान का पूरा उपयोग कर लें उन्हें प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। केन्द्रीय शिक्षा राज्य-मंत्री श्री भागवत झा आज़ाद ने भारत सरकार की ओर से आश्वासन दिया कि धनाभाव के कारण कार्य रुकने नहीं दिया जाएगा।

विषय क्रम 7 : विषय-नामिकाओं के गठन और विषय-वार समीक्षा-पत्रिकाओं के अवैतनिक प्रधान सम्पादक और सम्पादकीय सलाहकार मंडलों के नाम की कार्यवाही स्वीकृति के लिए प्रस्तुत

अध्यक्ष ने सूचना दी कि स्थायी समिति के विषय-नामिकाओं के गठन के बारे में निर्णय को कार्यान्वित करने के लिए 'कुलपति-समिति' की पहली बैठक पटना विश्वविद्यालय के नवीन पुस्तकालय भवन में 28 व 29 अक्टूबर, 1968 को हुई। अध्यक्ष महोदय ने बताया कि विषय-नामिकाओं का गठन करते समय यह ध्यान रखा गया है कि इन विषय-नामिकाओं में सभी हिन्दी भाषी राज्यों का यथेष्ट प्रतिनिधित्व हो और विभिन्न विषयों में सभी शाखाओं का यथासंभव अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व हो। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह निश्चय किया गया है कि प्रत्येक नामिका में छः सदस्य तथा एक अध्यक्ष रखा जाए।

इसके पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने इस प्रयोजन के लिए गठित 'कुलपति-समिति' द्वारा सिफारिश की गई विषय-नामिकाओं की सूची स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत की। स्थायी समिति ने सभी 26 विषय-नामिकाओं का अनुमोदन किया और निर्णय लिया कि इन नामिकाओं की पहली बैठक दिल्ली में नवम्बर के तीसरे या चौथे सप्ताह में आयोजित की जाए। (स्थायी समिति द्वारा अनुमोदित विषय-नामिकाएँ इसी अंक में पृष्ठ 67 पर देखें।) यह भी निश्चय किया गया कि जहाँ भी अध्यक्षता अथवा सदस्यता स्वीकार न की जाए, वहाँ अध्यक्ष को विषय-नामिकाओं के अध्यक्ष और सदस्य नियुक्त करने का अधिकार हो।

नामिकाओं के कार्य-क्षेत्र के सँबंध में विचार-विमर्श किया गया। अनुवाद कार्य को विभिन्न राज्यों और विश्व-विद्यालयों में किस प्रकार वितरित किया जाए, इस विषय में परस्पर काफी मतभेद रहा। पूर्ण विचार-विमर्श के पश्चात यह निर्णय किया गया कि चूँकि विषय-नामिकाओं में सभी राज्यों के वरिष्ठ प्रोफ़ेसर लिए गए हैं, इसलिए यह अच्छा रहेगा कि वे अनुवाद कार्य के वितरण के बारे में भी अपने सुझाव दें। इससे दोहरे कार्य और पुनरावृत्ति से बचा जा सकेगा।

विषय-नामिकाओं का निम्नलिखित-कार्य क्षेत्र स्वीकार किया गया :

1. (क) संगत विषय के सभी विशेष क्षेत्रों में हिन्दी में उपलब्ध साहित्य की समीक्षा।
   (ख) समीक्षित पुस्तकों में से ऐसी उच्च कोटि की पुस्तकों का चयन, जो स्नातक और स्नात-कोत्तर कक्षाओं के अध्ययन के लिए उपयुक्त हों।
   (ग) समीक्षित पुस्तकों में से ऐसी पुस्तकों का चयन जो समुचित संशोधन के बाद पाठ्य-पुस्तकों के रूप में प्रयोग की जा सकती हों।
2. संगत विषय में आवश्यक साहित्य के अभाव का पता लगा कर मौलिक लेखन/अनुवाद कार्य द्वारा उसकी पूर्ति।
3. संगत विषय की ऐसी उत्तम अंग्रेजी पुस्तकों के चयन और हिन्दी अनुवाद के लिए निर्देश देना जो स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों के लिए उपयोगी हों।
4. अंग्रेजी पुस्तकों के अनुवाद कार्य को विश्व-विद्यालयों के बीच वितरण के लिए सुझाव देना।
5. इस कार्यक्रम के अधीन समय-समय पर प्रका-शित पुस्तकों की समीक्षा करना।

इसके बाद अध्यक्ष ने स्थायी समिति का ध्यान इस प्रयोजन के लिए गठित 'कुलपति-समिति' के उस निर्णय

की ओर आकर्षित किया जिसके अनुसार ये नामिकाएँ ही इन विषयों की 'समीक्षा एवं अनुसंधान पत्रिकाओं' के सम्पादकीय सलाहकार मंडल के रूप में कार्य करेंगी। स्थायी समिति ने यह भी निर्णय किया कि प्रथमतः निम्न 14 विषयों में 'समीक्षा एवं अनुसंधान पत्रिकाएं' प्रारम्भ कर दी जाएँ :

1. भौतिकी समीक्षा
2. रसायन समीक्षा
3. प्राणि-विज्ञान समीक्षा
4. वनस्पति विज्ञान समीक्षा
5. भूगोल समीक्षा
6. आयुर्विज्ञान समीक्षा
7. भू-विज्ञान समीक्षा
8. इंजीनियरी समीक्षा
9. कृषि विज्ञान समीक्षा
10. अर्थशास्त्र-समीक्षा
11. राजनीति-विज्ञान समीक्षा
12. समाज-विज्ञान समीक्षा
13. इतिहास समीक्षा
14. गणित समीक्षा

भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार डा० रामधारी सिंह दिनकर के परामर्शानुसार विचार-विमर्श के बाद पत्रिकाओं के उपर्युक्त नाम और उनके उद्देश्य स्वीकार कर लिए गए। यह भी निश्चय किया गया कि प्रत्येक पत्रिका के प्रधान सम्पादक का चुनाव विषय-नामिका ही करेंगी। स्थायी समिति का विचार था कि इन पत्रिकाओं के प्रथम अंक यथासंभव मार्च 1969 तक निकाल दिए जाएं।

विषय क्रम 8

(क) हिन्दी-भाषी राज्यों में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अधीन पुस्तक-निर्माण के पूर्ण-कालिक एककों और अनुवादकारी संस्थाओं की स्थिति पर विचार।

(ख) दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थित पुस्तक-निर्माण के पूर्ण-कालिक एकक की विशिष्ट समस्या।

उपर्युक्त विषय में विस्तृत चर्चा हुई और विभिन्न मत व्यक्त किये गए। इस प्रमुख प्रश्न पर कोई मतभेद नहीं था कि हिन्दी-भाषी राज्यों में सभी विश्वविद्यालयों के सहयोग से राज्य सरकारों के द्वारा किए जाने वाले इस पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम के संदर्भ में, जिसके लिए अधिकांश वित्तीय सहायता केन्द्र ने दी है, इन एककों (cells) और एजेन्सियों को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है; क्योंकि ये एकक (cells) अधिकतर विश्वविद्यालयों में ही स्थित हैं। लेकिन इस बात पर भी सहमति व्यक्त की गई कि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में निर्धारित जो पुस्तकें विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों के मत में उच्चकोटि की है यदि उन पर अनुवाद। मौलिक लेखन का काम पहले ही शुरू किया जा चुका है और विभिन्न चरणों में प्रगति पर है, तो उसे पूरा किया जाना चाहिए। सभी इस बारे में एक मत थे कि ग्रंथ-निर्माण के मद में जिन पर कुछ भी खर्च हो चुका है उनको पूरा करना आवश्यक है।

अनुवादकारी संस्थाओं के बारे में यह विचार व्यक्त किया गया कि राज्य सरकारें इन्हें अपने अधीन ले लें और उनसे शेष काम को पूरा कराएँ। शिक्षा-मन्त्रालय और वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्रवाई करेंगे। जहाँ तक एककों (cells) का प्रश्न है, समिति का विचार था कि इनमें काफी वेतनभोगी कर्मचारी काम करते हैं और क्योंकि पुस्तक-निर्माण के लिए अब इन सेलों को बनाए रखने में कोई औचित्य नहीं है, इनके बारे में शिक्षा-मन्त्रालय और वै० त० श० आयोग मिलकर विचार करें और कोई उपयुक्त समाधान खोजें। अन्य सेलों के बारे में लिए गए निर्णय के अनुसार ही दिल्ली सेल के प्रश्न को भी हल किया जाए।

विषय-क्रम 9 : **कुलपति-सम्मेलन की अगली बैठक का स्थान**

अध्यक्ष महोदय ने स्थायी समिति को सूचित किया कि बनारस में 1-2 फरवरी, 1968 को हुए कुलपति सम्मेलन के अधिवेशन में सम्मेलन ने निर्णय लिया था कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति का अवलोकन तथा हिन्दी में आवश्यक साहित्य के अभाव की पूर्ति के लिए उपायों के बारे

में सुझाव देने के लिए वर्ष में कम से कम सम्मेलन का एक अधिवेशन अवश्य होना चाहिए। उन्होंने आगे सूचित किया कि राजस्थान के शिक्षा मन्त्री ने सम्मेलन का अगला अधिवेशन जयपुर में आयोजित करने के लिए आमन्त्रित किया है। अतः निश्चय हुआ कि सम्मेलन का दूसरा अधिवेशन फरवरी 1969 में जयपुर में किया जाए। यह भी निश्चय हुआ कि स्थायी समिति की बैठक भी कुलपति सम्मेलन से एक दिन पूर्व जयपुर में ही की जाए। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति डा० आर० सी० मेहरोत्रा ने कुलपति सम्मेलन और स्थायी समिति की बैठकों के लिए राजस्थान सरकार के साथ विचार-विमर्श करके तारीख निश्चित करने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की।

अध्यक्ष ने इस बैठक के आयोजन और आतिथ्य आदि की सुव्यवस्था के लिए बिहार शिक्षा-विभाग, बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग और पटना विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया।

परिशिष्ट-1

विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण के समन्वय के लिए कुलपति सम्मेलन की स्थायी समिति की दूसरी बैठक में केंद्रीय शिक्षा राज्य-मंत्री श्री भागवत झा आजाद का उद्घाटन-भाषण

डा० जोशी और साथियो,

मैं शिक्षा मंत्रालय और अपनी ओर से आपका स्वागत करता हूं। हम सब डा० जोशी के आभारी हैं जो अत्यधिक व्यस्त होने के बावजूद स्थायी समिति का मार्गदर्शन कर रहे हैं। मैं बिहार सरकार को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस बैठक और हम सब लोगों के ठहरने के प्रबन्ध का भार उठाया।

इस अवसर पर मैं यह आवश्यक नहीं समझता कि विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं को अपनाने की वकालत की जाए, क्योंकि हम सभी न केवल इस कदम को उठाने की वांछनीयता पर सहमत हैं, वरन् उसको मूर्त रूप देने के लिये दृढ़ संकल्प भी हैं। हम सबकी यह हार्दिक इच्छा है कि योजनाबद्ध रूप से माध्यम-परिवर्तन कम से कम समय में सम्पन्न हो जाए। हिन्दी भाषा-भाषी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों का एक सम्मेलन 13 जुलाई, 1968 को दिल्ली में हुआ था। उसमें यह निर्णय लिया गया था कि दिल्ली में स्थित वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ही स्थायी समिति के सचिवालय के रूप में कार्य करे। इस सिफारिश पर पिछले महीने से अमल शुरू हो गया है। राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों द्वारा, स्थायी समिति के माध्यम से, जो भी निर्णय समय-समय पर लिए जाएंगे उनको क्रियान्वित करने में यह सचिवालय अपनी पूरी चेष्टा करेगा।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि स्थायी समिति ने विषय-नामिकाओं को अन्तिम रूप देने के लिए सात कुलपतियों की जो समिति नियुक्त की थी, वह भी इस अवसर पर अपनी सिफारिशें पेश करेगी। विषय-नामिकाओं का गठन पुस्तक-निर्माण की दिशा में एक आवश्यक कदम है। ये नामिकाएं उपलब्ध पुस्तकों की समीक्षा करके और विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों को ध्यान में रखते हुये यह निश्चय करेंगी कि किन ग्रन्थों का अनुवाद किया जाए और किन पर मौलिक रूप से ग्रंथ लिखवाए जाएं। विषय-नामिकाएं विश्वविद्यालयों द्वारा निर्मित पुस्तकों की समीक्षा का काम भी करेंगी। मैं चाहूंगा कि स्थायी समिति की इस बैठक के बाद ये विषय-नामिकाएं अपना काम तुरन्त आरम्भ कर दें, क्योंकि तभी विभिन्न राज्यों की पुस्तक-निर्माण योजनाओं से पुनरावृत्ति के दोष को रोककर धन और समय के अपव्यय को बचाया जा सकता है, और हिन्दी-भाषा-भाषी

क्षेत्रों में पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन के कार्यक्रम को समन्वित ढंग से चलाया जा सकता है।

इस बात से आप सहमत होंगे कि विदेशों से पुस्तकों के अनुवाद-अधिकार प्राप्त करने का काम केन्द्रीय सरकार द्वारा ही किया जाना चाहिये। इससे न केवल पुनरावृत्ति और अनावश्यक दोहरे प्रयत्नों से बचा जा सकेगा, वरन् काम में भी तेजी आएगी। जैसे ही स्थायी समिति की सिफारिशों की पृष्ठभूमि में राज्य सरकारों द्वारा इस बात का निर्णय ले लिया जाएगा कि किन-किन विषयों की कौन-कौन सी पुस्तकों का अनुवाद करना है, उनके अनुवाद-अधिकार प्राप्त करने के लिए भारत सरकार तुरन्त कार्यवाही आरम्भ करेगी। सम्भवतः आप जानते हैं कि शब्दावली आयोग के तत्वावधान में विभिन्न विषयों की लगभग 1800 पुस्तकों की अनुवाद के लिए सिफारिश की गई है। इनके अनुवाद-अधिकार प्राप्त करने के लिये औपचारिक कार्यवाही आरम्भ भी हो चुकी है। अपनी संस्तुतियां पेश करते समय विषय-नामिकाएं अनुवाद-अधिकार प्राप्ति के क्षेत्र में आयोग द्वारा किये गये कार्य को ध्यान में रख सकती हैं।

मुझे खुशी है कि हिन्दी भाषी राज्यों में विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण के कार्यक्रमों में अब प्रगति हो रही है। सभी राज्यों में या तो राज्य स्तर पर स्वायत्त संगठन बना लिये गये हैं अथवा बनाये जाने वाले हैं। राजस्थान और बिहार सरकार दोनों को पांच-पांच लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत हो चुका है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा की योजनाओं पर विचार हो रहा है। आशा है इन पर अन्तिम निर्णय शीघ्र ही ले लिया जाएगा। हां, मध्य प्रदेश की योजना अभी प्राप्त नहीं हुई है। किन्तु हमें आशा है कि यह भी शीघ्र विचारार्थ प्राप्त हो सकेगी।

शिक्षा मंत्रालय ने भारतीय भाषाओं में पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन कार्यक्रमों को मार्ग-दर्शन देने के लिये कुछ सुझाव तैयार किए हैं, जो केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार मंडल की चौंतीसवीं बैठक में अभी हाल में स्वीकृत हो चुके हैं। मैं आपका ध्यान इनमें से कुछ महत्वपूर्ण सुझावों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

पुस्तक-निर्माण का कार्यक्रम आरम्भ करने के लिये आवश्यक पारिभाषिक शब्दावली का उपलब्ध होना जरूरी है। हिन्दी को छोड़ कर अधिकांश भारतीय भाषाओं में यह शब्दावली उपलब्ध नहीं है। शब्दावली आयोग के प्रयत्नों से ऐसी शब्दावली का निर्माण हो गया है, जिसको सरलता से अन्य भारतीय भाषाओं में उनके स्वभाव और व्याकरणी विशिष्टताओं के अनुसार आवश्यक परिवर्तन करके अपनाया जा सकता है। शिक्षा मंत्रालय की इस योजना में राज्य सरकारों को यह सलाह दी गई है कि पुस्तक-निर्माण के लिए अनुदान का 3-5 प्रतिशत भाग संबंधित भाषा की शब्दावली बनाने में खर्च किया जा सकता है। यह सुझाव केवल अहिन्दी भाषी राज्यों के लिए है। जहां तक हिन्दी भाषी राज्यों का संबंध है, वे तो आयोग द्वारा निर्मित शब्दावली का सीधा उपयोग कर सकते हैं।

माध्यम-परिवर्तन में सबसे बड़ी कठिनाई शिक्षक वर्ग की है। जब तक अध्यापक वर्ग अपने को भारतीय भाषाओं में पढ़ाने में सक्षम नहीं समझेगा, तब तक माध्यम-परिवर्तन सम्भव नहीं हो सकेगा। स्थायी समिति की पहली बैठक में इस बात की सिफारिश भी की गई थी कि स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के अध्यापकों को हिन्दी माध्यम से पढ़ाने में प्रशिक्षित करने के लिए ग्रीष्मकालीन गोष्ठियों और संस्थानों का आयोजन होना चाहिये। मुझे बताया गया है कि इस संबंध में स्थायी समिति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का ध्यान आकर्षित भी किया है। शिक्षा-मन्त्रालय की उपर्युक्त योजना में भी इस बात की ओर राज्य सरकारों का ध्यान दिलाया गया है और उनको परामर्श दिया गया है कि पुस्तक-निर्माण के लिए नियत अनुदान का 10-12 प्रतिशत भाग शिक्षकों को भारतीय भाषाओं में पढ़ाने की उचित क्षमता प्रदान करवाने के लिये खर्च किया जाना चाहिये।

शिक्षा मंत्रालय ने इस योजना में राज्य सरकारों को यह भी सलाह दी है कि पुस्तक-निर्माण के काम में प्रशासन पर कम से कम खर्च होना चाहिये। विभिन्न

राज्य सरकारों के प्रस्तावों की जांच करने के बाद शिक्षा-मंत्रालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि प्रशासन-संबंधी खर्च पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम पर होने वाले कुल खर्च का 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिये। इस संबंध में हमें इस बात पर विशेष ध्यान रखना है कि अनुदान का अधिकांश भाग सीधे पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन पर खर्च होना चाहिये। खर्च होने वाली राशि का प्रत्यक्ष संबंध ग्रन्थ-निर्माण के विभिन्न चरणों से जोड़ने पर ही इस कार्यक्रम को आशातीत सफलता मिल सकती है। मेरा निवेदन है कि सभी राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों को इस सिफारिश को ध्यान में रखना चाहिये।

एक सुझाव यह है कि इन पुस्तकों का विक्रय-मूल्य कम से कम होना चाहिये और इससे कोई मुनाफा नहीं कमाया जाना चाहिये। यह इसलिये आवश्यक है कि अन्यथा साधारण स्थिति का विद्यार्थी इन पुस्तकों को नहीं खरीद सकेगा। किन्तु सबसे महत्वपूर्ण सुझाव यह है कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत तैयार की जाने वाली पुस्तकों को अनिवार्य रूप से राज्य के विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता मिलनी चाहिये, वरना इन पुस्तकों की बिक्री नहीं होगी। जहां तक हिन्दी भाषी राज्यों का प्रश्न है इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रकाशित होने वाली पुस्तकों को पांचों हिन्दी राज्यों के विश्वविद्यालयों द्वारा तो स्वीकृति और मान्यता मिलनी ही चाहिये। ऐसा होने पर प्रत्येक पुस्तक की कम से कम 10-12 हजार प्रतियों की खपत आसानी से हो सकेगी और पुस्तकों का मूल्य भी काफी कम हो जाएगा।

एक बार जब इन पुस्तकों को विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता मिल जाएगी तो इनके बेचने का काम भी काफी सरल हो जाएगा। शिक्षा-मंत्रालय की उपर्युक्त योजना में राज्य सरकारों को यह सलाह दी गई है कि जहां तक हो सके इन पुस्तकों की बिक्री की जिम्मेदारी प्रकाशन-व्यवसाय को सौंप देनी चाहिए। प्रकाशक पुस्तकों की बिक्री व्यापारिक दृष्टि से करते हैं, जो आमतौर पर स्वायत्त संस्थाएं नहीं कर सकतीं। प्रकाशक लोग बिक्री से सम्बन्धित प्रबन्ध करने की अधिक क्षमता रखते हैं और वे इस काम के लिए सभी उपलब्ध साधनों को काम में ला सकते हैं। हां, जिन राज्यों में इस कार्य को करने के लिए पहले से ही उचित और विकसित संगठन मौजूद हैं, उनका सहयोग इस काम में अवश्य ही प्राप्त किया जा सकता है।

हम सभी के सामने प्रमुख समस्या यह है कि इस काम को किस प्रकार तेजी से पूरा करें। कुलपति सम्मेलन ने वाराणसी में फरवरी, 1968 में यह निर्णय लिया था कि शिक्षा के समस्त निकायों में सभी स्तरों पर और व्यवसायी शिक्षा, जैसे इंजीनियरी, विधि और कृषि निकायों में भी डिग्री कोर्स में शिक्षा का माध्यम हिन्दी को बनाना 1973 तक तो अवश्य ही सम्भव होना चाहिये। मैं आशा करता हूं कि आप इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए पुस्तक-निर्माण का कार्य इस प्रकार समन्वित ढंग से आयोजित करेंगे कि माध्यम-परिवर्तन पुस्तकों के अभाव के कारण रुका न रहे। विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण के कार्यक्रम को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए भारत सरकार दृढ़-प्रतिज्ञ है। स्थायी समिति के महत्वपूर्ण कार्य के प्रति शिक्षा-मंत्रालय पूरी तरह जागरूक है और मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस काम के सभी सोपानों पर साधनों के अभाव को रुकावट नहीं बनने दिया जाएगा।

हिन्दी-भाषी राज्यों के शिक्षा-मन्त्रियों की 13 जुलाई, 1968 की बैठक का संक्षिप्त इतिवृत्त

हिन्दी-भाषी राज्यों के शिक्षा-मन्त्रियों की एक बैठक केन्द्रीय शिक्षा-मन्त्री डाक्टर त्रिगुण सेन की अध्यक्षता में 13 जुलाई, 1968 को नई दिल्ली में विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण और प्रकाशन के सम्बन्ध में हुई। इसमें निम्नलिखित उपस्थित थे :

1. श्री नित्यानन्द कानूनगो, राज्यपाल, बिहार।
2. प्रो० शेरसिंह, केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री।
3. श्री भागवत झा आजाद, केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री।
4. श्री एस० सी० माथुर, शिक्षा मन्त्री, राजस्थान।
5. श्री राव धीरसिंह, उप शिक्षा मन्त्री, राजस्थान।
6. श्री एच० आर० दुबे, उप शिक्षा मन्त्री, मध्य प्रदेश।
7. श्री जी० के० चन्दिरामानी, सचिव, शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार।
8. प्रो० ए० सी० जोशी, कुलपति, बनारस हिन्दू विश्व-विद्यालय।
9. श्री आर० के० तलवार, शिक्षा सचिव, उत्तर प्रदेश।
10. श्री एम० आलम, शिक्षा सचिव, बिहार।
11. श्री बी० एल० आहूजा, शिक्षा सचिव, हरियाणा।
12. श्री जे० एस० मेहता, शिक्षा सचिव, राजस्थान।
13. श्री जी० पी० पाण्डे, संयुक्त सचिव, शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार।
14. डा० बाबूराम सक्सेना, अध्यक्ष, वै० त० श० आयोग
15. उपसचिव, मध्य प्रदेश।
16. उपसचिव, उत्तर प्रदेश।
17. श्री टी० बी० मुकर्जी, सचिव, बिहार राज्य विश्व-विद्यालय आयोग, पटना।

इस बैठक का उद्घाटन करते हुए केन्द्रीय शिक्षा-मन्त्री ने बैठक में विचारणीय विषयों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा निम्न बातों पर विशेष बल दिया :

(i) चूँकि हिन्दी-भाषी राज्यों में देश की कुल जन-संख्या का एक तिहाई से अधिक भाग सम्मिलित है, अतः यह आवश्यक है कि हिन्दी में पुस्तक-निर्माण के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में फरवरी, 1968 में हुए कुलपति-सम्मेलन ने इस सम्बन्ध में पहले ही कार्य शुरू कर दिया है और तत्पश्चात् इस सम्मेलन द्वारा नियुक्त स्थायी समिति ने, जिसकी बैठक 24-25 मई, 1968 को नई दिल्ली में हुई, कुछ निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों को कार्यान्वित करने के लिए संगठित प्रयत्न और नियोजित कार्रवाई की आवश्यकता है।

(ii) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ने विश्वविद्यालय स्तर की हिन्दी में लगभग 150 और अन्य भाषाओं में भी कुछ पुस्तकें प्रकाशित की हैं। पर इन पुस्तकों का यथेष्ट प्रचलन अभी नहीं हुआ है। इन पुस्तकों का पूर्ण उपयोग होना चाहिए।

विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी इस सन्दर्भ में

अपने विचार व्यक्त किए जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:

बिहार के राज्यपाल श्री नित्यानन्द कानूनगो ने सभी हिन्दी-भाषी राज्यों में पुस्तक-निर्माण कार्य के समन्वयन के हेतु स्थायी समिति की स्थापना की आवश्यकता बताई और कहा कि ऐसा होने से कार्य के दोहरेपन और पुनरावृत्ति से बचा जा सकेगा। उन्होंने सूचना दी कि उनके राज्य में पुस्तक-निर्माण की योजना तैयार है और केन्द्र की स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति प्रोफेसर ए० सी० जोशी ने बताया कि स्थायी समिति हिन्दी में उपलब्ध विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तकों के सम्बन्ध में सूचना-केन्द्र के रूप में कार्य करेगी तथा पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाने में आवश्यक योग देगी। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से एक त्रैमासिक बुलेटिन निकालने का भी विचार है जिसमें उपलब्ध उच्च-स्तरीय हिन्दी पुस्तकों की सूचना देने एवं उनके सही मूल्यांकन करने की व्यवस्था की जाएगी।

श्री भागवत झा आजाद ने कुलपति-सम्मेलन के उस निर्णय की ओर संकेत किया जिसके अनुसार भारतीय भाषाएं 1973 तक सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम बन जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि यह परिवर्तन विद्यार्थियों और अध्यापकों की तात्विक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए हिन्दी-भाषी राज्यों के शिक्षा अधिकारियों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं विभिन्न राज्यों की पारस्परिक सद्भावना और सहमति से इस प्रकार किया जाना चाहिए कि वह सभी को स्वीकार्य हो और सर्वत्र तुरन्त लागू हो जाए। इसके लिए समन्वित प्रयत्न की आवश्यकता है।

श्री एस० सी० माथुर ने सुझाव दिया कि स्थायी समिति का सचिवालय दिल्ली में होना चाहिए ताकि समय-समय पर अध्यक्ष के परिवर्तन के साथ-साथ सचिवालय के स्थान का परिवर्तन न हो। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रकाशित पुस्तकें विश्वविद्यालयों द्वारा स्वीकृत की जानी चाहिए।

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष, डाक्टर बाबूराम सक्सेना ने प्रोफेसर एस० सी० माथुर के इस सुझाव का समर्थन किया कि स्थायी समिति का कार्यालय दिल्ली में होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि स्थायी समिति का सचिवालय यदि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग में रख दिया जाए तो बिना किसी कठिनाई के कम खर्च में इसकी शीघ्र स्थापना की जा सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि स्थायी समिति के अध्यक्ष के साथ एक अधिकारी और एक स्टेनोग्राफर की व्यवस्था करके सचिवालय और स्थायी समिति के अध्यक्ष के बीच सतत सम्पर्क कायम रखा जा सकता है।

अन्त में केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री ने सभी के विचारों को सुनने के पश्चात् कहा कि "स्थायी समिति का सचिवालय दिल्ली में रहेगा तथा उसके गठन, स्टाफ और वित्त आदि की व्यवस्था शिक्षा-मन्त्रालय करेगा।"

उन्होंने आगे निम्न महत्वपूर्ण घोषणा की :

"विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में निर्मित पुस्तकों में से सर्वोत्तम पुस्तकें चुन ली जाएंगी और उन्हें राष्ट्रीय पुस्तकों के रूप में मान्यता दी जाएगी। सर्वोत्तम पुस्तकों का अन्य सभी भारतीय भाषाओं में अनुवाद कराया जाएगा और इनके प्रकाशन के लिए केन्द्रीय सरकार वित्तीय सहायता देगी ताकि ऐसी पुस्तकों का मूल्य न्यूनतम हो और सभी भाषाओं के विद्यार्थी उनको आसानी से खरीद सकें।"

सभी ने केन्द्रीय शिक्षा-मन्त्री की इस घोषणा का स्वागत किया और इसके लिए उन्हें बधाई दी।*

---

* इस बैठक की पूरी कार्यवाही संलग्न परिशिष्ट 'ख' में देखें।

Annexure 'A'

Proceedings of the meeting of the Education Ministers (Hindi-Speaking States) for Production of University Level Books in Hindi held on 13th July, 1968 at New Delhi

THE meeting of the Education Ministers of States for production of university level books in Hindi was held at 10.00 A.M. on 13th July, 1968 at New Delhi. The Union Education Minister, Dr. Triguna Sen presided over the meeting. Others who attended the meeting were :

1. Shri Nityanand Kanungo, Governor of Bihar.
2. Prof. Sher Singh, Minister of State in the Ministry of Education.
3. Shri Bhagwat Jha Azad, Minister of State in the Ministry of Education.
4. Shri S. C. Mathur, Education Minister, Rajasthan.
5. Shri Rao Dheer Singh, Deputy Education Minister, Rajasthan.
6. Shri H. R. Dubey, Deputy Education Minister, Madhya Pradesh.
7. Shri G. K. Chandiramani, Secretary, Ministry of Education.
8. Prof. A. C. Joshi, Vice-Chancellor, Banaras Hindu University.
9. Shri R. K. Talwar, Education Secretary, Uttar Pradesh.
10. Shri M. Alam, Education Secretary, Bihar.
11. Shri B.L. Ahuja, Education Secretary, Haryana.
12. Shri J.S. Mehta, Education Secretary, Rajasthan.
13. Shri G. P. Pandey, Joint Secretary, Ministry of Education.
14. Dr. B.R. Saksena, Chairman, C.S.T.T.
15. Deputy Secretary, Madhya Pradesh.
16. Deputy Secretary, Uttar Pradesh.
17. Shri T. B. Mukerjee, Secretary, Bihar State University Commission.

2. In his opening address, the Union Education Minister, *Dr. Triguna Sen*, outlined the important issues which required consideration at the meeting. Some of the important points stressed by him were as follows :

(i) There is need for coordinated action for the production of Hindi books as five Hindi-speaking States covering more than one-third of the population were involved. The Vice-Chancellors' Conference held at Banaras Hindu University in February, 1968 has already initiated action in the matter. Subsequently, the Standing Committee appointed by this Conference which met at Delhi in May, 1968 took certain decisions. These decisions to be implemented required concerted efforts and planning.

(ii) The Commission for Scientific and Technical Terminology has produced about 150 standard books of university level in Hindi, and some books in other languages. These books were not getting the desired currency. These should be fully utilised.

3. *Prof. Sher Singh*, Minister for Education, gave observations to the meeting with regard to the steps so far taken for production of university level books in Hindi.

4. With regard to the financial assistance to be given to the State Governments for the implementation of the Scheme, Prof. Sher Singh observed that he had taken up releasing on-account grants to the State Governments. The Ministry of Finance have since agreed to release on-account grants to the State Governments, but for this the State Governments have to send their complete schemes for the approval of the Ministries of Education and Finance for the release of on-

account grants. He further observed that in regard to the Rajasthan Government, the Ministry of Finance have already agreed to the release of an on-account grant of Rs. 5 lakhs. As soon as the Schemes from the other State Governments were received, similar on-account grants could be released.

5. The Governor of Bihar observed that while the idea of a Standing Committee co-ordinating the work of book production programmes in all the Hindi-speaking States to avoid duplication and waste was good, such a Committee could be an impediment in the progress of work at the State end. In Bihar, for instance, their scheme was ready, and what they required to get the scheme going was advance grants under the scheme by the Centre. If the State Government had to await clearance from the Standing Committee of taking up particular books, this would delay matters. He further said that there would be no harm, even if in the beginning more than one book was written on the same subject, there was bound to be some duplication and waste in the beginning.

6. This idea was further discussed. It was felt that production of books would fall in two categories: (a) translation of books from foreign languages and (b) original books. In the matter of production of original books, in the present stage, each State should be free to plan and produce its books. In the matter of translation, particularly, where royalty had to be paid for copyright, there should not be more than two translations of one book. It was also viewed that the Commission for Scientific and Technical Terminology could be used for the bulk of the translation work.

7. *Prof. A. C. Joshi*, Vice-Chancellor, Banaras Hindu University, stated the idea which weighed with the Vice-Chancellors' Conference in setting up a Standing Committee for co-ordination was for speeding up of this programme and to assist the State Governments and not to impede the programme in any way. It was essential to function as a clearing house for Hindi books for higher education. He referred to the recommendations of the first meeting of the Standing Committee. One was that a quarterly bulletin would be brought out reviewing the availability of books on different subjects and pointing out the gaps. The journal would give a factual evaluation of books brought out in different subjects. This would benefit the participating States. This concept of the function of the Standing Committee was generally endorsed by the Committee.

8. *Shri Bhagwat Jha Azad*, Minister of State for Education referred to the decision of the Vice-Chancellors' Conference at Banaras Hindu University in which 1973 has been suggested as the date-line for changing over the medium of instruction in all subjects to Hindi. He said that this date-line did not fully take into account the feeling of the student community and the ideas with which they were pulsating. Giving his impression of the reaction of the student community in general not only here but in Yugoslavia and the East European countries from where he was returning, Shri Azad suggested that there should be a more realistic appraisal of the date-line by which instruction in the medium of Hindi was to be introduced and correspondingly a greater acceleration of the production programme of books in Hindi which would facilitate this change-over. He referred to the discussions on this matter at the State Education Ministers' Conference in April, 1967, wherein a period of five years had been suggested for the change-over. The Committee of Members of Parliament which met later had also endorsed this recommendation that the period of change-over should be about five years. Later, however, at the Conference of Vice-Chancellors which met in September, 1967, the decision was that the date and time of the change-over of the medium of instruction was to be left to each university. He endorsed the necessity of keeping some early date as the date-line and persuading the universities in different States, particularly in the Hindi speaking States, to effect the changeover of the medium of instruction and some sort of broad coordination in the date among all the Hindi-speaking States. The State Governments, he suggested, should also take up the matter with the Vice-Chancellors of the universities and to persuade them to move much faster in the matter.

9. *Shri S.C. Mathur*, Education Minister,

Rajasthan, gave a resume of the salient points of the scheme for production of books in Hindi as it had been developed in Rajasthan. With regard to original writings he felt that there should be full freedom to the States and there was not much need for coordination at the level of the Standing Committee. With regard to translation, particularly of books of which copyrights have to be obtained he agreed with the view expressed earlier in the meeting that there should be a greater coordination and that it was not necessary to have more than one translation of one foreign book. With regard to the membership of the coordinating body, he suggsted that, if possible, there may be a smaller executive committee of the Standing Committee so that it could meet frequently. With regard to the secretariat of the Standing Committee, he pleaded that it would be convenient to all the participating States if the Secretariat of the Standing Committee was located at Delhi and not at any other place. The Chairmanship of the Committee may change from time to time. It would, therefore, not be practicable to get the office of the Standing Committee also changing with the incumbent of the post. With regard to the financing of the Coordination Committee he pressed that it should be financed from the Centre because it would not be feasible for the participating States to make contributions towards the provision of the Secretariat of the Coordinating Committee. He further pleaded that, apart from the programme of production of books, it was equally, if not more, necessary to ensure that the books produced under the programme were adopted by the universities along with the change in the medium of instruction. Otherwise, as in the past, these books would merely accumulate and would not sell. He agreed with the view expressed by Shri Bhagwat Jha Azad that in the matter of change-over in the medium of instruction things should not be taken in a leisurely way and urgency in the atmosphere all-round should be taken into account by all concerned including the universities.

10. *Shri R. K. Talwar*, Education Secretary, U.P. agreed to the view expressed by the Education Minister, Rajasthan, that it would not be feasible for the States to contribute for the provision of finances for running the Secretariat of the Standing Committee and that the finances should be provided by the Centre.

11. *Shri Alam, Education Secretary*, Bihar, raised a point whether the Standing Committee should be called Standing Commitee of the Conference or whether it should be called the Standing Committee for co-ordination of the work relating to the programme of production of books in Hindi, in which case the complexion of the Standing Committee may change. Education Minister, Rajasthan, intervened to say that in his view the Conference of Vice-Chancellors has met and has dispersed. The Standing Committee should, therefore, be treated as a Committee of Secretaries and Vice-Chancellors for coordination of the production programme of books in Hindi.

12. *Dr. Babu Ram Saksena*, Chairman of the Commission for Scientific and Technical Terminology, agreed with the view taken that the Secretariat of the Standing Committee should be located at Delhi. With a view to economise the expenditure as also quickness in the setting up of the Secretariat, he suggested that the Secretariat of the Standing Committee could be lodged in the CSTT and that a small complement of one officer with a stenographer could be attached to the Chairman to serve as a liaison between the office at Delhi and the Chairman.

13. The Union Education Minister, *Dr. Triguna Sen*, observed that he had listened to all the points of view which had been stated with regard to the functioning of the Standing Committee for coordination and the question of provision of finances for the Secretariat of the Standing Committee. He had come to the conclusion that considering the necessity of provision of such a secretariat as also the difficulty in asking the States to make contribution in men and money for such a secretariat, the servicing of the Secretariat of the Standing Committee should be done by providing necessary finances for the purpose from the Centre. He also indicated his agreement with the view of the Education Minister, Rajasthan, that the Secretariat should be located at Delhi. As regards the organisation in which the Secretariat should be lodged and the complement of staff which is to work

personally with the Chairman of the Standing Committee, Education Minister observed that these details should be worked out by the Education Ministry.

14. Concluding the discussions, Union Education Minister said that he wanted to announce another important decision which has been taken with regard to the production of university level books in Indian languages. The decision was that the best books which are produced in the different regional languages in different disciplines will be selected. These books will be treated as national books. After a book had been so selected, translations of these books will be arranged in the other Indian languages. Subsidy will be given from the Centre for reducing the cost of this book to the States which would be translating the book in the other Indian languages. Thus the best book will be made available at comparatively cheap rates to the students in the different languages all over India. The Education Minister, Rajasthan, and the Deputy Education Minister, Madhya Pradesh, congratulated the Union Education Minister on the excellence of this idea and said that they were convinced that this would give a very strong fillip to production of books of excellence in Indian languages. The Education Minister, Rajasthan, however, wanted to know the arrangements by which selections will be made from the different books for being brought out in the Indian languages and whether the translations in Indian languages other than the one in which these books have been produced would be done centrally or at the State level. The Union Education Minister clarified that these were matters of detail which would have to be worked out later, but it was quite clear to him that the translation in the Indian languages other than the one in which the books have been originally written could not be centrally undertaken and would have to be entrusted to the State organizations which would be organising the production of university level books under the programme.

The meeting concluded with the thanks of the Union Education Minister to the participating State Education Ministers and the State representatives.

विषय-नामिकाओं के उद्देश्य और गठन

विश्वविद्यालय-स्तरीय पुस्तक-निर्माण कार्यक्रम के समन्वय के लिए कुलपति-सम्मेलन की स्थायी समिति ने 26 विषयों की विषय-नामिकाओं (विवरण आगे देखें) का निम्न प्रयोजनों के लिए गठन किया :

(1) उपलब्ध प्रकाशित साहित्य का सर्वेक्षण इस दृष्टि से करना कि विश्वविद्यालय स्तर पर फिलहाल काम चलाने के लिए कितनी पुस्तकें उपलब्ध हैं जिनको जैसे का तैसा इस्तेमाल किया जा सकता है अथवा जिन्हें संशोधित करके काम में लाया जा सकता है ।

(2) माध्यम-परिवर्तन के लिए कम से कम कितनी पुस्तकें और चाहिए जिनका अनुवाद करवाना है अथवा जिन्हें मौलिक रूप से लिखवाना है ।

(3) अनुमोदित और मौलिक रूप से लिखे जाने वाली पुस्तकों को लिखवाने के बारे में विषय-नामिकाओं के क्या सुझाव हैं ।

26 नवम्बर, 1968 से 2 फरवरी, 1969 तक विषय-नामिकाओं की बैठकें शास्त्री भवन, नई दिल्ली में हुईं । कुछ विषय नामिकाओं को काम पूरा करने के लिए दो बैठकें करनी पड़ीं । कुछ विषय-नामिकाओं ने अपने को अनेक उप-नामिकाओं में विभाजित किया । इन उप-नामिकाओं की बैठकें अभी भी चल रही हैं ।

विषय-नामिकाओं ने अनुवाद और मौलिक लेखन के लिए जिन पुस्तकों की सिफारिश की है वे विषय-नामिका की सिफारिश के साथ आगे दी जा रही हैं ।

स्थायी समिति के अध्यक्ष महोदय ने यह निर्णय लिया है कि इन सिफारिशों को सभी विश्वविद्यालयों और स्नातकोत्तर कालेज के अध्यापकों के सूचनार्थ भेजा जाए । उनसे इनके बारे में सुझाव लिये जाएं और यह भी जाना जाए कि इन पुस्तकों को अनूदित करने के लिए अथवा मौलिक रूप से लिखने के लिए उनकी अपनी शिक्षण संस्थाओं में कौन-कौन योग्यतम व्यक्ति हैं, उनकी शैक्षणिक योग्यता क्या है और अध्यापन तथा अनुवाद/मौलिक लेखन के क्षेत्र में उन्हें कितना अनुभव है । इसी दृष्टि से ये सिफारिशें सभी शिक्षकों की सेवा में भेजी जा रही हैं ।

विश्वविद्यालय-स्तरीय ग्रंथ-निर्माण/अनुवाद के लिए स्थायी समिति द्वारा गठित

विषय-नामिकाओं की क्रम-सूची

1. अर्थशास्त्र
2. आयुर्विज्ञान (नैदानिक विषय)
3. भेषज विज्ञान
4. आयुर्विज्ञान (पूर्व-नैदानिक विषय)
5. आयुर्विज्ञान (परा-नैदानिक विषय)
6. इतिहास
7. इंजीनियरी
8. कृषि विज्ञान
9. गणित
10. दर्शन
11. नृ-विज्ञान
12. पशुपालन और पशु-चिकित्सा विज्ञान
13. प्राणि-विज्ञान
14. भाषा-विज्ञान
15. भूगोल
16. भू-विज्ञान
17. भौतिकी
18. मनोविज्ञान
19. रसायन-विज्ञान
20. राजनीति-विज्ञान
21. वनस्पति-विज्ञान
22. वाणिज्य
23. विधि
24. शिक्षा
25. समाज-विज्ञान
26. समालोचना

विषय-नामिकाओं की सदस्य-सूची

1. **अर्थशास्त्र :**

अध्यक्ष :

1. प्रो० एम० वी० माथुर,
निदेशक,
एशियन इन्स्टीट्यूट आफ प्लानिंग एन्ड एडमिनिस्ट्रेशन,
इन्द्रप्रस्थ स्टेट, नई दिल्ली ।

2. प्रो० एम० डी० जोशी,
अर्थशास्त्र विभाग,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

3. प्रो० के० एन० प्रसाद,
अर्थशास्त्र विभाग,
पटना विश्वविद्यालय,
पटना ।

4. प्रो० राज कृष्ण,
अर्थशास्त्र विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर ।

5. प्रो० एन० झा,
अर्थशास्त्र विभाग,
भागलपुर विश्वविद्यालय,
भागलपुर ।

6. प्रो० आर० एन० भार्गव,
अर्थशास्त्र विभाग,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी ।

7. प्रो० विकास मिश्र,
अर्थशास्त्र विभाग,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,
कुरुक्षेत्र (हरियाणा) ।

2. आयुर्विज्ञान (नैदानिक विषय) :

अध्यक्ष : 1. डा० एस० बालसुब्रह्मण्यम,
सदस्य,
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,
वेस्ट ब्लाक-7,
रामकृष्णपुरम,
नई दिल्ली-22 ।

2. डा० जी० डी० सिंहल,
न्यू एफ/1, हैदराबाद कालोनी,
वाराणसी ।

3. डा० एस० एन० उपाध्याय,
मेडीकल कालिज, पटना ।

4. डा० एल० एस० एन० प्रसाद,
मेडीकल कालिज, पटना

5. डा० एम० पी० मिश्र,
मेडीकल कालिज, जबलपुर ।

6. डा० एल० एम० सिंघवी,
एस० एम० एस० मेडीकल कालिज,
जयपुर ।

7. डा० के० एन० माथुर
मेडीकल कालिज, कानपुर ।

3. **भेषज-विज्ञान :**

अध्यक्ष : 1. श्री एम० एल० श्रोफ,
अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, भेषज-विज्ञान
78, डा० सुन्दरी मोहन एवेन्यू,
कलकत्ता ।

2. डा० जी० पी० श्रीवास्तव,
फार्मेस्यूटिक्स
विभाग,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी ।

3. डा० एस० एन० शर्मा,
सागर विश्वविद्यालय, सागर।

4. डा० सी० एस० शाह,
एल० एम० कालिज आफ फार्मेसी,
नवरंगपुरा, अहमदाबाद-9।

5. डा० बी० एम० मित्तल,
बिरला कालिज,
पिलानी (राजस्थान)।

4. आयुर्विज्ञान (पूर्व-नैदानिक विषय) :

अध्यक्ष : 1. डा० धर्मनारायण,
लखनऊ मेडीकल कालिज,
लखनऊ।

2. डा० इन्द्रजीत दीवान,
मेडीकल कालिज, रोहतक (हरियाणा)

3. डा० बी० पी० सिन्हा,
मौलाना आजाद मेडीकल कालिज,
नई दिल्ली-1।

4. डा० ए० सरन,
पी० डब्ल्यू० मेडीकल कालिज, पटना।

5. डा० चतुर्वेदी,
जयपुर मेडीकल कालिज,
जयपुर।

6. डा० एन० पी० बनवारी,
अतिरिक्त निदेशक,
स्वास्थ्य सेवा
(मेडीकल एडमिनिस्ट्रेशन)
मध्य प्रदेश, भोपाल।

7. डा० नाग चौधरी,
मेडीकल कालिज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी ।

5. आयुर्विज्ञान (परा-नैदानिक विषय) :

अध्यक्ष : 1. डा० पी० एन० वाही,
कुलपति,
आगरा विश्वविद्यालय,
आगरा ।

2. डा० एन० एल० मोदी,
मेडीकल कालिज, पटना ।

3. डा० के० पी० भार्गव,
मेडीकल कालिज, लखनऊ ।

4. डा० बी० एन० शर्मा,
जयपुर मेडीकल कालिज, जयपुर ।

5. डा० आई० एम० गुप्ता,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी ।

6. डा० जे० बी० श्रीवास्तव,
अतिरिक्त महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवा,
निर्माण भवन, नई दिल्ली ।

7. डा० एम० सी० मित्तल,
एम० जी० एम० मेडीकल कालिज,
इन्दौर (मध्य प्रदेश) ।

6. इतिहास :

अध्यक्ष : 1. प्रो० के० के० दत्त,
कुलपति,
पटना विश्वविद्यालय,
पटना ।

2. डा० बिश्वेश्वर प्रसाद,
कुलपति,
भागलपुर विश्वविद्यालय,
भागलपुर ।

3. डा० आर० बी० पांडे,
कुलपति,
जबलपुर विश्वविद्यालय,
जबलपुर ।

4. डा० नुरुल हसन,
इतिहास विभाग,
अलीगढ़ विश्वविद्यालय,
अलीगढ़ ।

5. डा० सतीशचन्द्र
इतिहास विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर ।

6. डा० आर० एस० शर्मा,
इतिहास विभाग,
पटना विश्वविद्यालय, पटना ।

7. डा० बुध प्रकाश,
इतिहास विभाग,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ।

7. इंजीनियरी :

अध्यक्ष : 1. श्री एम० आर० चोपड़ा,
कुलपति,
रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की ।

2. डा० स्वामी शरण,
प्रिंसिपल,
रीजनल इंजीनियरी कालिज,
कुरुक्षेत्र (हरियाणा) ।

3. डा० गोपाल त्रिपाठी,
निदेशक, इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नालॉजी,
वाराणसी ।

4. डा० जगदीश लाल,
इंजीनियरी कालिज,
इलाहाबाद ।

5. डा० डी० एन० प्रसाद,
निदेशक,
खनिज अनुसंधान संस्थान,
धनबाद ।

6. डा० अनन्तरमन,
इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नालॉजी,
वाराणसी ।

7. श्री एस० एस० बनर्जी,
इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नालॉजी
वाराणसी-5 ।

8. श्री एस० आर० बीडकर
डायरेक्टर ऑफ
टेक्नीकल एजुकेशन, एम० पी०
भोपाल ।

9. प्रो० आर० एम० अडवानी,
मालवीय रीजनल इंजीनियरी कालिज,
जयपुर ।

10. प्रो० एस० प्रसाद,
बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ
टेक्नालॉजी, सिन्द्री, बिहार ।

8. कृषि विज्ञान :

अध्यक्ष :

1. डा० डी० पी० सिंह,
कुलपति ।
उ० प्र० कृषि विश्वविद्यालय,
पंतनगर, उ० प्र० ।

2. डा० आर० के० गुप्ता,
डीन, कृषि संकाय,
जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,
जबलपुर ।

3. डा० आर० एम० सिंह,
एसोसिएट डीन,
कालेज ऑफ एग्रीकल्चर,
जोबनेर, राजस्थान ।

4. डा० ओ० पी० गौतम,
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली ।

5. प्रो० आर० एस० चौधरी,
प्रोफेसर, कृषि,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी ।

6. डा० चन्द्रकांत ठाकुर,
प्रधानाचार्य,
बिहार कृषि कालिज,
सबौर, भागलपुर ।

9. गणित :

अध्यक्ष : 1. डा० आर० एस० मिश्र,
प्रोफेसर, गणित,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी-5 ।

2. डा० आर एस० वर्मा,
प्रोफेसर, गणित,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली ।

3. डा० डी० एन० मिश्र,
प्रोफेसर, गणित,
सागर विश्वविद्यालय,
सागर ।

4. डा० एस० डी० चोपड़ा,
प्रोफेसर, गणित,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,
कुरुक्षेत्र ।

5. प्रो० जे० एन० कपूर,
गणित विभाग,
इंडियन इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नालॉजी,
कानपुर ।

10. **दर्शन** :

अध्यक्ष :

1. प्रो० एच० एम० झा,
   दर्शन विभाग,
   पटना विश्वविद्यालय,
   पटना।
2. डा० बी० एल० आत्रेय,
   प्रोफेसर, दर्शन विभाग,
   आत्रेय निवास,
   पो०-बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
   वाराणसी-5।
3. डा० एन० के० देवराज,
   प्रोफेसर, दर्शन विभाग,
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
   वाराणसी।
4. डा० ए० के० सिन्हा,
   प्रोफेसर, दर्शन विभाग,
   कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,
   कुरुक्षेत्र।
5. डा० सी० डी० शर्मा,
   प्रोफेसर, दर्शन विभाग,
   जबलपुर विश्वविद्यालय,
   जबलपुर।
6. डा० याकूब मसीह,
   प्रोफेसर, दर्शन विभाग,
   स्नातकोत्तर विभाग,
   मगध विश्वविद्यालय,
   गया (बिहार)।
7. डा० दयाकृष्ण,
   दर्शन विभाग,
   राजस्थान विश्वविद्यालय,
   जयपुर।

11. **नृ-विज्ञान** :

अध्यक्ष :

1. प्रो० डा० एस० सी० दूबे,
   नृविज्ञान विभाग,
   सागर विश्वविद्यालय,
   सागर।

2. प्रो० एल० पी० विद्यार्थी,
   राँची विश्वविद्यालय, राँची ।
3. प्रो० डा० के० एस० माथुर,
   नृ-विज्ञान विभागाध्यक्ष,
   लखनऊ विश्वविद्यालय,
   लखनऊ ।
4. डा० सच्चिदानन्द,
   नृ-विज्ञान प्रोफेसर,
   ए० एन० एस० इन्स्टीट्यूट
   ऑफ सोशल स्टडीज़,
   पटना ।

5-7. अध्यक्ष द्वारा नामित किये जाने हैं ।

12. **पशुपालन और पशुचिकित्सा विज्ञान** : इस नामिका का गठन अभी होना है ।

13. **प्राणि-विज्ञान** :

अध्यक्ष :

1. डा० एम० एल० रूनवाल,
   कुलपति,
   जोधपुर विश्वविद्यालय,
   जोधपुर ।
2. डा० सुरेश केशव,
   प्रोफेसर, प्राणि-विज्ञान,
   पटना विश्वविद्यालय, पटना ।
3. डा० एस० एम० आलम,
   प्रोफेसर, प्राणि विज्ञान,
   अलीगढ़ विश्वविद्यालय,
   अलीगढ़ ।
4. डा० एच० एस० चौधरी,
   प्रोफेसर, प्राणिविज्ञान,
   गोरखपुर विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर ।
5. डा० थापलियाल,
   रीडर, प्राणि-विज्ञान,
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
   वाराणसी ।

6. डा० एच० स्वरूप,
प्रोफेसर, प्राणिविज्ञान,
विक्रम विश्वविद्यालय,
उज्जैन, म० प्र०।

7. डा० पी० एन० श्रीवास्तव,
प्रोफेसर, प्राणि-विज्ञान,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

14. भाषा-विज्ञान :

अध्यक्ष :

1. डा० बी० आर० सक्सेना,
अध्यक्ष,
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,
वेस्ट ब्लाक—7, आर० के० पुरम,
नई दिल्ली-22।

2. डा० यू० एन० तिवारी,
भाषा-विज्ञान विभाग,
जबलपुर विश्वविद्यालय,
जबलपुर।

3. डा० राम नाथ सहाय,
के० एम० इन्स्टीट्यूट आफ
हिन्दी स्टडीज़ एंड लिंगुस्टिक्स,
आगरा (उ० प्र०)।

4. डा० एस० एम० कत्रे,
निदेशक,
सेंटर ऑफ एडवांस्ड लिंगुस्टिक्स,
दक्कन कालेज,
पूना।

5. डा० वीरेन्द्र श्रीवास्तव,
भाषा-विज्ञान विभाग,
भागलपुर विश्वविद्यालय,
भागलपुर।

6. प्रो० जी० जे० सोमयाजी,
प्रधान अनुसंधान अधिकारी (भाषा),
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग,
वेस्ट ब्लाक—7, आर० के० पुरम,
नई दिल्ली-22।

7. डा० धीरेन्द्र वर्मा,
13, बन्द रोड,
इलाहाबाद।

15. भूगोल :

अध्यक्ष :

1. डा० आर० एल० सिंह,
प्रोफेसर, भूगोल,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी।

2. डा० पी० दयाल,
प्रोफेसर, भूगोल,
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

3. डा० वी० सी० मिश्र,
प्रोफेसर, भूगोल,
सागर विश्वविद्यालय,
सागर।

4. डा० ए० के० तिवारी,
प्रोफेसर, भूगोल,
जोधपुर विश्वविद्यालय,
जोधपुर।

5. डा० ई० अहमद,
प्रोफेसर, भूगोल,
राँची विश्वविद्यालय,
राँची।

6. डा० मुहम्मद शफी,
प्रोफेसर, भूगोल,
अलीगढ़ विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

16. भौतिकी :

अध्यक्ष :

1. डा० ए० आर० वर्मा,
निदेशक,
राष्ट्रीय भौतिक
अनुसन्धानशाला,
दिल्ली।

2. डा० नन्दलाल सिंह,
निदेशक,
हिन्दी प्रकाशन समिति,
भौतिकी कक्ष,
वाराणसी ।

3. डा० आर० एन० राय,
रीडर, भौतिकी विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ।

4. डा० बी० एन० सिंह,
प्रोफेसर, भौतिकी,
पटना विश्वविद्यालय,
पटना ।

5. डा० एस० पी० सिन्हा,
प्रोफेसर, भौतिकी,
भागलपुर विश्वविद्यालय,
भागलपुर ।

6. डा० कृष्ण जी,
प्रोफेसर, भौतिकी,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
इलाहाबाद ।

17. **भू-विज्ञान :**

अध्यक्ष : 1. डा० जी० झिंगरन,
प्रोफेसर, भू-विज्ञान,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली ।

2. डा० आर० सी० मिश्र,
प्रोफेसर, भू-विज्ञान,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ ।

3. डा० आर० सी० सिन्हा,
प्रोफेसर, भू-विज्ञान,
पटना विश्वविद्यालय,
पटना ।

4. प्रो० बी० एस० तिवारी,
भू-विज्ञान विभाग,
उदयपुर विश्वविद्यालय, उदयपुर ।

5. डा० हरि नारायण,
निदेशक,
एन० जी० आर० आई०,
हैदराबाद ।

6. डा० एस० सी० चटर्जी,
प्रोफेसर, भू-विज्ञान,
विक्रम विश्वविद्यालय,
उज्जैन ।

7. प्रो० एस० के० अग्रवाल,
भू-विज्ञान विभाग,
बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी-5 ।

18. मनोविज्ञान :

अध्यक्ष :

1. डा० डी० सिन्हा,
प्रोफेसर, मनोविज्ञान,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
इलाहाबाद ।

2. डा० एच० एस० अस्थाना,
प्रोफेसर, मनोविज्ञान,
सागर विश्वविद्यालय,
सागर ।

3. डा० राज नारायण,
प्रोफेसर, मनोविज्ञान,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ ।

4. डा० एच० सी० गांगुली,
प्रोफेसर, मनोविज्ञान,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली ।

5. डा० सच्चिदानन्द सिन्हा,
प्रोफेसर, मनोविज्ञान,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर ।

6. डा० एम० एम० सिन्हा,
प्रोफेसर, मनोविज्ञान,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी ।

7. डा० एम० एम० मोहसीन,
प्रोफेसर, मनोविज्ञान,
पटना विश्वविद्यालय,
पटना।

19. रसायन-विज्ञान:

अध्यक्ष :

1. डा० सत्य प्रकाश,
10, बेली एवेन्यू,
इलाहाबाद ।

2. डा० आर० सी० मेहरोत्रा,
कुलपति,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर ।

3. डा० एस० एस० निगम,
प्रोफेसर, रसायन,
सागर विश्वविद्यालय,
